भोपाल

मंगलवार, 29 जुलाई 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष-05

वर्ष : 12, अंक : 119

पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **


**मौसम**

अधि. 25

न्यून. 23


haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







जलमग्न नीमच का हाईवे

भोपाल-इंदौर समेत 25 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश कल से कम हो जाएगी रफ्तार

# राजगढ़ में बाढ़ जैसे हालात, नीमच-कोटा हाईवे बंद, शिवपुरी में सड़क पर मगरमच्छ

## प्रदेश में अब तक सामान्य औसत से 54 प्रतिशत अधिक बारिश, कुल 645.2 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मूसलाधार तो कई जिलों में रिमझिम बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के 25 जिलों में पानी गिरा। राजधानी भोपाल, इंदौर और उज्जैन में सोमवार सुबह से ही रुक-रुककर कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश हो रही है। लगातार बारिश से नर्मदा समेत प्रदेश की प्रमुख नदियां उफान पर हैं। राजगढ़ जिले में भी तेज बारिश का दौर जारी है। जिले के खिलचीपुर और ब्यावरा ▶▶ शेष पेज 6 पर

**भोपाल, गुना रायसेन में सबसे अधिक बारिश**

**भोपाल में 8 घंटे में 27.1 मिमी हुई बारिश**



बैतूल में बैलगाड़ी का सहारा

**प्रसव पीड़ा होने पर बैलगाड़ी से महिला को नदी पार कराई**

*बैतूल के चिचोली ब्लॉक के बोड़ रैयत गांव में एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हुई। गांव के पास बहने वाली भाजी नदी बाढ़ से लबालब थी, लेकिन वहां पुल नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर महिला को बैलगाड़ी में बैठाया और नदी पार कराई।*

**सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे के बीच सर्वाधिक बारिश**

प्रदेश के मध्य और पश्चिमी हिस्से में सक्रिय सिस्टम से सोमवार को सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे के बीच सर्वाधिक बारिश भोपाल, गुना और रायसेन में 28-28 मिमी बारिश हुई है। नर्मदापुरम में 26 मिमी रही। शेष प्रदेश में सामान्य बौछारें पड़ीं। भोपाल में 24 घंटे में 27.1 मिमी बारिश हुई, जबकि सोमवार को सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे तक 28 मिमी बारिश दर्ज हुई है। यहां एक जून से अब कुल 534.5 मिमी बारिश हुई। यह सामान्य से 48.2 मिमी अधिक है। प्रदेश में औसत से 54 प्रतिशत अधिक बारिश। पूर्वी ▶▶ शेष पेज 6 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली

आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### मप्र हाईकोर्ट के लिए 11 जजों की अनुशंसा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम द्वारा मप्र हाईकोर्ट के लिए 11 जजों के नामों की अनुशंसा 2 जुलाई को की थी। इस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आदेश के बाद नोटिफिकेशन जारी किया गया है। सीजेआई ने कहा था कि इन मामलों में तीन माह में निर्णय होना चाहिए। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

### अंजना ने की यूरोप की सबसे ऊंची चोटी फतह



**मैहर।** जिले के छोटे से गांव बेंदुरा कला की बेटी अंजना सिंह ने देश का नाम रोशन किया है। अंजना ने यूरोपीय महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस (5,642 मीटर/18,510 फीट) पर रविवार की सुबह 6 बजे सफलतापूर्वक चढ़ाई कर भारत का तिरंगा फहराया।

### वसुंधरा को दिल्ली बुलाया, अटकलें तेज



**नई दिल्ली।** राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया दिल्ली पहुंची। सूत्रों के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी से उन्होंने संसद भवन में करीब 20 मिनट चर्चा की। गृहमंत्री अमित शाह से मिलीं। वहीं राज्य के सीएम भजनलाल शर्मा पहले से दिल्ली में हैं इन मुलाकातों को उपराष्ट्रपति पद, भाजपा अध्यक्ष या कैबिनेट मंत्री पद से जोड़कर देखा जा रहा है।

## लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर 16 घंटे की चर्चा की शुरुआत, रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा- हमने सुदर्शन चक्र उठा लिया है, लेकिन हमारा मूल संस्कार बुद्ध का, युद्ध का नहीं

# लड़ाई हमेशा बराबरी वालों से, शेर कभी मेंढक पर हमला नहीं करता

◆ राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि परीक्षा में परिणाम मायने रखता है, न कि यह कि छात्र की पेंसिल टूटी थी या नहीं? उन्होंने दोहराया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' एक सफल और निर्णायक अभियान था, और विपक्ष को उसमें सिर्फ नकारात्मकता नहीं तलाशनी चाहिए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे की चर्चा की शुरुआत हुई। सरकार की तरफ से पहले वक्ता के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की सेना ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने में पूरी सफलता पाई है। भारतीय सेना को किसी भी तरह की सैन्य क्षति नहीं हुई है। राजनाथ सिंह ने विपक्षी दलों को भी आड़े हाथों लिया।

उन्होंने सभी सवालों के जवाब दिए और कहा कि संसद को एक सुर में देश की सेना के पराक्रम को सलाम करना चाहिए। राजनाथ सिंह ने पड़ोसी देश के साथ-साथ पूरी दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया और कहा कि लड़ाई हमेशा बराबरी वालों से की जाती है, शेर कभी मेंढक पर हमला नहीं करता, पाकिस्तान से मुकाबला कर भारत लेवल खराब नहीं करेगा। उन्होंने कहा, आतंकवाद को समर्थन देने वालों को यह स्पष्ट संदेश चला गया है कि भारत अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने विपक्षी दलों से आह्वान किया कि आइए, हम सभी ▶▶ शेष पेज 6 पर

**राजनाथ ने विपक्ष से कहा-हम सभी दलगत भेदभाव से ऊपर उठकर 'संगच्छध्वं संवदध्वं' के मंत्र से प्रेरणा लेकर एक साथ खड़े हों**



**सिंह का विपक्ष पर प्रहार**

**हमारे कितने विमान गिरे पूछा, दुश्मन के कितने गिराए यह कभी नहीं पूछा?**

राजनाथ सिंह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा यह सवाल किया कि हमारे कितने विमान पाकिस्तान ने मार गिराए, लेकिन कभी यह नहीं पूछा कि भारत ने दुश्मन के कितने विमान गिराए। राजनाथ सिंह ने कहा कि विपक्ष को सवाल जरूर पूछना चाहिए, लेकिन सवाल राष्ट्रहित ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### कांग्रेस के गौरव गोगोई का सरकार से तीखा सवाल

### आतंकी पहलगाम में कैसे आए? रक्षा मंत्री यह तो नहीं बता पाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के गौरव गोगोई ने लोकसभा में कहा कि राजनाथ सिंह ने बहुत सारी जानकारी दी, लेकिन रक्षा मंत्री के रूप में यह नहीं बताया कि आतंकवादी पहलगाम में कैसे आए। राष्ट्रहित में ये सवाल पूछना हमारा कर्तव्य है। देश जानना चाहता है कि पहलगाम हमले को 100 दिन बीत चुके हैं, लेकिन यह सरकार आतंकवादियों को न्याय के कठघरे में नहीं ला पाई है। आज आपके पास ड्रोन, पेगासस, सैटेलाइट, ▶▶ शेष पेज 6 पर

देश जानना चाहता है कि पहलगाम हमले को 100 दिन बीत चुके हैं, लेकिन यह सरकार आतंकवादियों को न्याय के कठघरे में नहीं ला पाई है।



**अचानक 10 मई को हमें पता चला कि युद्धविराम हो गया है, क्यों?**

गोगोई ने कहा कि पूरा देश और विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन कर रहे थे। अचानक 10 मई को हमें पता चला कि युद्धविराम हो गया है, क्यों? हम प्रधानमंत्री मोदी से जानना चाहते थे कि अगर पाकिस्तान ▶▶ शेष पेज 6 पर

तीसरे सोमवार को निकली महाकाल की सवारी

## श्री चंद्रमौलेश्वर के साथ शिव व तांडव स्वरूप में दर्शन देने निकले महाकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

▪ राम घाट पर पूजन, करीब 3 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में दोपहर एक बजे तक 3 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। विनायक चतुर्थी होने के कारण भगवान महाकाल का गणेश स्वरूप में श्रृंगार किया गया है। तीसरी सवारी में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर



पालकी में विराजित हुए, जबकि भगवान श्री मनमहेश को हाथी पर और श्री शिव-तांडव की प्रतिमा को गरूड़ रथ पर विराजित किया गया। सवारी शिप्रा घाट पर पहुंची। यहां भगवान का पूजन किया गया। इसके बाद सवारी ▶▶ शेष पेज 6 पर

*एक दिन में करीबन 10 लाख श्रद्धालुओं के दर्शन करने की संभावना*





## रात 12 बजे खुल गए महाकाल के तीसरी मंजिल पर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के कपाट

▪ साल भर में 24 घंटे के लिए खुलते हैं ये कपाट

**उज्जैन।** उज्जैन जिले का नागचंद्रेश्वर मंदिर है, जो कि साल में बस एक बार श्रावण शुक्ल पंचमी यानी नागपंचमी के दिन खुलता है। वो भी साल भर में केवल और केवल 24 घंटे के लिए। यह महाकाल मंदिर की तीसरी मंजिल पर स्थित है। श्री महाकाल मंदिर के गर्भगृह के ऊपर ओंकरेश्वर मंदिर और उसके भी ऊपर श्री नागचंद्रेश्वर का मंदिर मौजूद है, जहां दर्शन करने से दोषों से मुक्ति मिलती है। नागचंद्रेश्वर के पट 28-29 जुलाई को रात 12 बजे 24 घंटे के लिए खोल दिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

बंगले से निकलते समय हादसा

### झाबुआ कलेक्टर की गाड़ी को डंपर ने मार दी टक्कर



▪ डिवाइडर पर चढ़ी कार, मौजूद थीं नेहा मीणा

**झाबुआ।** झाबुआ में तेज रफ्तार डंपर ने कलेक्टर की कार को टक्कर मार दी। हादसे के समय कलेक्टर नेहा मीणा कार में मौजूद थीं। हालांकि, उन्हें कोई चोट नहीं आई। डंपर कल्याणपुरा से राणापुर की ओर जा रहा था। डंपर चालक राम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना सोमवार सुबह 10 बजे की है। कलेक्टर की गाड़ी बंगले से बाहर निकल रही थी। डंपर की टक्कर से वाहन को ▶▶ शेष पेज 6 पर

जस्टिस वर्मा से सुप्रीम कोर्ट ने पूछा

### *इन-हाउस कमेटी के सामने क्यों पेश हुए?*



▪ क्या आप वहां से अनुकूल आदेश की उम्मीद कर रहे थे?

**नई दिल्ली।** कैश कांड में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा की दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की। न्यायाधीश वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट की इन-हाउस कमेटी की उस रिपोर्ट को चुनौती दी है जिसमें उन्हें दोषी ठहराया गया है। कमेटी की जांच के दायरे, प्रक्रिया और तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा भेजी गई महाभियोग की सिफारिश को भी उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। ▶▶ शेष पेज 6 पर

संत प्रेमानंद का बयान हुआ वायरल

### अब तो 100 में से दो-चार लड़कियां ही पवित्र आ रहीं



▪ अनिरुद्धाचार्य की तरह ये क्या बोल गए?

**मथुरा।** भागवताचार्य अनिरुद्धाचार्य द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए बयान को लेकर विवाद शांत नहीं हुआ कि संत प्रेमानंद के बयान ने नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। यहां तक कि महिला आयोग ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया। अब संत प्रेमानंद महाराज का बयान सुर्खियों में है। उन्होंने भी अनिरुद्धाचार्य से मिलता जुलता बयान दिया। उन्होंने कहा कि 100 में से 2-4 लड़कियां ही पवित्र आ रही हैं। आज कल ▶▶ शेष पेज 6 पर

**ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण और जातिगत जनगणना का मुद्दा**

सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित

## विस परिसर में कांग्रेस का तख्तियां और 'गिरगिट' को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन ही नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने और जातिगत जनगणना में पारदर्शिता को लेकर विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया।

इस दौरान विपक्ष ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायक



प्रतीकात्मक रूप से गिरगिट के खिलौने और हाथों में ओबीसी के स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर पहुंचे। सिंघार ने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट जवाब मांगता है, तब सरकार चुप्पी ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

**दिवंगत नेताओं के निधन पर दुख जताया**

पहले दिन निधन के उल्लेख के बाद विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह, विधायक भंवर सिंह शेखावत व शैलेंद्र जैन ने दिवंगत नेताओं के निधन पर दुख जताते हुए संवेदना व्यक्त की।

**महिला शतरंजः यह खिताब जीतने वाली वे पहली भारतीय**

## हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर दिव्या बनीं फिडे महिला विश्व कप चैंपियन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

▪ दिव्या ने काले मोहरों पर एक शानदार जीत दर्ज की

महिला शतरंज विश्व कप के फाइनल मुकाबले में दिव्या देशमुख ने ग्रैंडमास्टर और हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। वह फिडे महिला शतरंज विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। कोनेरू हम्पी के पास वापसी का एक छोटा सा मौका था, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सकीं। दिव्या ने काले मोहरों पर एक शानदार जीत दर्ज की।

**खिताबी जीत के बाद भावुक हुईं दिव्या**

19 वर्षीय दिव्या ने न केवल फिडे महिला शतरंज विश्व कप जीता है, बल्कि इस जीत के साथ 'ग्रैंडमास्टर' का खिताब भी हासिल किया है। इस जीत के बाद भावुक हो गईं। दिव्या के लिए ये यादगार पल हैं। दिव्या



कैंडिडेट्स शतरंज के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं। नौ दिसंबर 2005 को नागपुर में जन्मीं दिव्या ने पांच साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उनके माता-पिता डॉक्टर हैं। उनके पिता का नाम जितेंद्र और माता का नाम नम्रता है। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 नेशनल चैंपियनशिप जीती। इसके बाद उन्होंने अंडर-10 (डरबन, 2014) और अंडर-12 (ब्राजील, 2017) कैटेगरी में विश्व युवा खिताब भी ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 13 भी

### अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मंत्री का अब तक सार्वजनिक रूप से माफी न मांगना उनकी नीयत और ईमानदारी पर सवाल खड़े करता है

# मंत्री विजय शाह की नीयत पर संदेह, अदालत ने कहा:13 अगस्त तक जांच रिपोर्ट दे 'एसआईटी'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह को भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मंत्री का अब तक सार्वजनिक रूप से माफी न मांगना उनकी नीयत और ईमानदारी पर सवाल खड़े करता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मंत्री विजय शाह का व्यवहार संदेह पैदा ▶▶ शेष पेज 6 पर

*सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया है कि सेना और उसके अधिकारियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा*



**सुप्रीम कोर्ट की सख्ती**

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया है कि सेना और उसके अधिकारियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे में अब सभी की नजर एसआईटी की रिपोर्ट पर है, जो 13 अगस्त तक कोर्ट में दाखिल की जानी है। यदि जांच में मंत्री की गलती पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

***कोर्ट ने कहा- अब समय आ गया है कि इस मामले में तेजी लाई जाए***

*साथ ही मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) को सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वह 13 अगस्त तक जांच पूरी करे और रिपोर्ट अदालत में पेश करे। कोर्ट ने कहा कि अब समय आ गया है कि इस मामले में तेजी लाई जाए और उचित कदम उठाए जाएं। बता दें कि यह मामला तब शुरू हुआ जब मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक बयान दिया था। इस बयान को सेना की गरिमा के खिलाफ माना गया और इस पर काफी बवाल भी हुआ। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।*

## सावन के तीसरे सोमवार पर श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और विशेष पूजा-अर्चना

# सड़कों पर कांवड़िए, मंदिरों में रात तक श्रद्धालु बोलते रहे बम भोले



**खास बातें**

- मंदिरों में सुबह से ही गूंजते रहे बम-बम भोले के जयकारे और शिव मंत्र
- भोलेनाथ का मधुकामिनी, गेंदा, धतूरा बेलपत्र से किया गया श्रृंगार
- शिवजी और तीन की संख्या का गहरा संबंध, इसलिए तीसरे सोमवार का ज्यादा महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन के तीसरे सोमवार पर शहर एक बार फिर शिव की भक्ति में सराबोर रहा। सुबह से मंदिरों में बम-बम भोले के जयकारे और शिव मंत्र गूंज रहे थे। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और विशेष पूजा-अर्चना कर व्रत रखा।

भोलेनाथ का मधुकामिनी, गेंदा, धतूरा बेलपत्र से श्रृंगार किया गया। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि वैसे तो सावन के महीने के सभी दिन भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से भोले की कृपा भक्तों पर होती है। लेकिन सावन के तीसरे सोमवार का विशेष महत्व होता है, क्योंकि शिवजी और तीन की संख्या का गहरा संबंध है। इसलिए जिन भक्तों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की है, उन पर विशेष कृपा होगी, उनकी सभी मनोकामना पूरी होगी।

## गुफा मंदिर में आचार्यत्व में 21 ब्राह्मणों ने किया बाबा जलाभिषेक

गुफा मंदिर में श्रावण मास के तृतीय सोमवार को गुफेश्वर भगवान भोलेनाथ महादेव का प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में आचार्यत्व में 21 ब्राह्मणों द्वारा गुफा मंदिर के मंहत रामप्रवेश दास महाराज ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। पंडित लेखराज शर्मा ने बताया कि भगवान को षोडशोपचार पूजन कर रुद्राभिषेक किया।

### मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में सहस्त्र धारा अभिषेक

मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में तीसरे सोमवार पर भगवान का पंडितों ने मंत्रोच्चारण के द्वारा गाय के 11 क्विंटल दूध से सहस्त्र से अभिषेक किया गया। तो वहीं राजाधिराज मुक्तेश्वर महाकाल की सवारी निकाली गई। रात करीब 9 बजे महाआरती की गई। इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया।

### सुबह से रही बिड़ला मंदिर में भीड़

बिड़ला मंदिर (लक्ष्मीनारायण) पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इसके अलावा पिपलेश्वर मंदिर सिद्धेश्वर शिव मंदिर नेहरु नगर, झरनेश्वर मंदिर बारह दफ्तर आदर्श, नवदुर्गा मंदिर, माता मंदिर, सोमेश्वर मंदिर, जलेश्वर मंदिर व शिव भवानी मंदिर सहित राजधानी अधिकांश मंदिरों में भक्तों की खासी भीड़ देखने को मिली।



### सलैया में बनाए जा रहे एक लाख 11 हजार एक सौ

तीसरे सावन सोमवार के साथ ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक किया जा रहा है। इसके तहत मंशापूर्ण महादेव मंदिर धाम शिवा रायल पार्क फेस-दो गेट के पास सलैया में एक लाख 11 हजार एक सौ शिवलिंग निर्माण किया जा रहा है। आयोजक प्रताप सिंह यादव ने बताया कि सुबह 6:00 बजे से 9:00 बजे तक शिवलिंग निर्माण और अभिषेक 9:00 से 10 बजे तक किया गया। सैक्डों की संख्या में श्रध्दालुओं ने पूजा-पाठ कर शिवलिंग निर्णय किया।

### भगवान शिव रुद्राभिषेक किया गया

मां दुर्गा धाम शक्ति पीठ मंदिर में तीसरे सोमवार को भगवान शंकर के भक्तों गणों द्वारा प्रातः काल से ही भोले की भक्ति देखने को मिली, भगवान शंकर के रुद्राभिषेक के साथ-साथ भगवान शंकर के परिवार की पूजा अर्चना की गई।

### कांवड़ियों ने किया भोलेनाथ का नर्मदाजल से अभिषेक हुआ

सेवा का संकल्प जन कल्याण समिति द्वारा श्रावण मास के शुभ अवसर पर नर्मदापुरम से भोपाल पैदल बाबा बटेश्वर कांवड़ा यात्रा सोमवार को श्री बड़वाले महादेव मंदिर पंहुची। समिति के प्रकाश मालवीय ने बताया कि कांवड़ियों ने बोल कांवड़िया बोल बम, हर-हर महादेव के जयघोष करते हुए श्री बड़वाले महादेव मंदिर पंहुचे जहां बाबा बटेश्वर का नर्मदाजल से अभिषेक कर महाआरती की।

## नागपंचमी आजः शिव, सर्वार्थ सिद्धि और सिद्धि योग में पूजे जाएंगे नाग देवता

भोपाल। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को नागपंचमी पर्व मनाया जाता है। इस बार नगपंचमी मंगलवार को विशेष योग में मनाई जाएगी। मंदिरों में इसके लिए तैयारियां होने लगी हैं। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि नगपंचमी पर शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और सिद्धि योग के साथ उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का संयोग रहेगा। इस संयोग में पूजा-पाठ करने से भक्तों को विशेष लाभ प्राप्त होता है। इस दिन भगवान शिव का महारुद्राभिषेक के साथ हवन-अनुष्ठान किया जाएगा। एक ओर जहां भगवान आशुतोष पर अखंड जलधारा समर्पित कर अभिषेक होगा, वहीं दूसरी ओर 21 वैदिक विद्वान शिव की प्रसन्नता तथा कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, राहु-केतु, पित्र दोष शांति के लिए मंत्रोच्चारण के साथ विशेष आहूतियां देंगे। इसमें शहरवासी भी शामिल हो सकते हैं। जिसके लिए पंजीयन कराना होगा।


### उदया तिथि के चलते आज सुबह 4.32 से 1.25 तक मुहूर्त

पंचमी तिथि की शुरुआत 28 जुलाई की रात 11:28 बजे से हुई, 29 जुलाई की रात 12:23 बजे पर इसका समापन होगा। उदया तिथि के चलते नाग पंचमी 29 जुलाई को मनाई जाएगी। पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 4:32 बजे से लेकर दोपहर 1:25 बजे तक रहेगा। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि जिन भक्तों के आस-पास नाग मंदिर नहीं है, तो शिवलिंग पर दूध, लावा, पुष्प और चावल अर्पित करके नाग देवता की पूजा करनी चाहिए। इस दिन व्रत रखने और ब्राह्मण अथवा गरीब को खीर का भोग खिलाने से पुण्य की प्राप्ति होती है और ग्रह दोष भी शांत होते हैं। किसी व्यक्ति की कुंडली में कालसर्प योग अथवा राहु-केतु दोष है। तो इस पूरे दिन विधि-विधान पूर्वक पूजा करने से नाग देवता की विशेष कृपा प्राप्त होगी और सभी तरह के दोष से मुक्ति मिलेगी।

### चौरसिया समाज मनाएगा नागपंचमी

नागपंचमी के पावन पर्व पर चौरसिया समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह नाग देवता की पूजा अर्चना होगी। तो वहीं इस दिन मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

## बाबा बर्फानी के लिए विशाल आकार की राखी लेकर रवाना हुआ मंडल का 15वां जत्था



बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जाने का सिलसिला जारी है। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल के 83 भोले भक्तों का 15वां जत्था मालवा एक्सप्रेस बाबा बर्फानी के लिए विशाल आकार की राखी लेकर रवाना हुआ। इस जत्थे में 17 महिलाएं शामिल हैं, महिला सदस्यों द्वारा विशाल आकार की राखी बाबा बर्फानी को अर्पित की जाएगी एवं अमरनाथ यात्रियों के लिए तैनात सैनिकों को राखी बंधेंगी। मंडल सदस्यों द्वारा जत्थे की बिदाई फूलमाला, तिलक लगाकर ढोल धमाकों द्वारा की गई। इस मौके पर सचिन सेवारमानी, कपिल ग्वाला, सचिन आर्य, गजेंद्र ठाकुर, प्रदीप सोनी, धनंजय गुप्ता, ज्योति गुप्ता, प्रवीन रावत, आनंद ठाकुर, रणविजय रंजन, प्राची ताड़के, रेवाधार ताडगे, सपना सिंह, हर्षल पाटिल, पूनम पाटिल, सहित अनेकों मंडल सदस्य मौजूद थे।

## 21 क्विंटल दूध से बाबा बटेश्वर का हुआ सहस्त्रधारा महाभिषेक



श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण महोत्सव के तृतीया सोमवार के अवसर पर बाबा बटेश्वर का 21 कुंटल दूध से सहस्त्र धारा अभिषेक किया गया। प्रातः काल नियमित रुद्राभिषेक एवं महा आरती के बाद गणेश पूजन, रुद्र कलश, सर्वभद्र मंडल, नमक ग्रह, कलश पूजन के बाद गर्भ ग्रह में दाल चावल व अन्य अनाजों से महामृत्युंजय मंत्र की प्रतिकृति बनाकर स्थापना एवं पूजन की गई तो वहीं रात में 21 वैदिक ब्राह्मण रुद्री पाठ से 21 कुंटल दूध से बाबा बटेश्वर का अभिषेक किया गया।

## कांवड़ जल एवं दूध से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक



श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा में 300 से अधिक कांवड़ियों एवं स्थानीय जनता ने मां नर्मदा के जल एवं दूध से भगवान श्री पशुपतिनाथ का अभिषेक किया। यह कावड़ यात्रा विभिन्न रास्तों से होते हुए पशुपतिनाथ मंदिर पहुंची। सोमवार को कावड़ यात्रियों द्वारा लाए गए नर्मदा जल तथा दूध से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया।

---

### अगस्त में चलेगा दस्तावेज परीक्षण कार्यक्रम

# ईएसबीः पर्यवेक्षक भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2024 की मेरिट सूची अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। महिला एवं बाल विकास द्वारा चयनित प्रतिभागियों के मूल दस्तावेजों का परीक्षण 4 से 7 अगस्त तक भोपाल स्थित संचालनालय, महिला एवं बाल विकास, विजया राजे वात्सल्य भवन, अरेरा हिल्स में किया जाएगा। दस्तावेज़ सत्यापन कार्यक्रम को दो भागों में विभाजित किया गया है। पहले सीमित सीधी भर्ती और दूसरे भाग में खुली सीधी भर्ती के तहत बांटा गया है। इसमें कुल 560 चयनित प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है। सीमित सीधी भर्ती के तहत दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया 4 और 5 अगस्त को होगी। 4 अगस्त को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक अनारक्षित श्रेणी के 87 अभ्यर्थियों का और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक अनुसूचित जाति वर्ग के 54 अभ्यर्थियों का दस्तावेज़ परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद 5 अगस्त को सुबह 69 अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों का सत्यापन होगा, जबकि दोपहर बाद 47 अन्य पिछड़ा वर्ग और 32 ई.डब्ल्यू.एस. के अभ्यर्थियों का दस्तावेज़ परीक्षण किया जाएगा।

**खुली सीधी भर्ती के तहत परीक्षण 6 और 7 अगस्त को**

खुली सीधी भर्ती के तहत दस्तावेज़ परीक्षण 6 और 7 अगस्त को किया जाएगा। 6 अगस्त को सुबह 10 से 1 बजे तक अनारक्षित वर्ग के 87 तथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक अनुसूचित जाति वर्ग के 49 अभ्यर्थियों का सत्यापन निर्धारित है। इसी तरह 7 अगस्त को सुबह अनुसूचित जनजाति वर्ग के 62 अभ्यर्थियों और दोपहर में 44 अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 29 ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग के अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ों का परीक्षण होगा। इस श्रेणी में कुल 271 अभ्यर्थी शामिल किए गए हैं।

### साथ लाएं दस्तावेजों की मूल प्रति

चयनित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर दस्तावेजों की मूल प्रति तथा एक स्वप्रमाणित छायाप्रति सेट सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। दस्तावेज़ों में मुख्यतः मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (एसडीएम द्वारा जारी), 10वीं एवं 12वीं की अंकसूचियां (स्नातक की हो तो उसकी भी), आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का अनुभव प्रमाण पत्र, उपस्थिति पत्रक, निःशक्तता प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र, संविदा नियुक्ति एवं अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की मूल प्रति (जिससे लिंक मोबाइल साथ लाना अनिवार्य है), ईएसबी परीक्षा परिणाम की प्रति एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र शामिल हैं। दस्तावेज सत्यापन के बाद पात्र अभ्यर्थियों को पर्यवेक्षक पद के लिए नियुक्ति आदेश जारी किए जाएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों के दावे पर आगे विचार नहीं किया जाएगा।

# मयंक विश्नोई बने पीपुल्स ग्रुप के वाइस चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शिक्षा, चिकित्सा हॉस्पिटेलिटी, रियल एस्टेट, एंटरटेनमेंट और मीडिया क्षेत्र में उत्तर मध्य भारत का अग्रणी पीपुल्स ग्रुप के चेयरमैन सुरेश विजयवर्गीय ने अपने समकक्ष अधिकारों का हस्तांतरण करते हुए मयंक विश्नोई को वाइस चेयरमैन की आधिकारिक नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। मयंक विश्नोई वर्तमान में डायरेक्टर पीपुल्स ग्रुप का कार्यभार संभाल रहे हैं। अपनी राजनीतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि में पहचान बना चुके विश्नोई ने पीपुल्स ग्रुप को एक नई ऊंचाई और मुकाम तक पहुंचाने में अपना योगदान दिया है। श्री विश्नोई युवा वर्ग खासकर शिक्षा, चिकित्सा, रियल एस्टेट एवं एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रोफेशनल्स को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। मयंक विश्नोई की इस नियुक्ति पर भोपाल में पीपुल्स ग्रुप से जुड़े कर्मचारियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# एमसीयूः विवि प्रशासन की मनमानी के खिलाफ स्टडी सेंटर संचालक का विरोध, दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त प्रदेशभर के दर्जनों स्टडी सेंटर संचालकों ने सोमवार को एमसीयू प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

संचालकों ने कुलगुरु के नाम पर कुलसचिव डा. पी. शशिकला को एक ज्ञापन दिया। इसमें उन्होंने विवि के एएसआई विभाग पर अनियमितताओं, भेदभाव और संस्थानों के शोषण के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शन की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई, जिसके बाद सभी संचालकों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। संचालकों ने स्पष्ट किया कि जिस विभाग को स्टडी सेंटरों के संचालन और मूल्यांकन का कार्य सौंपा गया है, वह न तो विवि अधिनियम में उल्लेखित है, न ही किसी विवि रेग्युलेशन में। वर्ष 2011 से पहले इस विभाग का कोई अस्तित्व नहीं था। मात्र रेज़ोल्यूशन के आधार पर गठित यह विभाग गुटबाज़ी और अघोषित भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है।

### संत हिरदाराम-रामगंज मंडी रेलवे लाइन का सीआरएस करेंगे निरीक्षण

भोपाल। पश्चिम रेलवे के संरक्षा आयुक्त मनोज अरोड़ा भोपाल-रामगंज मंडी नई रेलवे लाइन परियोजना के तहत 30 जुलाई को जरखेड़ा से शामपुर रेल खंड का निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल करेंगे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मोटर ट्रॉली के माध्यम से रेललाइन और जरखेड़ा स्टेशन यार्ड की विस्तार से जांच की जाएगी। इसके बाद, अधिकतम 130 किमी प्रति घंटे की गति से स्पीड ट्रायल भी किया जाएगा। बता दें कि भोपाल-रामगंज मंडी रेलवे लाइन 276 किलोमीटर लंबी परियोजना है, जिसकी कुल लागत 3,035 करोड़ है। इस रेल खंड का भोपाल से ब्यावरा तक का 111 किमी हिस्सा भोपाल मंडल के अंतर्गत आता है, जबकि शेष लाइन कोटा मंडल के अंतर्गत आती है।

**130 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चलाकर देखेंगे ट्रेन, राजस्थान का सफर होगा आसान**

**सीआरएस निरीक्षण का मुख्य खंड**

30 जुलाई को सीआरएस द्वारा जरखेड़ा से शामपुर (11 किमी खंड) का निरीक्षण किया जाएगा। नव निर्मित रेलवे लाइनों को यात्री ट्रेनों के लिए सुरक्षित घोषित करने से पहले, रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा उनकी गहन जांच की जाती है। यह एक कानूनी प्रक्रिया है, जो सुनिश्चित करती है कि रेलवे लाइन सभी सुरक्षा मानकों पर खरी उतरे।

निरीक्षण की प्रक्रिया

- पूर्व-निरीक्षण जांचः भारतीय रेलवे द्वारा पहले ही पटरियों, पुलों, सिग्नल और स्टेशनों की सुरक्षा जांच कर ली जाती है।
- मौके पर निरीक्षणः उफर ट्रैक की सीधी-रेखीयता, स्थिरता और मानकों की जांच करता है। पुलों, सुरंगों और लेवल क्रॉसिंग को भी परखा जाता है।
- सिग्नल एवं संचार परीक्षणः स्टेशन और रेलवे कंट्रोल रूम के बीच संचार और सिग्नलिंग सिस्टम की कार्यक्षमता जांची जाती है।
- निरीक्षण कोच से परीक्षण यात्राः एक विशेष निरीक्षण कोच में उफर रेलवे लाइन पर यात्रा करते हैं और पटरियों की गुणवत्ता, यात्रा के आराम और गति प्रतिबंधों को जांचते हैं।

### मॉडल स्कूल में आयोजित हुआ छात्रसंघ का शपथ समारोह

# नई शिक्षा नीति से रोजगार और कौशल विकास में बढ़ेगी करियर की संभावनाः स्कूल शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में वर्ष 2014 के बाद शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ा बदलाव देश में लागू की गई नई शिक्षा नीति-2020 है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शिक्षा के क्षेत्र में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय है। नई शिक्षा नीति से स्कूल में बच्चों का कौशल विकास और भविष्य में रोजगार की संभावनाओं को मजबूती मिलेगी। मप्र देश के उन अग्रणी राज्यों में है, जहां नई शिक्षा नीति को निरंतर प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कही।

राजधानी के टीटी नगर स्थित मॉडल स्कूल में छात्र संघ का शपथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सिंह ने



इस मौके पर प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया। इन बच्चों ने बोर्ड की कक्षा 12वीं और 10वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। कार्यक्रम को विधायक भगवान दास सबनानी ने भी संबोधित किया। मॉडल स्कूल की प्राचार्य रेखा शर्मा ने गुणवत्ता के क्षेत्र में स्कूल को प्राप्त श्रेष्ठ पुरस्कारों के बारे में जानकारी दी।

### मॉडल, एक्सीलेंस, पीएमश्री के रूप में विकसित हुए स्कूल




स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने प्रदेश के स्कूलों की गुणवत्ता की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में 75 हजार स्कूल मॉडल, एक्सीलेंस और पीएमश्री के रूप में सर्व-सुविधा के साथ विकसित किये जा चुके हैं। बच्चों को विश्व-स्तरीय अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने के लिये करीब 300 स्कूल सांदीपनि विद्यालय के रूप में संचालित हो रहे हैं।

### जल्द ही अनुकंपा नियुक्ति नीति भी घोषित होगी

स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लागू डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था शिक्षकों के लिए भी सुविधाजनक है। इस डिजिटल प्लेटफार्म को भोपाल के कमांड सेंटर से संचालित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग जल्द ही अनुकंपा नियुक्ति नीति भी घोषित करेगा।

हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 29 जुलाई 2025



रंग महल चौराहे से बारिश के बीच दोपहर 3.30 बजे गुजरती स्कूली छात्राएं।



स्थानः रंग महल चौराहा
समयः दोपहर 1.30 बजे



स्थानः पॉलिटेक्निक चौराहा
समयः दोपहर 1.30 बजे

# बारिश की बड़ी 'झड़ी'

## शहर में 22 दिन बाद सबसे कम पारा 25.5 डिग्री

### आज भी ऐसा रहेगा मौसम, बारिश में कुछ आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सोमवार को इस साल जुलाई महीने का सबसे ठंडा दिन रहा। बारिश और हवाओं के बीच अधिकतम पारे में 2.7 डिग्री की गिरावट के साथ 22 दिन बाद पारा 25.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.6 डिग्री कम है। इससे पहले 5 जुलाई को यहां दिन का तापमान 25.6 डिग्री रहा था। रात का तापमान 23.2 डिग्री रहा, जिससे शहर में दिन और रात के तापमान में केवल 2.3 डिग्री का फर्क रह गया। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक भोपाल में मध्यम से तेज बारिश होगी। आमतौर पर मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी सिस्टम प्रदेश के मध्य और उत्तरी हिस्से और उससे सटे राजस्थान में सक्रिय है। साथ ही गुजरात और मप्र से होकर गुजर रही ट्रफ लाइन के कारण भोपाल जिले और आसपास में मध्यम बारिश का दौर है। यह क्रम मंगलवार को भी रहेगा, लेकिन बारिश में कुछ कमी आने की उम्मीद है। हालांकि, दिनभर मौसम बादल, बौछारों और रिमझिम का रह सकता है।



#### दो से तीन दिन रहेगा खुशनुमा मौसम

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार विशेषकर भोपाल में अगले दो से तीन दिन मौसम बेहतर रहेगा। दिन में बादल, बौछारों और कभी रिमझिम फुहारों से तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव रहेगा। उमस में कमी रहेगी, जिससे मौसम खुशनुमा रहेगा।

#### आती-जाती रही बिजली

सोमवार को सुबह से शाम 5:30 बजे के बीच दो बार मध्यम से तेज बारिश हुई। हवाओं की रफ्तार 22 से 25 किमी तक रहने से कुछ स्थानों पर पेड़ गिरने अथवा पेड़ों की डालियां टूटने से बिजली सप्लाई प्रभावित हुई। कुछ इलाकों में बारिश के दौरान बिजली का आना-जाना रहा। हालांकि, आमतौर पर अधिकांश शहर में सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त रही है।

#### छह नंबर प्लेटफार्म के पास दुकानों में भरा पानी

सोमवार सुबह से शुरु हुई रिमझिम बारिश से भोपाल स्टेशन के 6 नंबर प्लेटफार्म के पास दुकानों में पानी भर गया। इधर, अल्पना टॉकीज चौराहे पर भी पानी भरने से वाहनों को निकलने में दिक्कत हुई। बारिश की स्पीड कम होने से पानी बह गया, जिससे जलभराव की कम शिकायतें आईं। फायर इंचार्ज सौरभ पटेल ने बताया कि पानी की रफ्तार कम होने से शहर में जलभराव के हालात नहीं बने। बारिश को देखते हुए निगम की टीमें जलभराव वाले इलाकों पर नजर रखे हुए हैं।

## घंटों पड़ी रही 10 नंबर मार्केट के मुख्य मार्ग पर पेड़ की डाल

वहीं, 10 नंबर मार्केट के मुख्य मार्ग पर एक पेड़ की बड़ी डाल गिरने से करीब तीन से चार घंटे तक ट्रैफिक बाधित होता रहा। हालांकि मार्केट के तिराहे पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात था जो वाहनों को रोक रोककर अपनी दिशा में जाने के संकेत देता दिखा, लेकिन नगर निगम की लापरवाही यहां देखने को मिली कि घंटों तक सड़क पर पेड़ की डाल पड़ी रही, लेकिन किसी कर्मचारी ने उठाकर रास्ता क्लीयर करने की जहमत नहीं उठाई।



## सड़कों पर निकले कलेक्टर, अफसरों को दी हिदायत, 7 नंबर, प्लेटिनम प्लाजा, जेपी हॉस्पिटल, कोर्ट चौराहा बने ब्लैक स्पॉट

### खुद देखे लेफ्ट टर्न, सड़क सुरक्षा समिति के प्रस्तावों पर नहीं हुआ अमल

**भोपाल।** शहर की सड़कों के लेफ्ट टर्न, सड़क हादसे वाले ब्लैक स्पॉट, जहां पर हादसे अधिक होते हैं, वहां पिछले दिनों हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इन मसलों को सुलझाने की हिदायत दी गई थी, लेकिन सात नंबर, प्लेटिनम प्लाजा, जेपी हॉस्पिटल, अदालत चौराहा और ग्यारह मील के ब्लैक स्पॉट पर अब तक काम शुरू नहीं किया गया है, जिससे इन जगहों पर हादसों का खतरा बना हुआ है।

सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी के साथ बारिश में मौका मुआयना करने पहुंचे। कलेक्टर ने इन जगहों पर काम शुरू नहीं करने पर नाराजगी भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इन जगहों पर तुरंत काम शुरू किया जाए। कलेक्टर सबसे पहले डिस्ट्रिक्ट कोर्ट चौराहा, सात नंबर चौराहा, 1250 चौराहा, प्लैटिनम प्लाजा, ग्यारह मील सहित प्रमुख चौराहों का निरीक्षण करने पहुंचे। इसके साथ उन्होंने कई लेफ्ट टर्न और ब्लैक स्पॉट देखे। साथ ही पुलिस अफसरों से खामियां समझीं। उन्होंने प्लेटिनम प्लॉजा के पास सड़क किनारे ऊंचाई वाले पेड़ों की छंटाई करने की बात कही।



#### समस्या और सुधार का प्लान बनाएं

*उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रैफिक को लेकर एक प्रजेंटेशन बनाया जाए। जिसमें खामियों को कैसे दूर किया जाए, यह भी हो। बता दें कि 27 जून को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई थी। इसमें स्कूलों में ई-रिक्शा का संचालन बंद होने समेत कई निर्णय लिए गए थे। पिछले सप्ताह ही ई-रिक्शा पर प्रतिबंध लगाया गया है।*

#### सात नंबर समेत कई क्षेत्रों में पहुंचा कलेक्टर का अमला

कलेक्टर अमले के साथ सात नंबर क्षेत्र में पहुंचे। यहां ब्लैक स्पॉट और लेफ्ट टर्न को व्यवस्थित करने को कहा। वे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के सामने, प्लेटिनम प्लाजा और जेपी हॉस्पिटल के पास वाले चौराहे पर भी पहुंचे। कलेक्टर ने ट्रैफिक सिग्नल, चौराहे-तिराहे का उन्नयन करने, लेफ्ट टर्न, डिवाइडर बनाने, रोड मार्किंग, स्टॉप लाइन, रोड साइन बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर, रम्बल स्ट्रिप्स के निर्माण, ब्लैक स्पॉट से जुड़ी खामियां देखकर उनके निदान के लिए प्रस्ताव तैयार करने की हिदायत अफसरों को दी।

#### जल्द दूर कराएंगे खामियां

शहर में सड़क हादसों वाले ब्लैक स्पॉट, लेफ्ट टर्न और जाम वाली जगहों पर ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम जल्द ही काम शुरू करेगा। समस्याओं को जल्द ही दूर कराया जाएगा।

कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर

## जुलाई बीत रहा, फिर भी बड़ा तालाब, कोलार, कलियासोत केरवा डैम अभी भी खाली

*जुलाई माह समाप्त होने वाला है, लेकिन भोपाल के जलाशय अभी भी पानी की कमी से जूझ रहे हैं। इस साल बारिश की शुरुआत होने के बावजूद, भोपाल का बड़ा तालाब लगभग छह फीट खाली है वहीं केरवा डैम पांच मीटर, कलियासोत डैम तीन मीटर और कोलार डैम में करीब आठ मीटर पानी की कमी बनी हुई है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। शहर में मानसून ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। सोमवार तक 534.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है जो सामान्य से 48.29 प्रतिशत अधिक है। मौसम विभाग ने मंगलवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है और पूरे जिले में बारिश जारी रहने की संभावना है। सोमवार को भी भोपाल और आसपास के जिलों में बारिश होती रही और भोपाल एयरपोर्ट बैरागढ़ में सुबह 8:30 बजे से रात 8:30 तक 29 मिमी बारिश दर्ज की गई।*

#### जलस्तर में वृद्धि

उधर जिले के जलाशयों में भी पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है। बड़ा तालाब की बात करें तो यहां का कुल भराव क्षमता 1666.80 फीट है, जबकि वर्तमान में भराव क्षमता 1660.55 फीट तक पहुंच चुका है। कलियासोत डैम का कुल भराव क्षमता 505.67 मीटर है, जबकि वर्तमान भराव क्षमता 502.80 मीटर है। केरवा डैम कुल भराव क्षमता 509.93 मीटर है, जबकि वर्तमान भराव क्षमता 504.11 मीटर है। कोलार डैम कुल भराव क्षमता 462.20 मीटर है, जबकि वर्तमान भराव क्षमता 454.93 मीटर है।

#### 29 मिमी से ज्यादा बारिश

*भोपाल में सोमवार सुबह से रात तक भारी बारिश हो रही है और बारिश का सिलसिला निरंतर जारी रहा। सुबह 8:30 बजे से लेकर रात 8:30 तक 29 मिमी से ज्यादा बारिश हुई है। इस दौरान भोपाल के कई इलाकों में सड़कें जलमग्न हो गईं और यातायात प्रभावित हुआ।*

## बारिश के चलते शहर की सड़कों पर लगा जामः वीर सावरकर सेतु से आरकेएमपी तक रेंगते रहे वाहन

राजधानी भोपाल में सोमवार को एक बार फिर बारिश शुरू हुई। जिसके चलते सड़कों पर पानी भर गया है। भारी बारिश के कारण शहर के कई रास्तों पर जाम की स्थिति बनी रही और यातायात व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गई है। बारिश के कारण वीर सावरकर सेतु पर जाम लग गया, जो कि आरकेएमपी तक लगा रहा। इस दौरान सुबह 10 बजे से 11:30 तक वाहन रेंगते नजर आए। दरअसल, सड़कों पर पानी जाम होने से वाहन धीमी गति से चलते रहे और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ज्योति टॉकिज और चेतक ब्रिज पर भी बारिश का यही हाल रहा। यहां भी वाहनों की लंबी कतारें नजर आईं और जाम की स्थिति बन गई। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि इस दौरान सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति देखी गई, जिससे लोगों की समस्याएं और भी बढ़ गईं। इसके साथ ही बावड़िया ब्रिज पर भी खासा जाम देखने को मिला। यहां लोग 10 मिनट से लेकर आधा घंटे तक फंसे रहे।



*बावड़िया ब्रिज पर जाम लगा, राहगीर हुए परेशान।*

---

पर्यावरणविद ने की कलेक्टर से शिकायत

## बड़े तालाब के एफटीएल क्षेत्र में किए जा रहे अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भोज वेटलैंड (बड़ा तालाब) के एफटीएल में अवैध रूप से अतिक्रमण करने को लेकर पर्यावरणविद राशिद नूर खान ने सोमवार को भोपाल जिला कलेक्टर से शिकायत की है। ऑनलाइन की गई शिकायत में बताया गया है कि बड़े तालाब को भरने वाली कोलास नदी बड़े तालाब के भराव का प्रमुख स्रोत है। ग्राम ईंटखेड़ी छाप के पास पाया गया कि कोलास के दो स्थानों पर नदी के किनारे, बड़े तालाब के एफटीएल (फुल टैंक लेबल) क्षेत्र के अंदर, मुरम एवं पत्थर डालकर बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। पहले स्थान पर किसी निजी खसरा भूमि स्वामी द्वारा फ्लाई ऐश की ईंट की फैक्ट्री भी बनी है। ठीक उसके पीछे नदी के पास कोपरा भर कर मकान का निर्माण किया जा रहा है। देखने में अलग प्रतीत हो रहा है कि करीब एक एकड़ भूमि पर भराव किया गया है, जो कोलास नदी के बहाव को प्रभावित कर रहा है एवं वेटलैंड नियमों का भी उल्लंघन कर रहा है। वहीं, दूसरा निर्माण ठीक इसके 10 फीट सड़क से लगा कर कोलास नदी के पुल के ठीक नीचे चल रहा है। यह निर्माण पोकलिन मशीनों द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों से जानकारी लेने पर स्पष्ट नहीं हो सका कि वहां क्या बनाया जा रहा है।



#### यह है नियम

वेटलैंड (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 के अनुसार वेटलैंड क्षेत्र में किसी भी प्रकार का ठोस अपशिष्ट डालना, भूमि भराव करना या निर्माण करना प्रतिबंधित है। एफटीएल से लग कर उक्त स्थान पर (250 मीटर)दूरी तक किसी भी प्रकार की स्थायी संरचना, निर्माण कार्य, अतिक्रमण करना प्रतिबंधित है। इस प्रकार कई नियम बताए गए हैं।

## खबर का असरः स्कूलों की सीपेज, लीकेज और सीलिंग की मरम्मत के आदेश जारी

### प्रचार्यों और प्रधानाध्यापकों को निरीक्षण करने के लिए किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूलों में छत का प्लास्टर गिरने सहित अन्य घटनाएं सामने आने के बाद मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हरिभूमि द्वारा 26 जुलाई के अंक में स्कूलों की स्थिति को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद विभाग की ओर इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।





लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी आदेश में कहा है कि स्कूलों की जांच की बात कही है। आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के जिलों में अतिवृष्टि (भारी बारिश) की स्थिति है। इसको देखते हुए यदि किसी भी स्कूल की छत में लीकेज, सीपेज की स्थिति है तो इसकी मरम्मत कराई जाए। इसके लिए आवश्यक आवंटन किया जा चुका है। इसको लेकर 24 अप्रेल को विस्तृत निर्देश भी जारी किए गए थे। प्राथमिक, माध्यमिक और हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में किसी भी प्रकार की सीपेज, लीकेज या सीलिंग का प्लास्टर गिरने की संभावना हो, वहां किसी भी कारण से क्लास ना लगाईं जाएं। प्रचार्यों और प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया है कि हर कक्ष का दोबारा निरीक्षण करें।

एक हफ्ते में अलग अलग टीमों ने लिए 45 सैंपल

## किराना दुकान पर मिला खुला खाद्य तेल जब्त, 20 किराना, रेस्टॉरेंट से लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बारिश को देखते हुए खाद्य विभाग की टीम ने किराना दुकान, रेस्टॉरेंट और होटलों की जांच शुरु कर दी है। जिसके तहत पिछले एक हफ्ते में तीन टीमों ने बीस से अधिक संस्थानों में जाकर जांच की, जहां से जांच के लिए सरसों तेल, पान मसाला, किशमिश, राइस ब्रान ऑयल, काबुली चना, पनीर, आटो, काजू सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले दिनों खाद्य विभाग की टीमों ने मनीष स्टोर हनुमानगंज से सरसों व नारियल तेल, द शीशम ट्री आईएसबीटी से पोहा, श्री नर्मदा ट्रेडर्स आनंद नगर से पान मसाला, परफेक्ट हॉस्पिटैलिटी आईएसबीटी से पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, शिव स्टोर्स करोंद से किशमिश और राइस ब्रान ऑयल, सोसाइटी ग्रॉसरी स्टोर से काजू और काबुली चना, नितिन ट्रेडर्स से चावल और चाय, एसएमएच हॉस्पिटल होशंगाबाद रोड से पनीर और आटे के सैंपल लिए हैं।



#### यहां से भी लिए सैंपल

टीमों ने सुपर टी स्टॉल न्यू मार्केट से खाद्य तेल और समोसे के सैंपल, संजय फ्रेश बेक अचारपुरा से पापे टोस्ट मैदा, खाद्य तेल और मिल्क पाउडर, गोस्वामी किराना बाग मुगलिया से खाद्य तेल, घी, विंटेज बार से आटा और दही, नमन स्वीट्स अयोध्या बायपास से आटा, मैंदा और नमक के सैंपल लिए गए। सभी सैंपल्स को जांच के लिए लेबोरेटरी भेजा गया है।

- तीन बार से ज्यादा नहीं करें खाद्य तेल का उपयोग

टीमों ने जांच के दौरान इन संस्थानों के संचालकों को हिदायत दी है कि वह खाद्य तेल में तलने वाले तेल का तीन बार से अधिक उपयोग नहीं करें।

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर जारी की जानकारी, सीधे निगम काउंटर से करें संपर्क

## जन्म-मृत्यु का 21 दिन में फ्री मिलेगा प्रमाण पत्र, देरी पर लगेगी पेनल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर आम लोगों की सहुलियत को देखते हुए जानकारी आईएसबीटी स्थित जन्म-मृत्यु कार्यालय के बाहर चस्पा की है, जिसमें दस्तावेज, समयावधि और शुल्क की जानकारी दी गई है। नागरिकों से कहा गया है कि वे सीधे निगम के काउंटर से संपर्क करें।

नगर निगम ने जन्म या मृत्यु की घटना के 21 दिन के अंदर जोन व वार्ड कार्यालय में सूचना देने पर प्रमाण पत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा। 22वें दिन से 30 दिन के भीतर देने पर 20 रुपए, 31वें दिन से एक वर्ष के भीतर देने पर 50 रुपए और एक वर्ष के बाद 100 रुपए शुल्क देना होगा। इसके अतिरिक्त रिकार्ड तलाशने पर 20 रुपए प्रति वर्ष, डुप्लीकेट प्रमाण पत्र पर 20 रुपए और हर वर्ष की देरी पर 250 रुपए की पेनल्टी लगाई जाएगी।

#### यह दस्तावेज देना जरूरी





जन्म प्रमाण पत्र के लिए सूचना फार्म, आवेदक और माता-पिता का आधार कार्ड, अस्पताल का डिस्चार्ज टिकट, आंगनवाड़ी कार्ड और जन्म सूचना पत्र शामिल हैं। जबकि मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए मृतक और आवेदक का आधार कार्ड, अंतिम संस्कार प्रमाण पत्र, एफआईआर, मर्ग इंटिमेशन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अस्पताल या पार्षद का प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। देरी की स्थिति में 50 रुपए के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र देना जरूरी है।

#### निगम काउंटर पर ही बनवाएं प्रमाण पत्र

जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में पूरी जानकारी आईएसबीटी स्थित दफ्तर के बाहर चस्पा की गई है। आम लोग निगम के काउंटर्स पर ही आवेदन जमा करें।

सत्यप्रकाश बड़गैया, रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु, नगर निगम भोपाल

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शिवधाम में उमड़े श्रद्धालु, दिनभर चलता रहा पूजा-पाठ

# भोजपुर में नागेश्वरनाथ के रूप में सजे महादेव, कांवड़ियों ने नर्मदा से जल लाकर किया बाबा भोजेश्वर का अभिषेक, 5 क्विंटल फूल-बिल्व पत्र से विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शिवधाम में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। वहीं भोजपुर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन को पहुंचे। वहीं बड़ी संख्या में कांवड़िए नर्मदा जल लाकर भगवान भोजेश्वर का अभिषेक किया। पंडित शैलेंद्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि सावन के तीसरे सोमवार को 5 क्विंटल विभिन्न प्रकार के फूलों से शिवलिंग को सजाया गया। इसमें रंग-बिरंगे फूल, धतूरा, बिलपत्र और आम के पत्तों को शामिल किया गया।

महंत अनूप गिरी गोस्वामी ने बताया कि इस बार भगवान शिव का



नागेश्वर के स्वरूप में सजाया गया। जहां भोजपुर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को नाग पंचमी से पूर्व शिवलिंग से लिपटे नाग के दर्शन हुए। महंत ने बताया कि तीसरे श्रावण सोमवार की पूर्व संध्या पर ही भगवान शिव का श्रृंगार कर किया था, जिससे भक्तों को प्रतिक्षा न करना पड़े।

श्रद्धालु सुबह अभिषेक, भस्म आरती और महाआरती में शामिल होने के लिए दूर-दूर से पहुंचे। वहीं शिव अभिषेक करने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िए मां नर्मदा का जल लेकर पहुंचे। पूरे दिन भोजपुर में भक्तों का तांता लगा रहेगा। इस दौरान भोजपुर मंदिर पर करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन किए।

## मंडीदीप के शिवालयों में भी गूंजे बम-बम भोले के जयकारे, भक्तों ने किया जलाभिषेक

नगर के सभी शिवालयों में सुबह से ही बम-बम भोले के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी थी। शिव भक्तों ने सुबह से ही मंदिर में पहुंच कर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। अर्धनारीश्वर मंदिर, पिपलेश्वर महादेव, शिवशक्ति और खेड़ापति मंदिर, प्रचीन शिवालय व पटेल नगर स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिवालय पर भगवान रूद्र का जलाभिषेक और पूजा की गई।



## कांवड़ यात्रा का औबेदुल्लागंज में हुआ भव्य स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, सेवा ही संकल्प जनकल्याण समिति के अध्यक्ष, समाजसेवी और संघ के वरिष्ठ प्रचारक चेतन भार्गव के नेतृत्व में नर्मदापुरम से भोपाल तक निकली जा रही कांवड़ यात्रा का औबेदुल्लागंज में भव्य स्वागत किया गया। इससे पहले शनिवार को कांवड़ यात्रा नर्मदापुरम से शुरू होकर उमरिया के गुरुद्वारे में विश्राम हुआ था। शनिवार की रात्रि में सभी कांवड़ियों ने गुरुद्वारा में भोजन और रात्रि विश्राम किया। इसके बाद रविवार सुबह सभी कांवड़िओ ने गुरुद्वारे में चल रहे कीर्तन का श्रवण किया और गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। भोजन के बाद सभी कांवड़िए भजनों पर झूमते नाचते भोपाल की ओर निकले पड़े। औबेदुल्लागंज पहुंचने पर विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। स्वागत के बाद सभी कांवड़िओं ने भोपाल की ओर प्रस्थान किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष चेतन भार्गव ने बताया कि यह यात्रा प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए आयोजित की जा रही है।



## खबर संक्षेप



### नगर विकास समिति के आकाश बने अध्यक्ष

**मंडीदीप।** जन अभियान परिषद की नगर विकास समिति का गठन किया गया, जिसमें सामजिक कार्यकर्ता आकाश रघुवंशी को अध्यक्ष, राकेश पाल को सचिव नियुक्त किया गया है। समिति के सरंक्षक जीवनसिंह पाल व विनोद जैन को बनाया कि तख्तसिंह मेहर व विध्यावसिनी उपाध्याय को उपाध्यक्ष, आदित्य जैन सहसचिव, सयंम जैन कोषाध्यक्ष, प्रकाश विश्वकर्मा को सह कोषाध्यक्ष चुना गया है। वहीं अभिषेक परमार को मिडिया प्रभारी, रोहित अहिरवार को सोशल मिडिया प्रभारी नियुक्त किया है। सत्येन्द्र जैन, दीक्षितराज पाल, पियुष जैन, अजय ओड सहित अन्य सदस्य चुने गए हैं।

### 80 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब जब्त, 4 गिरफ्तार



**औबेदुल्लागंज।** आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को कार्रवाई कर सुल्तानपुर क्षेत्र पंप हाउस, बगासपुर में 80 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब जब्त कर कुल 8 प्रकरण दर्ज किए, जिसमें 4 लोगों को मौके पर ही गिरफ्तार किया है। वहीं 1400 किलो महुआ लाहन का सैंपल लेकर मौके पर ही नष्ट किया गया, जिसका अनुमानित मूल्य 1,56,000 रुपए है। सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### समाज को नशा मुक्त बनाने पोस्टर प्रतियोगिता



**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे से दूरी-है जरूरी अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में एनएसएस के स्वयंसेविकाओं ने उत्साह से भाग लिया और नशे के दुष्परिणामों पर आधारित संदेशप्रद व रचनात्मक पोस्टर्स प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। पोस्टर्स के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने समाज को नशा मुक्त बनाने का प्रेरणादायक संदेश दिया।

कोलार में बंजारी चौराहा पर चाय की दुकान पर हुई वारदात

# बर्थ-डे पार्टी में विवाद, पांच दिन बाद युवक की चाकू से गोदकर की हत्या

**गौरव नगर, कोलार में रहता था और प्राइवेट गाड़ी चलाता था मृतक**

चाकू शुभम के पेट में और आंख के पास लगा था, जिससे आई थी गंभीर चोट



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र के बंजारी चौराहा पर तीन युवकों ने एक ड्राइवर पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक को आंख के पास और पेट में गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रविवार रात हुई इस हत्या की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। दरअसल, मृतक और आरोपियों का एक बर्थ-डे पार्टी में 22 जुलाई को विवाद हुआ था। इसी का बदला लेने आरोपियों ने चाकू गोदकर ड्राइवर की हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार कोतवाली, थाना क्षेत्र, जिला रायसेन निवासी शुभम यादव पिता मोर सिंह यादव (23) गौरव नगर, कोलार में रहता था। वह प्राइवेट गाड़ी चलाता था। गत 22 जुलाई को एक दोस्त की बर्थ-डे पार्टी में उसका भूपेंद्र से विवाद हुआ था। विवाद का बदला लेने आरोपी भूपेंद्र मौका तलाश रहा था।

रविवार रात करीब 10 बजे के आसपास शुभम घर से नुक्कड़ चाय की दुकान के पास पहुंचा था। इसी बीच शुभम और आरोपी भूपेंद्र का आमना सामना हो गया। भूपेंद्र के साथ उसका साथी गोलू और आकाश जिन्नारे था। तीनों ने मिलकर शुभम को घेर लिया और मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू शुभम को पेट में और आंख के पास लगा था। शुभम के भाई नरेंद्र यादव को परिचितों ने घटना की जानकारी दी। वह मौके पर पहुंचा और भाई को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गया था। वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद शुभम को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### सिलेंडर से भभकी आग देवरानी-जेठानी झुलसीं एक की मौत

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर कॉलोनी में गैस रिसने से खाना बना रही देवरानी और जेठानी झुलस गईं। गंभीर रूप से झुलसने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान जेठानी की मौत हो गई, जबकि देवरानी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। थाना प्रभारी विनोद पंथी ने बताया कि प्रीति चौरसिया पति परमानंद चौरसिया (35) शिव नगर कॉलोनी में रहती थी। गत 23 जुलाई की शाम प्रीति अपनी देवरानी राधा के साथ किचन में खाना बना रही थी। सिलेंडर के रेग्युलेटर से गैस लीक होने पर आग भड़क गई। चीख पुकार सुनकर किचन में पहुंचे परिजन ने आग पर काबू पाया और आग से झुलस रही प्रीति सहित राधा की आग बुझाते हुए उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार देर रात प्रीति की मौत हो गई, जबकि राधा का इलाज चल रहा है।

अयोध्या नगर पुलिस ने मारपीट करने वाले चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

# हथाईखेड़ा डैम के पास मछली पकड़ रहे युवकों को पीटा, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हथाईखेड़ा डैम के पास मछली पकड़ रहे चार मछुआरों के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में आधा दर्जन बदमाश नजर आए। इनमें एक बदमाश बेल्ट तो दूसरा डंडे से मारपीट करते हुए नजर आया है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद पुलिस संज्ञान में आई। इसके बाद अयोध्या नगर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार उक्त वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में चार युवक नीचे बैठे हुए हैं, जबकि उनके पास आधा दर्जन युवक खड़े हुए हैं। यह सभी युवक मछली ठेकेदार के मजदूर बताए जा रहे हैं। दरअसल, ठेकेदार ने तीन शिफ्ट में अलग-अलग मजदूर लगा रखे हैं। यदि कोई मछली पकड़ने आता है, तो ठेकेदार के आदमी उन्हें रोकते हैं। दो दिन पहले भी यही हुआ चार युवक अरहेड़ी गांव के पास मछली पकड़ने के लिए गए थे। इस दौरान मछली ठेकेदार के मजदूरों की नजर उन पर पड़ गई। मजदूरों ने चारों युवकों को बिठाया और उनके साथ गाली-गलौज करते हुए बेल्ट और डंडे से मारपीट की।

पुलिस का कहना है कि ठेकेदार के मजदूरों को युवकों के साथ मारपीट न करते हुए पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस युवकों के खिलाफ कार्रवाई करती, लेकिन उन्होंने मारपीट की है। लिहाजा मारपीट की धाराओं में चार मजदूरों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है।

9 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से किया गया निर्माण

## विधायक खत्री ने भगवान देवनारायण के परिक्रमा पथ का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद

देवस्थान भगवान देवनारायण मंदिर बरखेड़ी देव के परिक्रमा के लिए 11 किलोमीटर के नवनिर्मित परिक्रमा पथ का सोमवार को बैरसिया विधायक विष्णु खत्री लोकार्पण किया। यह निर्माण कार्य 9 करोड़ 60 लाख की लागत से पूर्ण हुआ है।

इस प्रसिद्ध देव स्थल के परिक्रमा के लिए रोजाना हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंचते हैं। इस



परिक्रमा स्थल की कुल दूरी 11 किलोमीटर की दूरी में भक्त पैदल नंगे पैर परिक्रमा करते हैं। सोमवार को विधायक खत्री वाहन से 11 किलोमीटर की परिक्रमा कर भगवान देवनारायण मंदिर बरखेड़ी देव पहुंचे, यहां से 1 किलोमीटर पैदल धर्म ध्वज लेकर मंदिर तक पहुंच और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। विधायक खत्री ने कहा कि में सर्वांगीण विकास के लिए में हमेशा प्रयासरत रहूंगा।

नौ दिवसीय श्रीरामचरित मानस कथा का समापन

## कथा सुनने मात्र से मनुष्य के मन से मिट जाता है राग, द्वेष



**मंडीदीप।** नगर के सोनी निवास पर चल रही नौ दिवसीय श्रीरामचरित मानस कथा का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान कथावाचक सुरेशचन्द्र मिश्रा ने अंतिम दिन कथा सुनाते हुए कहा कि रामचरित मानस के श्रवण से मन के राग, द्वेष, ईर्ष्या और भेदभाव स्वतः समाप्त हो जाते हैं। यह मन को शांत करता है और हिंसक भावनाओं को रोकता है। उन्होंने राम नाम की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि राम का नाम अनमोल है और यदि पापी भी राम का नाम लेता है, तो उसे सदगति मिल जाती है। जिनके हृदय में प्रभु के प्रति भाव जागते हैं, उन पर हरि की कृपा होती है। कथा के विश्राम दिवस सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा सुनकर भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपहरण कर उसके साथ डरा-धमकाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी गौरीशंकर उर्फ अभिषेक को विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट ने भादंसं की धारा- 363, 366, 376, 376(2) एन, 376(3) एवं पाक्सो एक्ट की धारा- 5एल/6 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 2,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष न्यायाधीश ने पीड़िता के परिजन की आर्थिक स्थिति को देखते हुए लाख रुपए का प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश दिए हैं। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक लक्ष्मी कसाव और मनोज त्रिपाठी द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार 13 अप्रैल 2021 को पीड़िता की माता प्रकरण दर्ज कराया था।

11-11 नवअंकुरित बैग और सदस्यता कार्ड प्रदान किया

## 100 से अधिक नवांकुर सखियां बनीं परिषद की स्थायी सदस्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधायक सुरेन्द्र पटवा के आत्मनिर्भर मप्र एवं लखपति दीदी की दिशा में मप्र जन अभियान परिषद के 'नवांकुर सखी, हरियाली यात्रा' अभियान के अंतर्गत ग्राम अमोदा, गौहरगंज में 100 से अधिक महिलाओं को जन अभियान परिषद का स्थायी सदस्य बनाया गया। सभी महिलाओं को 11-11 नवअंकुरित बैग देकर सदस्यता कार्ड प्रदान किया।

महिलाओं द्वारा रिमझिम बारिश के बीच उत्साह के साथ हरियाली यात्रा खेड़ापति मंदिर तक निकाली गई। कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपलियागोली, ग्राम पंचायत, महिला बाल विकास, एनआरएलएम के संयुक्त प्रयास से किया गया।

यात्रा में मुख्य अतिथि समाजसेवी हरगोविन्द वर्मा, रूपेश चौहान जनपद सदस्य, ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार, शिक्षिका प्रीति वर्मा, नवांकुर हरनाम सिंह ककोडिया, बारेलाल नायक, वीर सिंह चौहान, कैलाश नायक, मेंटर प्रेमनारायण सोनी, सुनैना लोवंशी, भूपेन्द्र नागर, ईश्वरी दयाल सेन, प्रेमनारायण प्रजापति, रमेश चौहान सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।



## 10वीं के विद्यार्थियों ने किया प्रिंटिंग प्रेस का भ्रमण

**संतनगर।** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल, भोपाल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को मेश प्रिंटिंग प्रेस का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की पढ़ाई से आगे बढ़कर एक वास्तविक औद्योगिक अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित प्रिंटिंग प्रेस की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने प्लेट तैयार करने, पेपर चयन, ऑफसेट एवं डिजिटल प्रिंटिंग, स्याही मिश्रण, कटिंग, फोल्डिंग, बाइंडिंग, पैकेजिंग एवं डिस्पैचिंग जैसे विभिन्न चरणों को समझा।

झलारकलां की जर्जर स्कूल भवन में डर के साए में पढ़ने को मजबूर बच्चे

# शा. प्राथमिक शाला की छत से टपकता पानी, झड़ता प्लास्टर और बाहर झांकते लोहे के सरिए दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक क्षेत्र में कई जगहों पर पानी भर गया है। वहीं स्कूल के रास्ते में भी पानी भर जाने के कारण बच्चों और शिक्षकों का स्कूल तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। बच्चे दीवारें फांदकर आना-जाना कर रहे हैं जो सुरक्षित नहीं है। नगर के वार्ड 20 स्थित झलारकला की शासकीय प्राथमिक शाला की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है।

स्कूल की छत से टपकता पानी, जगह-जगह से झड़ता प्लास्टर और छत की राडे दिखने लगी है, कई स्थानों पर बड़ी-बड़ी दरारें भी आ गई हैं। इस खतरनाक स्थिति में बच्चे यहां पढ़ने को मजबूर हैं। रहवासियों ने शिक्षा





**प्रांगण में घूमते हैं जहरीले जीव-जंतु**

शासकीय प्राथमिक शाला झलारकला के प्रांगण में बारिश का पानी भरने से चारों तरफ गंदगी, फैली है, वहीं जहरीले जीव-जंतुओं का डर हर समय बच्चों पर सताता रहता है। यहां पढ़ने वाले बच्चे और शिक्षक रोज जान जोखिम में डालकर स्कूल आते हैं।

विभाग को इस स्थिति की जानकारी कई बार दी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। रहवासीयो का कहना है कि स्कूल के जर्जर भवन से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

नगर पालिका सहित प्रशासनिक अधिकारियो को कई बार स्कूल की समास्या से अवगत कराया है। मासूम बच्चे जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर है। साथ ही स्कूल तक आन-जाने वाला रास्ता भी पूरी तरह जलमग्न है। इसके बावजूद जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**मुन्नवर पटेल,** पूर्व सरपंच, नयापुरा

इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय स्तर पर निर्देश दिए गए हैं। शिक्षकों से भी कहा गया है कि वे स्कूल परिसर में भरे हुए पानी को अपने स्तर पर निकलवाने का प्रयास करें और बीईओ को भेजकर समास्या को दिखवाता हूं।

**डीडी रजक, डीईओ,** रायसेन

**शराब के लिए रुपए न देने पर हमला करने वाले दोषी को 3 साल की सजाः भोपाल।** हमीदिया अस्पताल के सिक्योरिटी सुपरवाइजर को शराब पीने के लिए रुपए देने से इंकार करने पर छुरी मारकर घायल करने वाले आरोपी लाइक खान उर्फ पहलवान (42) निवासी बढ़खेड़ी भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश प्रीति साल्वे ने दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 3000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2738 | | |
| दिनः | 334 | 05 | 168 |
| रातः | 177 | 58 | 558 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 240 | 60 | 145 |
| रातः | 445 | 30 | 299 |

15वीं पुण्यतिथि
स्वर्गवास दि. 29/07/2010

स्व. श्री उमाशंकर तिवारी
(कक्का जी)
जिनसे हम दम भरा करते थे,
वो हमसे जुदा हो गए।
महान कर्मयोगी को हमारा भावपूर्ण वंदन
।। विनम्र श्रद्धांजलि ।।
उषा तिवारी (पत्नी), स्वाति (पुत्रवधु), तपन-रश्मि (पुत्र-पुत्रवधु)
वर्षा-राजीव, पूनम-सौरभ (पुत्री-दामाद), मल्लिका, युवराज,
कार्तिक, शैवी, तनिष्का, शौर्य, विराट (पौत्र-पौत्री)
ई-4/179, अरेरा कॉलोनी, भोपाल
My Publicity

## मंत्री सिलावट ने की वर्षा और जलाशयों में जलभराव की स्थिति की समीक्षा

# मध्य प्रदेश के प्रमुख बांध लगभग 70 प्रतिशत भरे, औसत बारिश भी 54 प्रतिशत अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के प्रमुख बांधों में जल भराव की स्थिति भी अच्छी है। पिछले वर्ष आज की स्थिति में प्रदेश के प्रमुख बांधों में लगभग 43.67% औसत जल भराव था, जबकि इस वर्षाकाल में अच्छी बारिश के चलते प्रदेश के प्रमुख बांधों में 69.45% जलभराव हो चुका है।

प्रदेश के 22 बांधों के जल द्वार (गेट) खोले जा चुके हैं। इसके साथ ही साथ मप्र में बारिश की स्थिति काफी अच्छी है। इस मानसून में मप्र में अब तक में 645.20 मिमी वास्तविक बारिश दर्ज की गई है। यह प्रदेश की औसत वर्षा से 54% अधिक है।



### बांधों के गवर्निंग लेवल के दृष्टिगत गेटों का संचालन

मप्र के सभी प्रमुख बेसिन में बांधों के जल ग्रहण क्षेत्र में मौसम विज्ञान विभागकी ओर से जारी वर्षा के पूर्वानुमान, पानी की आवक और बांधों के गवर्निंग लेवल के दृष्टिगत गेटों का संचालन किया जा रहा है, जिससे बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में है। रिजर्वायर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम में चिन्हित प्रदेश के 286 प्रमुख बांधों में से 86 बांधों में 90% से अधिक, 31 बांधों में 75% से 90% तक तथा 40 बांधों में 50% से 75% तक जल भराव हो चुका है। इसी प्रकार 59 बांधों में 25 प्रतिशत से 50% तक, 35 बांधों में 10% से 25% तक तथा 35 बांधों में 10% से कम जल भरा हुआ है।

### अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

*राज्य के पूर्वी हिस्से में औसत से 66% अधिक एवं पश्चिमी हिस्से में औसत से 44% अधिक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले वर्ष आज की स्थिति में मप्र में वास्तविक वर्षा 447.40 मिलीमीटर दर्ज हुई थी, जो कि प्रदेश की औसत वर्षा से 7% अधिक थी। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने सोमवार को मुख्य अभियंता बोधी कार्यालय स्थित राज्य बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्रदेश में वर्षा और जलाशयों में जलभराव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।*

### नर्मदा नदी बेसिन में जलभराव की स्थिति

नर्मदा बेसिन अंतर्गत प्रमुख बांधों के जलग्रहण क्षेत्र में औसत से अधिक वर्षा दर्ज होने से लगभग सभी बांधों में जल भराव की स्थिति सामान्य से अधिक है। जबलपुर जिले में बरगी बांध 78.36 प्रतिशत, रायसेन जिले में बारना 72 प्रतिशत, नर्मदापुरम में तवा बांध 79.47 प्रतिशत, सीहोर में कोलार बांध 56 प्रतिशत, खंडवा में इंदिरा सागर बांध 76 प्रतिशत एवं ओंकारेश्वर बांध 43.47 प्रतिशत भर चुका है। प्रदेश के गंगा बेसिन अंतर्गत निर्मित बड़ी परियोजनाओं में शहडोल स्थित बाणसागर में 81.18 प्रतिशत एवं सीधी स्थित महान बांध में 81.24 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। बाणसागर बांध के जलग्रहण क्षेत्र में गत दिनों भारी वर्षा दर्ज की गई।

### प्रमुख बांधों में पेंच छिंदवाड़ा में 53.03 प्रतिशत जलभराव

वैनगंगा बेसिन के तहत प्रदेश के प्रमुख बांधों में पेंच छिंदवाड़ा में 53.03 प्रतिशत, संजय सरोवर सिवनी में 80.31 प्रतिशत एवं बालाघाट स्थित राजीव सागर में 30.36 प्रतिशत जल भराव है। बेतवा बेसिन बेसिन तहत प्रमुख बांधों में भोपाल जिले में स्थित केरवा एवं कलियासोत बांध में क्रमशः 18.83 एवं 65.38 प्रतिशत जल भराव की स्थिति है। सम्राट अशोक सागर हलाली 31.66 प्रतिशत, संजय सागर बांध 34.09 प्रतिशत और राजघाट 72.25 प्रतिशत भर चुके हैं।

### बांधों के जलग्रहण क्षेत्र में जुलाई में अत्यधिक वर्षा दर्ज

प्रदेश के शेष बेसिन जैसे सिंध, केन, धसान में भी बांधों के जलग्रहण क्षेत्र में माह जुलाई में अत्यधिक वर्षा दर्ज हुई है। प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के छतरपुर, टीकमगढ़, निवारी जिलों में पिछले दिनों भारी वर्षा दर्ज की गई। धसान बेसिन में बाणसुजारा बांध 51.22 प्रतिशत एवं पन्ना में पवई बांध 49.53 प्रतिशत जलभराव में है।

## खबर संक्षेप

### प्रकृति संरक्षण के प्रयासों में सहभागिता बढ़ाना जरूरी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस (वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे) के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के प्रयासों में सहभागिता बढ़ाना जरूरी है। प्रदेशवासी इस दिशा में संकल्पबद्ध होकर कार्य करें। यह दिवस हम सभी को प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण के प्रयासों को गति देने के लिए प्रेरित करता है।

### सीएम अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 जुलाई मंगलवार को दोपहर 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में 'अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस' के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। वे इस अवसर पर वन्य जीव ट्रांस लोकेशन, रेस्क्यू एवं डॉग स्क्वॉड वाहनों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री वन्य जीव संरक्षण गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन कर वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वन सुरक्षा समितियों, ईको विकास समिति, ग्राम वन समिति और वन कर्मियों को पुरस्कृत भी करेंगे।

### कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण कार्यशाला आज

**भोपाल।** पशुपालन विभाग में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला 29 जुलाई को सुबह 9 बजे से राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में होगी। कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों के पशुपालन विभाग के अधिकारी, पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी तथा केंद्रीय वीर्य संस्थान के प्रभारी उपस्थित रहेंगे। पशुपालन मंत्री पटेल ने बताया कि दुग्ध उत्पादन को 9% से बढ़ाकर 20% तक किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि आवश्यक है कि प्रदेश में उपलब्ध गौवंश एवं भैंसवंश पशुओं में नस्ल सुधार किया जाए। कार्यशाला में तरल नत्रजन एवं सीमन का प्रबंधन, कृत्रिम गर्भाधान तकनीक, प्रजनन रोग नियंत्रण आदि पर चर्चा करेंगे।

### 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह सुबह 9 बजे से होगा शुरू

**भोपाल।** 15 अगस्त को राजधानी में भी 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन लाल परेड ग्राउंड पर सुबह 9 बजे से होगा। सोमवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह आयोजन की तैयारियों को लेकर अफसरों की बैठक ली। बुजुर्ग स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को घर जाकर अफसर सम्मान करेंगे। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि बारिश के मद्देनजर सभी इंतजाम पुख्ता किए जाएं। कार्यक्रम में आने वाले स्कूली बच्चों और परेड में भाग लेने वाले पुलिस बल का विशेष ध्यान रखा जाए।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी का दो दिवसीय भोपाल प्रवास

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह 29 एवं 30 जुलाई को भोपाल प्रवास पर रहेंगे। डॉ. सिंह 29 एवं 30 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## मप्र विधानसभा अध्यक्ष तोमर की पहल पर दिवंगत नेताओं के योगदान को स्मरण करने के लिए हुआ निर्णय

# मप्र के पूर्व दिवंगत विधानसभा अध्यक्षों एवं मुख्यमंत्रियों की जयंती एवं पुण्यतिथि विधानसभा में मनाई जाएगी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की 16वीं विधानसभा के षष्टम सत्र की शुरुआत सोमवार को हुई। सत्र से पहले कार्यमंत्रणा समिति में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की पहल पर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अब प्रदेश के सभी दिवंगत पूर्व विधानसभा अध्यक्षों एवं मुख्यमंत्रियों की जयंती एवं पुण्यतिथि विधानसभा में मनाई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, मंत्रियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदान का स्मरण किया जाएगा।

विधानसभा सचिवालय में आयोजित कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में मानसून सत्र के कामकाज के संबंध में विचार-विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने की। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायक अजय बिश्नोई, मीना सिंह मांडवे, हरिशंकर खटीक, राजेन्द्र भारती, यादवेंद्र सिंह, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे सहित प्रमुख सचिव एपी सिंह मौजूद थे।



### इन नेताओं के निधन पर दी श्रद्धांजलि

मानसून सत्र के पहले दिन कार्यवाही की शुरुआत में निधन का उल्लेख हुआ। इस दौरान 22 अप्रैल को कश्मीर के अनंतनाग के पहलगाम में हुए आंतकी हमले में मृत प्रदेश एवं देश के सभी पर्यटकों, 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मृत यात्रियों सहित अनेक मेडिकल छात्रों के अलावा भूतपूर्व विधान सभा सदस्य राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह, रघुनाथ चौधरी, शिवशंकर लाल मुन्ना खेरी, खेमराज पाटीदार, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री सरदार सुखदेव सिंह ढींढसा, भूतपूर्व केंद्रीय उप मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास, भूतपूर्व मुख्यमंत्री गुजरात विजय कुमार रमणीकलाल रूपाणी, सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता मनोज कुमार, सुप्रसिद्ध लोक कलाकार रामसहाय पांडे को सदन में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। निधन के उल्लेख में अध्यक्ष तोमर के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह, भवर सिंह शेखावत, शैलेंद्र कुमार जैन ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विधानसभा सचिवालयीन अधिकारियों का ड्रेस कोड लागू

विधानसभा के वेल आफ द हाउस में बैठकर कार्यवाही की नोटिंग एवं अन्य प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वाले मप्र विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। मानसून सत्र के पहले दिन वे सभी अधिकारी, रिपोर्टर एक विशेष ड्रेस कोड में नजर आए। अब वेल में बैठने वाले अधिकारियों के लिए लोकसभा की तर्ज पर यह ड्रेस कोड सत्र की कार्यवाही के दौरान लागू रहेगा। इस ड्रेस कोड को भारतीय परिधान परंपरा के अनुसार से डिजाइन किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने विस अध्यक्ष तोमर का किया अभिवादन

इससे पूर्व मानसून सत्र के शुभारंभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में अध्यक्ष तोमर का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर मंत्री प्रहलाद पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, विधानसभा के प्रमुख सचिव सिंह मौजूद थे।

### विपक्ष सदन में उठा सकता है विधानसभा में प्रदर्शन पर रोक लगाने का मुद्दा

**भोपाल।** विधानसभा सचिवालय की ओर से विधायकों को पत्र भेजकर विधानसभा परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन न करने को कहा गया है। इसको लेकर विपक्ष एक जुट होकर विरोध कर रहा है। सोमवार को भी कांग्रेस विधायकों ने इसका विरोध किया। विपक्षी विधायक इस मुद्दे को सदन में उठाने की तैयारी में है। दरअसल विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने विगत 10 जुलाई को सभी विधायकों को एक परिपत्र भेजा था। इसमें विधायकों से सुरक्षा का हवाला देते हुए व्यवस्था में सहयोग करने की अपेक्षा की गई है। इसमें लिखा था कि विधानसभा परिसर और दर्शक दीर्घा में प्रवेश पत्र सीमित संख्या में जारी किए जाएंगे। विधायकों से अनुरोध है कि अपने एक निज सहायक और ड्राइवर का नाम, गाड़ी नंबर के साथ प्रवेश पत्र कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें।

## भाजपा विधायक ने सपा सांसद डिंपल यादव के अपमान पर दी प्रतिक्रिया

# वोट बैंक खोने के डर से नारी सम्मान की बलि चढ़ा रहे सपा अध्यक्ष : रीति पाठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी की विधायक रीति पाठक ने समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव के बारे में एक मुस्लिम नेता के अपमानजनक बयान को लेकर प्रतिक्रिया दी है। विधायक रीति पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव मुस्लिम वोट बैंक खोने के डर से सिर्फ उनकी पत्नी डिंपल यादव ही नहीं, बल्कि नारी सम्मान की बलि चढ़ा रहे हैं। क्या उनके लिए वोट बैंक की राजनीति एक महिला की गरिमा से अधिक महत्वपूर्ण है? पाठक ने कहा कि 23 जुलाई को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा नेताओं के साथ अपने वोट बैंक के तुष्टिकरण के लिए नई दिल्ली की एक मस्जिद में एक राजनीतिक बैठक की, जिसमें उनकी पत्नी और मैनपुरी से लोकसभा सांसद डिंपल यादव, उनकी ही पार्टी के अन्य सांसद जैसे जिया उर रहमान बर्क और इकरा हसन भी शामिल थे। इस पर कई मुस्लिम संगठनों ने आपत्ति जताई है। बैठक में डिंपल यादव के पहनावे को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के प्रमुख मौलाना शाहबुद्दीन रिजवी ने आपत्तिजनक बयान दिया और मौलाना मोहिबुल्ला नदवी पर भी निशाना साधा और कहा कि मस्जिद में राजनीतिक बैठक बुलाना शर्मनाक है। मौलाना साजिद रशीदी ने तो लाइव टीवी पर डिंपल यादव के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। यही नहीं, बल्कि मौलाना साजिद रशीदी और मौलाना शाहबुद्दीन रिजवी ने अखिलेश यादव और डिंपल यादव से माफी की मांग भी की है।

### अखिलेश यादव की चुप्पी आश्चर्यजनक और शर्मनाक

भाजपा विधायक रीति पाठक ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव की चुप्पी आश्चर्यजनक और शर्मनाक है। जब एक महिला जनप्रतिनिधि और स्वयं उनकी पत्नी डिंपल यादव का सार्वजनिक रूप से अपमान किया जा रहा है, तब अखिलेश यादव मौन क्यों हैं? क्या उनके लिए वोट बैंक की राजनीति एक महिला की गरिमा से अधिक महत्वपूर्ण है? उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की चुप्पी बताती है कि उन्हें डर है कि अगर उन्होंने इन मौलानाओं के बयानों का विरोध किया तो उनका परंपरागत वोट बैंक नाराज हो जाएगा।



पटवारी ने सरकार की शराब नीति पर उठाए गंभीर सवाल

### बोले- पिछले 10 साल में जहरीली शराब पीने से 1330 लोगों की हुई मौत

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार की शराब नीति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से लेकर 2025 तक मध्य प्रदेश में पिछले 10 साल में नकली और जहरीली शराब पीने से 1330 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं, जिसने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और लापरवाह शराब नीति की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की शराब उदारीकरण नीति ने शराब माफिया को बेलगाम कर दिया है और इसका खामियाजा प्रदेश की जनता, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को भुगतना पड़ रहा है।

# हैदराबाद, पुणे से बड़ा होगा भोपाल मेट्रोपोलिटन शहर

**विधानसभा में विधेयक लाने की तैयारी**

- भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर और राजगढ़ होंगे एक
- पांच जिलों की 17 तहसीलों को किया जाएगा मर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश सरकार राज्य विधानसभा में महानगर योजना एवं विकास अधिनियम 2025 पेश करने की तैयारी कर रही है, जो पूरे क्षेत्र में शहरी विकास को नए सिरे से किया जाएगा। इस विधेयक के पास होते ही इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन को महानगरीय क्षेत्रों के रूप में चिन्हित कर लिया जाएगा। इसमें सबसे पहले भोपाल को मेट्रोपोलिटन सिटी बनाया जाएगा। जिसमें भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर और राजगढ़ शामिल होगा। अगर भोपाल को इन जिलों से जोड़ा जाता है तो यह देश के पांच महानगरों में शुमार होगा, जो क्षेत्रफल के मामले में हैदराबाद और पुणे से आगे निकल जाएगा। प्रस्तावित भोपाल मेट्रोपोलिटन सिटी में (बीएमआर) 8 हजार वर्ग किलोमीटर का एरिया रखा गया है, जिसमें पांच जिलों की 17 तहसीलें शामिल होंगी। इसमें हुजूर, कोलार, सीहोर शहर, विदिशा शहर, नरसिंहगढ़ आदि क्षेत्र शामिल होंगे, जो अनुमानित 35 लाख की आबादी आएगी।

### निवेश के बढ़ेंगे अवसर

अफसरों का दावा है कि भोपाल को मेट्रोपोलिटन का दर्जा मिलने से इन जिलों का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, जिससे औद्योगिक निवेश में बढ़ोतरी की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। सरकार भोपाल को मेट्रोपोलिटन शहर बनाने के साथ इस क्षेत्र के विकास के लिए 14 महीने का प्लॉन भी पेश करेगी। इस विधेयक के पास होने के बाद राज्यपाल इसकी सार्वजनिक अधिसूचना जारी करेंगे।

## दिव्यांग हेल्पलाइन 1800-233-4397 से जरूरतमंदों को मिल रहा सहयोग

# दिव्यांगजनों को जरूरत के मुताबिक लाभ दिलाएं, दिव्यांगता परमात्मा का परम अंश और इनकी सेवा परमात्मा की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामाजिक समानता और समरसता लोक कल्याणकारी राज्य का प्राथमिक दायित्व है। समाज के सभी वर्गों, विशेषकर दिव्यांगजनों और कमजोर वर्गों के हितों की पूर्ति एवं उनका संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

सरकार दिव्यांगजनों को संबल देकर उन्हें समर्थ और सशक्त बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजन परमात्मा का परम अंश है और इनकी सेवा परमात्मा की सेवा है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामाजिक न्याय विभाग की ओर से संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। इसके लिए योजना कियान्वयन की सतत निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिव्यांगजनों के विकास एवं कल्याण के लिए अब तक हुए प्रयासों की जानकारी ली।

## 300 दिन विद्युत उत्पादन करने का बना रिकॉर्ड

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 ने लगातार दूसरी बार बनाया नया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं व कार्मिकों के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ने 210 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट को लगातार 300 दिन तक संचालित करने में सफलता हासिल की है।

यूनिट ने अपनी स्थापना के बाद दूसरी बार 300 दिन विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया। इस यूनिट ने दूसरी बार एक अक्टूबर 2024 से 28 जुलाई 2025 तक 300 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया। इससे पूर्व इस यूनिट ने 27 अगस्त 2023 से 22 जून 2024 तक 300 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का नया रिकॉर्ड बनाया था।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह के यूनिट नंबर 5 के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि समर्पण, कड़ी मेहनत व प्रतिबद्धता से लक्ष्य अर्जित करने का यह सर्वश्रेष्ठ व अनुकरणीय उदाहरण है। अभी सारनी की यूनिट नंबर 10 के नाम सर्वाधिक 305 दिन सतत विद्युत उत्पादन का रिकॉर्ड दर्ज है। मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट नंबर 10 के खाते में सर्वाधिक 305 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड दर्ज है। इस यूनिट ने यह उपलब्धि वित्तीय वर्ष 2022-23 में हासिल की थी।

# आईपीएस और एसपीएस के परिवीक्षाधीन अफसरों की नवीन पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय पुलिस सेवा और राज्य पुलिस सेवा के डेढ़ दर्जन परिवीक्षाधीन अफसरों की नवीन पदस्थापना की गई है। गृह विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार आयुष जाखड़ एएसपी धार से एसडीओपी करैरा शिवपुरी , गौरव पांडे एएसपी रीवा से एसडीओपी सिंगरौली, मिनी शुक्ला एएसपी उज्जैन से एसडीओपी नरसिंहगढ़, राजकृष्णा एएसपी सागर से एएसपी सबलगढ़, सुजावल जग्गा एएसपी देवास से नगर पुलिस अधीक्षक धार, आदित्य सिंघारिया एएसपी इंदौर से एसडीओपी सिहोरा, मनस्वी शर्मा एएसपी भोपाल से एसडीओपी त्योंथर, मनीष भरद्वाज एएसपी सतना से सहायक पुलिस आयुक्त एमपी नगर नगरीय पुलिस भोपाल, विक्रम अहिरवार एएसपी रतलाम से सीएसपी नागदा , जेंडेन लिंगजर्पा एएसपी ग्वालियर से एसडीओपी महिदपुर, कृष्ण कुमार पांडे एसडीओपी सिंगरौली से एसडीओपी निवाड़ी, रवीन्द्र वास्कले सीएसपी धार से एसडीओपी अटेर, पारूल शर्मा एसडीओपी सीहोरा से डीएसपी अजाक कटनी, शिवनारायण मुकाती कार्यवाहक एसडीओपी करैरा से कार्यवाहक एसीपी नगरीय पुलिस भोपाल में नवीन पदस्थापना दी गई है।

## आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

# जब व्यक्ति आत्मचिंतन करता है तो संबंधों की गहराई को समझता है और आंतरिक शांति की ओर बढ़ता है तभी सच्चे आनंद की अनुभूति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान में तीन दिवसीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विभिन्न जिलों से आए 52 अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला का आयोजन राज्य आनंद संस्थान आनंद विभागकी ओर से किया गया।

कार्यशाला में संस्थान के निदेशक सत्यप्रकाश आर्य ने कहा कि मानव का मूल स्वभाव आनंदित रहना है। जब व्यक्ति आत्मचिंतन करता है, संबंधों की गहराई को समझता है और आंतरिक शांति की ओर बढ़ता है, तभी सच्चे आनंद की अनुभूति होती है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने आत्म-निरीक्षण, जीवन मूल्य, कृतज्ञता, क्षमा, संबंध सुधार तथा सेवा भावना जैसे विषयों पर केंद्रित सत्रों में भाग लिया। कार्यशाला के संचालन में राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर अनिल कांबले, मनीष परमार, यमुना विश्वकर्मा, मनीषा कांबले, मीनू पांडे, प्रदीप महतो, मुकेश आर्य तथा अजीत महतो प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण जीवन में नई दृष्टि एवं संतुलन लेकर आया

कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से जीवन में नई दृष्टि एवं संतुलन आएगा। यह कार्यशाला न केवल कर्मचारियों के मानसिक एवं भावनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक प्रयास है, बल्कि शासन स्तर पर सकारात्मक मनोवृत्ति को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

## सामान्य से सात फीसदी अधिक, पर असमान बारिश

# लद्दाख और राजस्थान की 'मूसलाधार' ने चौंकाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में एक जून को मानसून की शुरुआत के बाद से सामान्य से सात प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई लेकिन वर्षा का स्तर विभिन्न राज्यों में असमान रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों से यह जानकारी प्राप्त हुई। इस अवधि के दौरान देश में 418.9 मिमी सामान्य वर्षा के मुकाबले 447.8 मिमी वर्षा हुई, जिसमें क्षेत्रवार बारिश के स्तर में काफी भिन्नताएं थीं। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान, लद्दाख, नगालैंड, मणिपुर और सिक्किम में 'काफी अधिक' वर्षा दर्ज की गई है।

### यहां अधिक वर्षा

जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'अधिक' वर्षा (सामान्य से 20 से 59 प्रतिशत अधिक) हुई, उनमें मध्य प्रदेश, गुजरात, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, झारखंड और असम शामिल हैं। मध्य प्रदेश में 418.4 मिमी की तुलना में 645.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 54 प्रतिशत अधिक है। गुजरात में 463.2 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 35 प्रतिशत अधिक है।



### जहां कम वर्षा होती है वहीं ज्यादा हुई

राजस्थान में 200.4 मिमी सामान्य वर्षा के मुकाबले 384.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो 92 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार लद्दाख (जहां आमतौर पर कम वर्षा होती है) में 10.7 मिमी वर्षा के मुकाबले 30 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 181 प्रतिशत अधिक है। नगालैंड और मणिपुर में क्रमशः 514.5 मिमी और 457.9 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य के करीब है, जबकि सिक्किम में 598.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई जो सामान्य से 78 प्रतिशत अधिक है। आईएमडी ने कहा था कि पंजाब, हरियाणा, केरल और तमिलनाडु के कुछ अलग-अलग इलाकों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की जा सकती है। मानसून भारत के कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, जो लगभग 42 प्रतिशत आबादी की आजीविका का आधार है और सकल घरेलू उत्पाद में 18.2 प्रतिशत का योगदान देता है।

### छत्तीसगढ़ समेत इन राज्यों में इतनी बारिश

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा, गोवा, त्रिपुरा, मिजोरम, पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर, छत्तीसगढ़, पुडुचेरी और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सहित अधिकांश राज्यों में 'सामान्य' वर्षा हुई है, जो औसत से 19 प्रतिशत के भीतर है।

### यहां अब तक सामान्य से कम

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र और लक्षद्वीप में कम वर्षा (सामान्य से 20 से 59 प्रतिशत कम) दर्ज की गई है। अरुणाचल प्रदेश में 942.2 मिमी के मुकाबले 521.8 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 45 प्रतिशत कम है। बिहार में 272 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 474.2 मिमी से 43 प्रतिशत कम है। लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के आसपास के इलाकों, पूर्वोत्तर और बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की उम्मीद है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त 1, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल**
प्रकरण क्रमांक 0358/अ-6/सन्-25-28
मौजा लाम्बाखेड़ा ही हुजूर भोपाल

**उद्घोषणा पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक श्री मुक्ता प्रकाश शर्मा पुत्र श्री चेतराम शर्मा निवासी रेल्वे आवास 5 रैल्वे कालोनी बुढ़ार जिला शहडोल (म.प्र) ने म.प्र.भू-रा.संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर क्रय की गई भूमि स्थित ग्राम लाम्बाखेड़ा तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक-281/1/1, 281/1/2 281/1/3 281/1/4, 281/1/4/2, 281/4 रकबा 520 वर्गफिट भूमि का नामान्तरण राजस्य अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 04.08.2025 को या इस से पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समया वधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक को 28.07.2025 जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसीलदार-हुजूर, भोपाल

## बैडमिंटन खेलते युवक को हार्ट अटैक, मौत

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

नागोले स्टेडियम में बैडमिंटन खेलते समय 25 साल के युवक की अचानक हुई मौत से हर कोई सन्न है। डॉक्टरों का दावा है कि युवक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। घटना रविवार रात की है, जब गुंडला राकेश अपने दोस्तों के साथ स्टेडियम में बैडमिंटन खेल रहा था, तभी अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ा। दोस्तों ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान खम्मम जिले के थल्लाडा गांव के पूर्व उप सरपंच गुंडला वेंकटेश्वरलू के बेटे गुंडला राकेश के रूप में हुई। राकेश हैदराबाद में एक प्राइवेट कंपनी में कर्मचारी था और नियमित रूप से बैडमिंटन खेलने स्टेडियम जाता था। हृदय रोग विशेषज्ञ इस बात पर जोर देते हैं कि हार्ट अटैक के लक्षणों की समय पर पहचान सबसे महत्वपूर्ण है।



## पेज एक का शेष...

### राजगढ़ में बाढ़ जैसे...

में कई इलाकों में पानी भर गया है। नीमच में भी नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से नीमच-कोटा स्टेट हाईवे बंद हो गया है। खिलचीपुर में गाडगंगा नदी उफान पर है। जिससे शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। घरों-दुकानों में पानी घुस गया है। सड़कों पर 3-3 फीट तक पानी भर गया। नीमच के सिंगोली की ब्राह्मणी व ताल नदी उफान पर है। इससे नीमच-कोटा स्टेट हाईवे पूरी तरह बंद हो गया है। शिवपुरी में सिद्धेश्वर मंदिर मार्ग पर रविवार रात को नाले पर बनी पुलिया पर दो मगरमच्छ खुलेआम घूमते दिखाई दिए।

**24 घंटे में सर्वाधिक बारिश:** रविवार से सोमवार तक सिंगोली में सर्वाधिक 263.3 मिमी बारिश हुई। ब्यावरा 186.4, सुसनेर 180.4, भानपुरा 180.0, जीरापुर 177.0, खिलचीपुर 145.6, मनासा 144, गरोठ 142.2, जावद 136.0, नीमच 105, सुवासरा 96.2, नलखेड़ा 96, बड़ौद 95, शामगढ़ में 87 मिमी बारिश हुई है। शेष प्रदेश के अधिकांश जिलों में औसतन 20 मिमी तक बारिश हुई।

### सुबह 8:30 से शाम 5:30...

मध्य प्रदेश में 66 फीसदी और पश्चिमी हिस्से में औसत से 44 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज हो चुकी है। प्रदेश में अब तक कुल 645.2 मिमी बारिश हुई है। सामान्य तौर पर अब तक 418.4 मिमी बारिश होती है। पूर्वी मप्र में सर्वाधिक वर्षा टीकमगढ़ में 1073.4 मिमी और पश्चिमी हिस्से में सबसे अधिक बारिश शिवपुरी में 909.5 मिमी बारिश हो चुकी है।

### लड़ाई हमेशा बराबरी...

दलगत भेदभाव से ऊपर उठकर 'संगच्छध्वं संवदध्वं' के मंत्र से प्रेरणा लेकर एक साथ खड़े हों। हम इस राष्ट्रीय संकल्प को मजबूत करें, यही हम सबका राष्ट्रीय दायित्व है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह समय एकजुट होकर अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और आत्मसम्मान की रक्षा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का है। हमें यह याद रखना होगा कि हमारी सामाजिक और राजनीतिक एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

### हमारे कितने विमान...

में होने चाहिए। रक्षा मंत्री ने विपक्ष को सलाह देते हुए कहा कि जब लक्ष्य बड़े हों, तो छोटे मुद्दों में नहीं उलझना चाहिए। उन्होंने विपक्ष को आईना दिखाते हुए कहा कि जब भाजपा विपक्ष में थी, तो उसने सरकार से सार्थक सवाल पूछे, लेकिन अब विपक्ष केवल नकारात्मकता फैला रहा है। वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध का उल्लेख करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि उस समय हमने सैनिकों की चिंता की थी, न कि केवल हथियारों की। उन्होंने कहा कि भाजपा जब विपक्ष में थी, तब उसने सरकार से पूछा था कि हमारी जमीन पर किसी और देश का कब्जा कैसे हुआ और सैनिकों की इतनी जानें कैसे गईं? उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का भी उदाहरण दिया और कहा कि जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाया था, तब अटल जी ने संसद में पूरे नेतृत्व की तारीफ की थी-चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष।

### आतंकी पहलगाम में ...

सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ हैं। रक्षा मंत्री कुछ दिन पहले वहां गए थे, फिर भी आप उन्हें पकड़ नहीं पा रहे हैं। बैसरन, जहां हमला हुआ था, वहां एम्बुलेंस पहुंचने में लगभग एक घंटा लग गया। सेना पैदल आई थी। मैं वो दृश्य नहीं भूल सकता, जब एक मां और उसकी बेटी ने एक भारतीय सैनिक को देखा, वे रोने लगीं। उन्हें लगा कि बैसरन में लोगों को मारने वाला सैनिक की वर्दी पहने आतंकवादी उनका इंतजार कर रहा है। उस सैनिक को कहना पड़ा कि वह एक भारतीय है और आप सुरक्षित हैं। वहां के लोगों में इसी तरह का आतंक था। राजनाथ जी, आपको इस आतंक पर एक शब्द बोलना चाहिए था। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हम राजनाथ सिंह जी से जानना चाहते हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान गिराए गए। हमें यह सिर्फ जनता को ही नहीं, बल्कि अपने जवानों को भी बताना होगा, क्योंकि उनसे भी झूठ बोला जा रहा है।'

**ललन सिंह का पलटवार...मुंबई हमले में दहशतगर्द कहां से आए थे?:** केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन ललन सिंह ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के दौरान आतंकी घटनाओं में 614 लोग मारे गए और आप हमसे सवाल पूछ रहे हैं। आप पूछ रहे हैं कि पहलगाम में आतंकी कैसे घुसे। मुंबई के 26/11 हमले में दहशतगर्द कहां से आए थे?

### अचानक 10 मई को...

घुटने टेकने को तैयार था, तो आप क्यों रुके और किसके सामने आत्मसमर्पण किया? अमेरिकी राष्ट्रपति ने 26 बार कहा है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को युद्धविराम की घोषणा करने के लिए मजबूर किया। गोगोई ने कहा कि आखिर में पहलगाम हमले की जिम्मेदारी कौन लेता है? जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल। अगर किसी को जिम्मेदारी लेनी है, तो वह केंद्रीय गृह मंत्री हैं। केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्र सरकार उपराज्यपाल के पीछे नहीं छिप सकते। सरकार इतनी कमजोर है कि उसने कहा कि टूर ऑपरेटर लोगों को उनकी अनुमति या लाइसेंस के बिना बैसारन ले जाने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी सऊदी अरब से वापस आ गए, लेकिन उन्होंने पहलगाम का दौरा नहीं किया। अगर कोई पहलगाम गया, तो वह हमारे नेता राहुल गांधी थे।

### श्री चंद्रमौलेश्वर के...

मंदिर के लिए रवाना हुई। इससे पहले सवारी शुरू पर पूर्व मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद पालकी में विराजित भगवान को मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल ने सलामी दी। सवारी में घुड़सवार पुलिस, सशस्त्र बल, होमगार्ड के जवान, भजन मंडली, झांझ मंडली व पुलिस बैंड भी शामिल हो रहे।

### रात 12 बजे खुल गए...

गए। एक दिन में करीबन 10 लाख श्रद्धालुओं के दर्शन करने की संभावना बताई जा रही है। दर्शन के लिए भक्तों से रात 10 बजे से कतार लगना शुरु हो गई थी, और क्रम रात्रि 2 बजे तक चलता रहा। बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन किए। माना जाता है, मालवा साम्राज्य के परमार राजा भोज ने 1050 ईस्वी में लगभग मंदिर का निर्माण करवाया था। इसके बाद सिंधिया परिवार के महाराज राणोजी सिंधिया ने 1732 में महाकाल मंदिर का रेनोवेशन करवाया था। श्री नागचंद्रेशर भगवान की प्रतिमा को नेपाल से लाकर यहां स्थापित किया गया था। ऊपर की ओर सूर्य और चंद्रमा भी हैं। माना जाता है सर्पराज तक्षक ने शिव जी को मनाने के लिए घोर तपस्या की थी। तपस्या से भोलेनाथ खुश हो गए थे और उन्होंने सांपों के राजा तक्षक को अमरत्व का वरदान दिया गया था। मान्यता है उसके बाद नागराज तक्षक ने भोलेनाथ के साथ ही रहना शुरू कर दिया था, लेकिन भोलेनाथ को ये अच्छा नहीं लगा, क्योंकि वो शांति में ध्यान लगाना पसंद करते हैं। राजा तक्षक ने इस मंशा को पहचान लिया और भोले बाबा के एकांत में किसी भी तरह का विघ्न न पड़े, इसलिए साल में एक बार ही उनके दर्शन करने आने लगे। और यही वजह है केवल नाग पंचमी के दिन उनके कपाट खोले जाते हैं।

### झाबुआ कलेक्टर...

नुकसान पहुंचा और साइड ग्लास टूट गए। सुरक्षा बलों ने डंपर को कब्जे में ले लिया। झाबुआ के एसपी पद्मविलोचन शुक्ला ने कहा कि कलेक्टर सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में गाड़ी को नुकसान जरूर पहुंचा, लेकिन गाड़ी में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। डंपर जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया गया है। यह पता लगाया जा रहा है कि वह नशे में तो नहीं था। या ट्रक के ब्रेक फेल तो नहीं हुए थे?

### इन-हाउस कमेटी...

उनका कहना है कि जांच समिति ने पूर्व निर्धारित सोच के साथ काम किया और जल्दबाजी में निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए प्रक्रियात्मक न्याय की अनदेखी की। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए कई सख्त सवाल खड़े किए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सवाल किया- आप जांच समिति के सामने क्यों पेश हुए? क्या आप वहां से अनुकूल आदेश की उम्मीद कर रहे थे? कोर्ट ने यह भी पूछा कि अगर इन-हाउस कमेटी की वैधता पर ही सवाल उठाया जा रहा है, तो जस्टिस वर्मा ने पहले ही उस पैनल के समन को चुनौती क्यों नहीं दी? कोर्ट ने तर्क दिया कि यदि वे एक संवैधानिक पदाधिकारी हैं, तो यह कहना उचित नहीं कि उन्हें पूरी प्रक्रिया की जानकारी नहीं थी या अपील का अधिकार नहीं था। कोर्ट ने यह भी पूछा-यदि आप समिति के सामने पेश हुए थे, तो आपने उस दौरान अपने सारे तर्क क्यों नहीं रखे?

### अब तो 100 में से...

सब गर्लफ्रेंड- बॉयफ्रेंड के चक्कर में पड़े हैं। गौरतलब है कि एकांतिक वार्तालाप के दौरान कही महाराज की यह बात सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। जिसका लोग विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि वृंदावन के संतों को आखिर हो क्या गया है, वह लड़कियों को लेकर ऐसे बयान क्यों दे रहे हैं, आखिर वह लड़कियों से चाहते क्या हैं? इस मामले में कथावाचक कौशल ठाकुर का कहना है कि संतों के बिगडे बोल अपने सनातन धर्म को नुकसान पहुंचा रहे हैं। संतों को इस तरह की बयानबाजी नहीं करना चाहिए।

### विस परिसर में कांग्रेस...

साध लेती है। लेकिन चुनाव आते ही ओबीसी वर्ग को भ्रमित कर उनके वोट बटोरने की राजनीति शुरू हो जाती है।

### खिताबी जीत के बाद...

जीते। इसके बाद 2014 में डरबन में आयोजित अंडर-10 वर्ल्ड यूथ टाइटल और 2017 में ब्राजील में अंडर-12 कैटेगरी में भी खिताब अपने नाम किए।

### मंत्री विजय शाह की ...

करता है कि क्या उन्होंने जानबूझकर यह टिप्पणी की थी और अब माफी न मांगकर अपनी गलती नहीं मान रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इससे मंत्री की नीयत और ईमानदारी पर सवाल उठते हैं।







**नाम परिवर्तन**

मैं दीपक लोधी पुत्र श्री नवल सिंह लोधी आयु 46 वर्ष निवासी-जाफरखेड़ी, पोस्ट-छीरखेड़ा, जिला-विदिशा, म.प्र.। मेरी पुत्री के शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम व सरनेम प्रिया लोधी (PRIYA LODHI) पुत्री श्री दीपक लोधी (DEEPAK LODHI) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे उसका नाम त्रुटिवश प्रियंका लोधी (PRIYANKA LODHI) पुत्री दीपक लोधी (DEEPAK LODHI) दर्ज हो गया है। मेरी पुत्री का सही नाम व सरनेम प्रिया लोधी (PRIYA LODHI) पुत्री श्री दीपक लोधी (DEEPAK LODHI) है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरी पुत्री को प्रिया लोधी (PRIYA LODHI) पुत्री श्री दीपक लोधी (DEEPAK LODHI) के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र क्रमांक CV 070700



















## राशिफल

**मेष:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष:** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क:** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक:** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु:** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर:** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।


**मीन:** शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 5942



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5941 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल - 5952

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5951 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

### भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता

# इस समझौते से प्रदेश के उद्यमी और व्यापारी गदगद

समझौता वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर होने के साथ यह न केवल व्यापार के लिए एक जीत है बल्कि एक आधुनिक, मूल्य-आधारित साझेदारी का खाका है



## व्यापार समझौता प्रमुख विकास क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के विस्तार की नींव रखता है : पाली

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

उद्यमी और व्यापार जगत सहित सभी क्षेत्रों के लोगों ने गदगद है और भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते का बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया है। उद्योग और व्यापार जगत को प्रतिनिधियों ने कहाकि यह समझौता एक आधुनिक, दूरदर्शी साझेदारी स्थापित करता है जो नवाचार को प्रोत्साहित करेगा, बाज़ार पहुंच को आसान बनाएगा और निवेश को बढ़ावा देगा।

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहा कि भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते का प्रमुख विकास क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के विस्तार की नींव रखता है। उन्होंने इस समझौते को वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर बताया और कहाकि यह न केवल व्यापार के लिए एक जीत है, बल्कि एक आधुनिक, मूल्य-आधारित साझेदारी का खाका है जो नवाचार, स्थिरता और समावेशी विकास को वैश्विक सहयोग के केंद्र में रखती है

### समझौते के तहत करीब 1143 उत्पादों पर टैरिफ शून्य हो जाएगा: नवनीत

सराफा कारोबारी और बाजार विशेषज्ञ नवनीत अग्रवाल ने वर्तमान में ब्रिटेन को निर्यात 94.1 करोड़ डॉलर का है। शुल्क रियायतों के साथ अगले तीन वर्षों में यह आंकड़ा बढ़कर 2.5 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जिससे हमारे क्षेत्र में कुल द्विपक्षीय व्यापार अनुमानित 7 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। माना जा रहा है कि समझौते के तहत करीब 1143 उत्पादों पर टैरिफ शून्य हो जाएगा।

### कृषि को बल, उद्योग को संबल और युवाओं को नए रोजगार के अवसर देगा: वासिक

*क्रेडाई भोपाल के पूर्व अध्यक्ष वासिक हुसैन ने का कहना है कि पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और कंबोडिया जैसे देशों को ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त व्यापार की सुविधा थीं। अब भारत भी इस श्रेणी में शामिल हो गया है। इससे भारतीय रेडीमेड गारमेंट्स की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। होम टेक्सटाइल्स, कालीन और हस्तशिल्प जैसे उत्पादों की मांगों में अचानक बढ़ोतरी की उम्मीद है। यह समझौता मध्यप्रदेश के लिए कृषि को बल, उद्योग को संबल और युवाओं को नए रोजगार के अवसर देगा।*

### निवेश और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे: शैलेंद्र गुप्ता

*लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ भोपाल के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता के अनुसार राज्य सरकार स्थानीय उत्पादकों को वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण, और निर्यात सहायता केंद्रों की स्थापना पर कार्य कर रही है। भारत और ब्रिटेन ने बीते दिनों एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे न केवल निर्यात के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि निवेश और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। विशेष रूप से टेक्सटाइल, लेदर, रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद, और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों को लाभ होगा।*

### मध्य प्रदेश में विदेशी निवेश आ सकता है : प्रेम दुबे

*चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जबलपुर के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने कहाकि भारत और यूके के बीच मुक्त व्यापार समझौता मध्य प्रदेश के उद्योगों के लिए कई तरह से फायदेमंद हो सकता है। यह समझौता दोनों देशों के बीच निवेश को बढ़ावा देगा, जिससे मध्य प्रदेश में विदेशी निवेश आ सकता है और औद्योगिक विकास को गति मिल सकती है। निर्यात में वृद्धि और औद्योगिक विस्तार के साथ, मध्य प्रदेश में रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। मध्य प्रदेश टेक्सटाइल और लेदर उद्योग का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, और एफटीए इन उद्योगों को विशेष रूप से लाभान्वित करेगा।*

# आईसीएफएआई लॉ स्कूल ने 'एस जयपाल रेड्डी लोकतंत्र पुरस्कार' की मेजबानी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद



कैपिटल फाउंडेशन सोसाइटी के सहयोग से आईसीएफएआई लॉ स्कूल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी कहा कि 'आज की राजनीति, जो विचारधारा से हटकर त्वरित कार्रवाई की ओर बढ़ गई है और लोकतंत्र की जड़ों को चुनौती दे रही है। जयपाल रेड्डी जैसे नेताओं को याद करने की जरूरत है, जिन्होंने लोगों के उत्थान और समग्र विकास के लिए अथक परिश्रम किया और अपने विश्वास के मूल्यों पर अडिग रहे। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने समाज के लिए उल्लेखनीय सेवा करने वाले व्यक्तित्वों को विभिन्न पुरस्कार भी प्रदान किए। उन्होंने भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमन को अटॉर्नी जनरल के परासरन पुरस्कार प्रदान किया। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ.जीवी राव ने अटॉर्नी जनरल सोली जे सोराबजी पुरस्कार प्राप्त किया। मद्रास उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता पीएच अरविंद पांडियन ने भारत के सॉलिसिटर जनरल दीपांकर गुप्ता पुरस्कार प्राप्त किया। मैसूर एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एसएस रामदास ने अटॉर्नी जनरल के वेणुगोपाल पुरस्कार प्राप्त किया। बीवी सुब्बा राव प्रतिष्ठित पर्यावरण विशेषज्ञ ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पुरस्कार प्राप्त किया। कैपिटल फाउंडेशन पुरस्कार कर्नल (डॉ.) आई वी एस गहलोत, सीईओ और चिकित्सा निदेशक, पार्क अस्पताल, मुख्यमंत्री ने सीएमआर यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल स्टडीज के डीन प्रोफेसर डॉ. टीआर सुब्रमण्यम को महाधिवक्ता एसजी सुंदरस्वामी पुरस्कार से सम्मानित किया। एडवोकेट एवं सामाजिक कार्यकर्ता एम.सुनील कुमार को कैपिटल फाउंडेशन सोशल एक्टिविस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि विश्व स्नूकर चैंपियन अनुपमा रामचंद्र को जस्टिस ए.के. सीकरी यंग अचीवर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आईसीएफएआई फ़ाउंडेशन फ़ॉर हायर एजुकेशन के कुलपति प्रो. एलएस गणेश ने कहा कि भारत को सामूहिक प्रतिभा के लिए प्रयास करना चाहिए और बौद्धिक गतिविधियों में पश्चिमी मान्यता पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए। कैपिटल फ़ाउंडेशन के महासचिव विनोद सेठी और कैपिटल फ़ाउंडेशन के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. के. पुरुषोत्तम रेड्डी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईसीएफएआई सोसाइटी की अध्यक्षा श्रीमती शोभारानी यशस्वी, आईसीएफएआई लॉ स्कूल के निदेशक डॉ. पी. रवि शेखर राजू और आईसीएफएआई लॉ स्कूल के डॉ. के. हरिहरन ने की।

## खबर संक्षेप

### एआईसीटीई का एरोविजन ड्रोन लैब का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** मानव रचना यूनिवर्सिटी में ड्रोन प्रशिक्षण एवं नवाचार केंद्र 'एरोविज़न ड्रोन लैब' का उद्घाटन हुआ। एआईसीटीई के सहयोग और एवीपीएल की साझेदारी में स्थापित यह लैब भारत की भविष्य-उन्मुख, कुशल ड्रोन वर्कफोर्स को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उद्घाटन प्रो. (डॉ.) अनिल सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष नेशनल एजुकेशनल टेक्नोलॉजी फोरम , नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन और नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल के अध्यक्ष ने किया।

### केल्टनटेक का शुद्ध लाभ 79.8 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** केल्टन टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ने रिकॉर्ड तिथि के पश्चात 1:5 स्टॉक स्प्लिट की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। कंपनी ने बोर्ड बैठक में 55,00,000 वारंट्स के निर्गम एवं आवंटन के ज़रिए 69.30 करोड़ तक की राशि जुटाने की घोषणा की थी। इस पूंजी संचयन में प्रमोटर समूह की इकाई मैटनिक फिनवेस्ट एलएलपी द्वारा 45,00,000 वारंट्स (56.70 करोड़)और गैर-प्रमोटर निवेशकों करणजीत सिंह एवं श्रीनिवास पोटलुरी द्वारा 10,00,000 वारंट्स की सदस्यता शामिल है।

### वीटी मार्केट्स ने दिया 21 लाख का डोनेशन

**नई दिल्ली।** वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी वीटी मार्केट्स ने अपनी 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर दक्षिण-पूर्वी एशिया के स्कूलों में 1,000 न्यूकैसल यूनाइटेड ब्रांडेड फुटबॉल डोनेट करने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही कंपनी ने न्यूकैसल यूनाइटेड फाउंडेशन को करीब 21 लाख का डोनेशन भी दिया है। यह डोनेशन क्लब की काराबाओ कप जीत और यूईएफए चैंपियंस लीग में वापसी की उपलब्धि को समर्पित है। कंपनी के रणनीतिक साझेदारियों और निवेश के ज़रिए आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं।

### कोटक एक्टिव मोमेंटम फंड लांच

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने 'कोटक एक्टिव मोमेंटम फंड' लांच करने की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो मोमेंटम थीम पर आधारित है। यह फंड कंपनी के इन-हाउस विकसित मॉडल के आधार पर उन शेयरों की पहचान करता है। यह स्कीम 29 जुलाई से 12 अगस्त 2025 तक सार्वजनिक निवेश के लिए खुली रहेगी। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर नीलेश शाह ने कहाकि कोटक म्युचुअल फंड में हमने एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जो आगे की सोच रखता है।

### भारतीय बीमा ब्रोकिंग उद्योग में विदेशी निवेशकों की रुचि : त्रिपाठी

# बीमा दलालों को उच्च प्रशासनिक मानक और व्यावसायिक नैतिकता बनाए रखनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ मुंबई



आईआरडीएआई के वितरण सदस्य सत्यजीत त्रिपाठी ने बीमा दलालों को आगाह किया कि वे मूल्यांकन बढ़ाने और व्यवसाय करने के लिए सूचीबद्ध होने के लिए कोई भी तीखा व्यवहार न अपनाएं, जो आगे चलकर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। भारतीय बीमा ब्रोकिंग उद्योग में विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ रही है और इस क्षेत्र के दिग्गजों को यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए कि प्रशासनिक मानक उच्च रहें और व्यावसायिक नैतिकता बनी रहे। त्रिपाठी भारतीय बीमा दलाल संघ (आईबीएआई ) के 24वें स्थापना दिवस पर उसे संबोधित कर रहे थे। बीमा वितरण क्षेत्र के कई संस्थानों और अन्य ने अपने द्वारा सृजित मूल्य पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। इस क्षेत्र में विलय और अधिग्रहण और विभाजन में रिकॉर्ड गतिविधियों से इसकी पुष्टि होती है। हम इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की बढ़ती रुचि देख रहे हैं। त्रिपाठी ने कहा कि नियामक इस क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन बढ़ती गतिविधियों को देख रहा है। त्रिपाठी ने कहाकि बीमा दलालों को प्रतिभाओं को पोषित करना होगा और व्यवसाय के उन पहलुओं पर ध्यान देना होगा ।

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण के विद्यार्थियों ने किया इंजीनियरिंग डिप्लोमा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन



**भोपाल।** राधारमण समूह के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। सिविल इंजीनियरिंग फाइनल सेमेस्टर में दीपक कुमार 9.04 एसजीपीए के साथ पहले स्थान पर रहे। उनके बाद अभिषेक कुमार ने 8.28 एसजीपीए के साथ दूसरा और जगजीतन कुमार ने 7.92 एसजीपीए के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में सुगंधा कुमारी 8.92 एसजीपीए के साथ टॉपर रहीं। रौशन राज और मोहित पांडाग्रे ने 8.77-8.77 एसजीपीए हासिल कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान साझा किया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग फाइनल ईयर में सुख सागर बार्डे ने 8.28 एसजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुशमेश कुमार पांडेय और सोहैल आलम ने 8.20-8.20 एसजीपीए के साथ दूसरा स्थान साझा किया।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में मना कलचुरी महासभा का 90वां स्थापना दिवस



**भोपाल।** अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा का 90वां स्थापना दिवस समारोह आगामी 2 एवं 3 अगस्त 2025 को राजधानी भोपाल स्थित एलएनसीटी विश्वविद्यालय परिसर (कोलार रोड) के भव्य सभागार में उत्साह एवं गौरव के साथ आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जेके अस्पताल परिसर के एसएमई सभागार में संपन्न हुई। महासभा के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट एमएल राय ने बताया कि 2 अगस्त को दोपहर 3 बजे राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक तथा 3 अगस्त को प्रातः 10 बजे से स्थापना दिवस समारोह एवं खुला मंच कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में देशभर से कलचुरी समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी, बुद्धिजीवी, प्रतिनिधि एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी भाग लेंगे। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जय नारायण चौकसे करेंगे।

### मानसरोवर समूह के संस्थापक की 5वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि



**भोपाल।** मानसरोवर समूह के संस्थापक और मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रथम कुलाधिपति ब्रह्मलीन कमलाकांत तिवारी की पांचवीं पुण्यतिथि पर मानसरोवरेश्वर महावीर मंदिर प्रांगण और प्राचीन संकटमोचन हनुमान मंदिरगादिया सरकार में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान मानसरोवर परिवार के सदस्यों ने महान शिक्षाविद् ब्रह्मलीन कमलाकांत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पुण्यस्मरण किया। केके तिवारी शिक्षा जगत की एक जानी-मानी शख्सियत रहे। जिन्होंने अपनी दूरदृष्टि और अथक प्रयासों से सन 1995 में श्री सांई ग्रामोत्थान समिति की स्थापना की। इस मौके पर मानसरोवर समूह के प्रतिकुलाधिपति इंजी. गौरव तिवारी ने कहा कि मेरे पिताजी केवल पिता नहीं बल्कि मेरे गुरु थे जो मेरे आदर्श रहे।

### आईईएस यूनिवर्सिटी में सेव टाइगर अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य सेव टाइगर अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक बाघ जंगल और हम का आयोजन आईईएस कैंपस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ इंजि बीएस यादव, फाउंडर चांसलर, आईईएस यूनिवर्सिटी, डॉ.स्वाति मोघे डायरेक्टर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया, मप्र एवं छग अजय मिश्रा, एडमिनिस्ट्रेशन मेनेजर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया मप्र एवं छग द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इंजिनियर बीएस यादव ने कहाकि बाघ न केवल हमारे पारिस्थितिक तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान भी हैं। नुक्कड़ नाटक में शहर के कई विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और पर्यावरणविदों ने भाग लिया। जिसमें सभी नाटक के उपरांत जूरी मेंबर डॉ. स्वाति बाघमारे, रिटायर्ड वन विभाग अधिकारी, ज्योति सवारिकर, वरिष्ट रंग कर्मी एवं शिक्षा विद एवं अनु हितेश तोरिया, स्कूल शिक्षा एवं सूचना सलहाकार, नुक्कड़ नाटक लेखक एवं निर्देशक ने आईआईएफएम इंस्टिट्यूट भोपाल को प्रथम, पटेल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट दूसरा एवं आनंद विहार कन्या महाविद्यालय ने तृतीय स्थान हासिल किया। जिनको आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा क्रमशः नकद 5000, 3000 एवं 2000 के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### पारंपरिक वेशभूषा में हरियाली तीज महोत्सव संपन्न



**भोपाल।** विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के तत्वावधान में भव्य हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन की प्रदेश अध्यक्ष प्रो. उमा विश्वकर्मा एवं जिला अध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा ने की। इस अवसर पर धरती मां के नाम एक वृक्ष संकल्प के साथ पौधरोपण किया गया एवं पर्यावरण सरंक्षण की शपथ भी दिलाई गई। प्रदेश अध्यक्ष प्रो. उमा विश्वकर्मा ने कहाकि रियाली तीज केवल पर्व नहीं, यह हमारी सांस्कृतिक परंपराओं, प्रकृति और नारी सशक्तिकरण का संगम है। जिला अध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा ने आयोजन की सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहाकि ऐसे आयोजन समाज में नारी भूमिका को नई पहचान देते हैं।

### असाटी वैश्य समाज ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव



**भोपाल।** असाटी समाज महिला समिति, भोपाल द्वारा हरियाली तीज का पर्व बड़े ही धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। यह भव्य आयोजन गोविंदपुरा विधानसभा में संपन्न हुआ, जिसमें समाज की महिलाओं ने पूरे उत्साह और पारंपरिक परिधानों के साथ भाग लिया।,कार्यक्रम की आयोजक डॉ. प्रीति असाटी और अंबर नायक असाटी ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। इस सुंदर और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समाज को एक नई ऊर्जा और एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर सरिता असाटी कोमल असाटी , अनुसुईया, अनुपमा गुप्ता असाटी, उर्मिला असाटी , अंशिका गुप्ता असाटी, रेशु असाटी, संगीता असाटी, कल्पना असाटी, शुभा नायक, लक्ष्मी असाटी, नायक कल्पना असाटी, अंजली असाटी,, किरण असाटी, आरती असाटी आभा असाटी सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

### बीसीसीआई के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली को मिली 'मानद डॉक्टरेट' की उपाधि




**भोपाल।** भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज(बीसीसीआई) के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली को भारत बौद्धिक सम्मेलन 2025 में बर्लिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी, अमेरिका द्वारा उद्योग में प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया है। इस उपाधि के बाद बीसीसीआई अध्यक्ष अपने नाम के पहुंले डाक्टर का उपयोग कर सकेंगे। जानकारी के अनुसार बर्लिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी ने विश्वविद्यालय की मानद डॉक्टरेट नीतियों के अनुरूप इस उपाधि से ऊपर के व्यक्ति को उनकी योग्यता के लिए सम्मानित किया है। इन्होंने उद्योग के विशिष्ट क्षेत्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (ऑनोरिस कॉसा) की मानद उपाधि की सभी आवश्यकताओं को पूरा किया है।

### रियलमी ने लांच किए दो नए 'एआई पार्टी स्मार्टफोन'

**नई दिल्ली।** रियलमी स्मार्टफोन ब्रांड ने रियलमी 15 प्रो 5जी और रियलमी 15 5जी लांच किए। ये स्मार्टफोन 'एआई पार्टी फोन' हैं, जो बेहतरीन कैमरा, एडवांस्ड एआई और शानदार परफॉरमेंस के साथ उद्योग में नया मानक स्थापित करते हैं। रियलमी 15 सीरीज़ में 50एमपी के अल्ट्रा-क्लियर ट्रिपल कैमरे के साथ 4के 60एफपीएस वीडियो रिकॉर्डिंग दी गई है, जिससे हर अवसर पर और हर एंगल से स्पष्ट एवं क्रिस्टल-क्लियर शॉट्स मिलते हैं। रियलमी 15 प्रो 5जी में 50एमपी का ट्रिपल अल्ट्रा क्लैरिटी कैमरा सिस्टम है। 24 एमएम के बराबर फोकल लेंथ तथा 1/1.56' के विशाल सेंसर के साथ इसमें 50एमपी का फ्लैगशिप सोनी आईएमएक्स896 ओआईएस मुख्य कैमरा दिया गया है, जो बेजोड़ क्लैरिटी, ब्राइटनेस, और जीवंत रंगों के साथ शानदार पोर्ट्रेट और बेहतरीन नाइटस्केप कैप्चर करता है।

### केंट आरओ सिस्टम्स अब कूलिंग सेगमेंट में

**नई दिल्ली।** केंट आरओ सिस्टम्स लिमिटेड जो पहले से ही वाटर प्यूरीफायर, एयर प्यूरीफायर और अन्य घरेलू उपकरणों के लिए जाना जाता है, ने अब कूलिंग सेगमेंट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। 'पनी ने कुहल ब्रांड के तहत पंखे लांच किए हैं, जो ऊर्जा-कुशल बीएलडीसी तकनीक का उपयोग करते हैं। केंट आरओ सिस्टम्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक महेश गुप्ता ने बताया कि बीएलडीसी पंखे सामान्य सीलिंग पंखों की तुलना में कम से कम 65 प्रतिशत अधिक ऊर्जा कुशल हैं। उन्होंने कहा कि यदि देश के 120 करोड़ घरेलू पंखों को बीएलडीसी प्रौद्योगिकी में परिवर्तित कर दिया जाए तो हम हर साल 2 लाख करोड़ रुपए की बिजली बचा सकते हैं। गुप्ता ने कहा कि भारत ने ऊर्जा-कुशल लाइटों, एसी और रेफ्रिजरेटर को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन 90 प्रतिशत घरों में सीलिंग फ़ैन का इस्तेमाल करने वालों में से केवल 3 प्रतिशत ही वर्तमान में ऊर्जा-कुशल पंखे इस्तेमाल करते हैं।

### टाटा पावर ने की नीमच में 431 मेगावाट पीक क्षमता की सौर परियोजना विकसित

**नई दिल्ली।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के नीमच में 431 मेगावाट पीक क्षमता की सौर परियोजना विकसित की है। यह परियोजना देश की हरित ऊर्जा क्षमता को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस परियोजना की खास बात यह है कि इसमें सिंगल-एक्सिस ट्रैकर और बाई-फेशियल ग्लास-टू-ग्लास सोलर मॉड्यूल का इस्तेमाल किया गया है, जो सूरज की दिशा को ट्रैक करते हैं और ज़मीन से वापस आने वाली रोशनीको भी उपयोग में लेते हैं। इससे बिजली उत्पादन में कम से कम 15 फीसदी की बढ़ोतरी होती है। यह प्रोजेक्ट 'सॉल्यूशन्स फॉर पावर प्रोड्यूसर' कैटेगरी में शामिल था और इसे 17 महीनों के भीतर पूरा कर लिया गया। यह सोलर प्लांट 2,000 एकड़ में फैला है और इसमें 7,65,408 बाई-फेशियल ग्लास-टू-ग्लास सोलर पैनल लगाए गए हैं।

### 1 अगस्त से लागू होंगे यूपीआई के नए नियम

**नई दिल्ली।** गूगलपे, फोनपे, पेटीएम या अन्य यूपीआई ऐप्स के जरिए ऑनलाइन पेमेंट करने वाले लोगों के लिए 1 अगस्त से कुछ नियमों में बदलाव होने जा रहा है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से कई फीचर्स को लिमिट किया जाएगा यानी लोग बार-बार फीचर यूज नहीं कर पाएंगे। दिन की एक लिमिट होगी।


खंड-1
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन
कार्यालय उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल, जिला बैतूल, मध्यप्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 4920/ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक- 25/07/2025

1. वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेसिफिकेशन | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजो का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लोहा | लोहा (टन में) 6 MM, 8MM,10 MM, 12 MM, 16 MM ISI (TMT) | 14000 Kg | 38000/- | 500/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई -प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 30.07.2025 शाम 05:00 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नही ।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल
जी-16399/25 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
तृतीय तल, आई.एस.बी.टी. भवन, होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल -462023

सार्वजनिक सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत बागमुगालिया परियोजनाओं के एल.आई.जी श्रेणी के शेष रिक्त आवासों में "First Deposite, First Choice" प्रक्रियायांतर्गत आवास हेतु पूर्ण राशि जमा करने वाले शेष हितग्राहियों को आवास चयन करने हेतु बैंक से प्राप्त सूची अनुसार जमा पूर्ण राशि दिनांक से वरीयता के आधार पर अवसर दिया जाना है। इस हेतु निम्न तालिकानुसार संबंधित परियोजना में नियत तिथि एवं समय अनुसार आवास चयन कराया जाना है:-

| क्र. | परियोजना का नाम | आवास चयन हेतु दिनांक | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | बागमुगालिया (एल.आई.जी) | दिनांक-31.07.2025 समय-सायं 04 बजे से | एच.एफ.ए कार्यालय आई.एस. बी.टी नगर निगम भोपाल |

अतः उक्त तालिका अनुसार संबंधित योजना के पूर्ण राशि जमा करने वाले हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि नियत तिथि एवं समय अनुसार आवास चयन हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। दिव्यांग हितग्राहियों को नियमानुसार वरीयता प्रदान की जायेगी हितग्राही की अनुपस्थिति व विलंब से उपस्थित होने के कारण वरीयता में अवसर खोने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं हितग्राही की होगी एवं हितग्राही द्वारा आवास चयन करने के उपरांत आवास में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नही किया जायेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नही कि जायेगी। अतः हितग्राही आवास चयन प्रकिया हेतु निर्धारित तिथि समय व स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे ।

जोनल अधिकारी (एच.एफ.ए)
नगर पालिक निगम भोपाल
सू.क्र. : 1989/025/026

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बैतूल (म.प्र.)
Web site: www.mp.gov.in/pwdmp E-mail: eepwdbetul@mp.nic.in

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, लोक निर्माण विभाग संभाग बैतूल के अधिनस्थ लो.नि.वि. उपसंभाग चिचोली के अंतर्गत निम्नलिखित जीर्ण-शीर्ण (कंडम) भवन की समस्त सामग्रियों "जहा है जैसी है" की स्थिति के आधार पर खुली नीलामी दिनांक 31/07/2025 को आयोजित की गई है। इच्छुक व्यक्ति अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (भ/स), उपसंभाग चिचोली के कार्यालय प्रांगण मे दिनांक 31/07/2025 दिन गुरूवार को अपरान्ह 3 बजे आवश्यक रूप से निर्धारित अमानती राशि जो कि, राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा जारी एफ.डी.आर जो कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स), संभाग बैतूल के नाम से देय हो, समय दोपहर 12:00 बजे तक बोलीकर्ता को अपनी पहचान हेतु आधारकार्ड की प्रति के साथ जमा की जाकर बोली लगाने हेतु उपस्थित हो सकते है। नीलाम की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | नीलाम की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण | आफसेट प्राईज | अमानति राशि | स्थान जहा सामग्री उपलब्ध है । |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली के (01) आवास (आर.सी.सी.), विकासखंड चिचोली, जिला बैतूल | 6310/- | 650/- | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली, विकासखंड चिचोली |
| 2. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली के (01) आवास, (कच्चा कवेलू) विकासखंड चिचोली, जिला बैतूल | 2163/- | 250/- | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली, विकासखंड चिचोली |
| 3. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली के (08) आवास, विकासखंड चिचोली, जिला बैतूल | 13648/- | 1500/- | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली, विकासखंड चिचोली |

शेष नियम एवं शर्ते अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. उपसंभाग चिचोली मे कार्यालयीन समय मे देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग बैतूल (म.प्र.)
जी - 16383/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# जवाब सुनने का धैर्य रखे विपक्ष, केवल हंगामा न करे

संसद सत्र के दौरान विपक्ष अगर किसी मुद्दे पर चर्चा चाहता है और किसी प्रश्न का जवाब चाहता है तो उसमें सुनने का धैर्य भी होना चाहिए और सरकार से मिले जवाब पर भरोसा भी करना चाहिए। सवालों के जरिये यदि विपक्ष की मंशा संसद में हंगामा कर ठप करने की है और मकसद केवल राजनीति करना है, तो फिर वो अपनी संसदीय भूमिका नहीं निभा रहा है। संसद का मानसून सत्र शुरू होने के दिन से कांग्रेस समेत इंडिया ब्लॉक के सभी विपक्षी दल पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम कराने के दावे, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण आदि मुद्दों पर चर्चा की मांग करते रहे हैं। सरकार ने सर्वदलीय बैठक में भी विपक्ष को आश्वासन दिया कि वह सभी मुद्दों पर नियम के दायरे में चर्चा के लिए तैयार है। अब सरकार अगर संसद में विपक्ष के प्रश्नों के संदर्भ में सिलसिलेवार जवाब दे रही है, तो विपक्ष न सुनने समझने के लिए तैयार है न ही यकीन करने करने को राजी है। लगता है कांग्रेस ने एक ही ध्येय बना लिया है कि येनकेन प्रकार संसद में हंगामा करना है और सत्र नहीं चलने देना है। ऐसा इसलिए लग रहा है कि सोमवार को जब संसद में कांग्रेस ने तीखे सवाल किए तो सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और गृहमंत्री अमित शाह ने बारी बारी से जवाब दिए, लेकिन इस दौरान कांग्रेस समेत इंडिया ब्लॉक के विपक्षी नेता हंगामा व नारेबाजी करते रहे। विपक्ष ने सरकार से जो सवाल पूछे हैं कि 100 दिन बीतने के बाद भी पहलगाम हमले के आतंकी अब तक क्यों नहीं पकड़े गए, ऑपरेशन सिंदूर अचानक क्यों रोका गया, भारत व पाक के बीच संघर्ष विराम को लेकर ट्रंप के दावों में कितनी सच्चाई है और पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के कितने लड़ाकू विमानों को नुकसान पहुंचा? आदि स्वाभाविक व जायज सवाल हैं, लेकिन विपक्षियों को सरकार का जवाब भी सुनना चाहिए और उस पर भरोसा करना चाहिए। विपक्ष के सांसद भी भारत के ही हैं और वे इसी देश की जनता के प्रतिनिधि हैं, इसलिए उनका दृष्टिकोण भी राष्ट्रीय होना चाहिए। उनके सवाल पूछने व उठाने के तरीकों से लगता है कि जैसे वे भारत के सांसद ही न हों। पुलवामा व उरी हमले के बाद हुए सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक के दौरान में कांग्रेस राष्ट्रीय हद से पार जाकर अपनी ही सेना की क्षमता को कटघरे में खड़ा कर रही थी। कम से कम सैन्य ऑपरेशन व कूटनीति-विदेश नीति के मसले पर तो देश में पचास से अधिक वर्ष शासन करने वाली कांग्रेस को तो राष्ट्रीय समझ के साथ सवाल उठाने चाहिए और आरोप लगाने चाहिए। संसद में सरकार ने साफ जवाब दिया कि ऑपरेशन सिंदूर सफल सैन्य एक्शन था, आतंकियों को सबक सिखाया गया, पाकिस्तान के हमले का करारा जवाब दिया गया, 8भारत व पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में राष्ट्रपति ट्रंप की कोई भूमिका नहीं है, बल्कि 22 अप्रैल से 17 जून के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कोई सीधी बातचीत नहीं हुई, तो विपक्ष को जवाब पर भरोसा होना चाहिए। प्रधानमंत्री भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि ट्रंप का दावा महज दावा ही है। हालांकि अभी तक पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगार पांच दहशतगर्दों का नहीं पकड़ा जाना पीड़ितों को न्याय की दिशा में बाधा है। कांग्रेस को सैन्य मसलों पर राजनीति छोड़ राष्ट्रीय हित में कम करना चाहिए। संसद में हंगामा कर उसे ठप नहीं किया जाना चाहिए।



एनईपी के 5 वर्ष
डॉ. ऐश्वर्या झा

शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नीति की जरूरत होती है। गुलाम मानसिकता के प्रतीक मैकाले की शिक्षा पद्धति को परिवर्तित करने के उद्देश्य से कोठारी आयोग (1964-1966) के अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष 1986 में पहली बार लागू और वर्ष 1992 में इसमें संशोधन किया गया था। 29 जुलाई, 2020 को 'मानव संसाधन विकास मंत्रालय' द्वारा के कस्तूरीरंगन समिति की अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की घोषणा हुई, जिसमें समता, गुणवत्ता, वहनीयता और उत्तरदायित्व जैसे मुद्दों पर विशेष बल दिया हैं एवं इस वर्ष इस नीति के पांच वर्ष पूरे हुए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति चार स्तरों - स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, शिक्षक शिक्षा, और व्यावसायिक एवं प्रौढ़ शिक्षा - में शैक्षिक ढाँचे को पुनर्परिभाषित करती है।

# शिक्षा क्षेत्र की कायापलट की जरूरत

शिक्षा हमेशा से मानव विकास, विकसित राष्ट्र एवं सामाजिक प्रगति के लिए आधारशिला मानी गई है। शिक्षा केवल धन उपार्जन, रोजगार सृजन, तथ्यों का संग्रह या आँकड़ों को याद रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक गहन बहुआयामी प्रक्रिया है जो व्यक्ति एवं मानव समाज के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक विकास को आकार देती है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति सफल और संपूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक और शारीरिक उपकरण प्राप्त करता है। शिक्षा प्रणाली ही अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। भारतीय शिक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे पुरानी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। प्राचीन भारत में शिक्षा, आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार पर केंद्रित थी। प्राचीन भारत में शिक्षा का उद्देश्य संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करना और उनका विस्तार करना था। शिक्षा गुरुकुलों, आश्रमों, धार्मिक स्थानों और घरों में दी जाती थी। तक्षशिला एवं नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया में शिक्षा का सबसे पुराने विश्वविद्यालय माने जाते रहे हैं।

किसी भी देश में शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नीति की जरूरत होती है। गुलाम मानसिकता के प्रतीक मैकाले की शिक्षा पद्धति को परिवर्तित करने के उद्देश्य से कोठारी आयोग (1964-1966) के अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष 1986 में पहली बार लागू और वर्ष 1992 में इसमें संशोधन किया गया था। 29 जुलाई, 2020 को 'मानव संसाधन विकास मंत्रालय' द्वारा के कस्तूरीरंगन समिति की अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की घोषणा हुई, जिसमें समता, गुणवत्ता, वहनीयता और उत्तरदायित्व जैसे मुद्दों पर विशेष बल दिया हैं एवं इस वर्ष इस नीति के पांच वर्ष पूरे हुए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। 34 वर्ष के अंतराल पर आई यह नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली के ढाँचे में तीसरा बड़ा सुधार है, जिसके माध्यम से रटंत आधारित शिक्षण, पाठ्यक्रम का अत्यधिक बोझ, निम्न शिक्षण परिणाम, उच्च शिक्षा पहुँच में असमानता और अपर्याप्त शिक्षक प्रशिक्षण जैसी समस्या का समाधान सुनिश्चित किए जाने का प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति चार स्तरों - स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, शिक्षक शिक्षा, और व्यावसायिक एवं प्रौढ़ शिक्षा - में शैक्षिक ढाँचे को पुनर्परिभाषित करती है। इसका लक्ष्य उच्च शिक्षा सहित संपूर्ण शिक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव लाना है, जहां बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा।

वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भारत की शिक्षा प्रणाली के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है। इस नीति के माध्यम से स्कूली पाठ्यक्रम में 10 + 2 ढांचे की जगह 5 + 3 + 3 + 4 का नया पाठयक्रम संरचना लागू किया गया है जो क्रमशः 3-8, 8-11, 11-14, और 14-18 उम्र वर्ग के बच्चों के लिए है, पाँचवी कक्षा तक मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई, विदेशी भाषाओं की पढ़ाई सेकेंडरी लेवल से आदि कई बदलाव किये गए हैं। स्कूली शिक्षा में 100% जीईआर, माध्यमिक स्तर तक सभी को शिक्षा, स्कूल से दूर रह रहे दो करोड़ बच्चों को दोबारा मुख्य धारा, उच्च शिक्षा संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटें, शिक्षक-



विद्यार्थी अनुपात स्कूल में 30:1 (सामाजिक - आर्थिक रूप से वंचित बच्चों की अधिकता वाले क्षेत्रों में 25:1), ईआईटी, आईआईएम की तर्ज पर ही समकक्ष बहुविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू) विकसित करने, दीक्षा पोर्टल पर बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर आधारित गुणवत्ता वाले संसाधनों का एक जगह संकलित कर डिजिटल माध्यम से सभी छात्रों को उपलब्ध करवाने, 2030 तक 100% युवा और प्रौढ़ साक्षरता की प्राप्ति करना एवं 2040 तक सभी शिक्षार्थियों के लिये गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना है। इस नीति में मूल्यांकन का अभिनव प्रयोग "परख" (PARAKH = Performance, Assessment, Review and Analysis of Knowledge for Holistic Development) है जो समग्र विकास हेतु ज्ञान की समीक्षा और विश्लेषण करती है। अधिकांश राज्यों ने नई 5+3+3+4 संरचना, आधारभूत संरचना, शिक्षकों की नियुक्ति, शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल सामग्री व मातृभाषा में शिक्षा, त्रिभाषा जैसे बिंदुओं पर क्रियान्वयन की दिशा में तेज़ प्रगति की है। इन पांच वर्षों में भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों ने विश्विद्यालय कॉलेजों की संख्या, जीईआर, छात्र-शिक्षक अनुपात, लैंगिक समानता अनुपात जैसे प्रमुख मापदंडों पर बेहतर प्रदर्शन किया है किंतु यह शिक्षा नीति के लक्षित दर से आधा भी नहीं है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

विगत दस वर्षों में संस्थानों की संख्या में 13.8% की वृद्धि, उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात बढ़कर 28.4% एवं यह वृद्धि बेहतर बुनियादी ढाँचे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी नीतियों के वजह हुई है। शिक्षा नीति के पूर्ण कार्यान्वयन में कुछ बाधाएं हैं। इसके शुरुआती कार्यान्वयन एवं प्रगति में कोरोना महामारी के कारण देरी हुई। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक चर्चा का अभाव एवं उसकी गलत व्याख्या और उदासीनता भी इसकी प्रगति में बाधक बनी। इन पाँच वर्षों में एनईपी के भाषा सूत्र को लेकर भ्रम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र और बहुभाषिकता को स्थानिक शिक्षा प्रणाली में अपनाने की बात कही गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चौथे तथा 22वें अध्याय में बहुभाषिकता और भाषा की शक्ति पर बात की गई है जिसमें मातृभाषा की अनिवार्यता को स्वीकार कर उसमें शिक्षा के महत्त्व को स्पष्ट किया गया है। राजनीतिक कारण हिंदी की तथाकथित प्रमुखता को आए दिन विवाद का मुद्दा बनाते हैं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु में हुआ विरोध इसका उदाहरण है। विश्वविद्यालयों में निजीकरण को लेकर भी संदेह की स्थिति है, जबकि एनईपी सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करने पर जोर देती है। शैक्षिक नीतियों का सफल कार्यान्वयन कई महत्वपूर्ण कारकों पर निर्भर करता है। एनईपी केवल परामर्शात्मक प्रकृति का है। कुछ राज्यों ने एनईपी से संबंधित कुछ मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की थी। हिमाचल प्रदेश एनईपी को औपचारिक रूप से लागू करने वाला पहला राज्य था, वहीं पांच वर्ष उपरांत भी कम से कम तीन राज्यों ने भी कार्यान्वयन के लिए सहमति नहीं दी है। भारत अपनी जीडीपी का लगभग 3-4% शिक्षा पर खर्च करता है, जबकि शिक्षा नीति के लक्ष्य 6% से कम है। भारत में शिक्षा पर खर्च, भूटान और मालदीव जैसे अन्य पड़ोसी देशों से भी कम है। नीति को विनियमित करने के लिए भारतीय उच्च शिक्षा आयोग का प्रस्ताव था जिसका गठन वर्तमान निकायों यूजीसी, एआइसीटीई आदि का विलय करके किया जाना चार वर्ष बाद भी लंबित है एवं 2025 के मानसून सत्र में शायद ही पारित हो। देश भर में विभिन्न संस्थानों में पिछले कई वर्षों से शिक्षक की कमी चिंता का विषय हैं। एनईपी को लागू करने के साथ शिक्षा क्षेत्र में बड़े निवेश की जरूरत है, ताकि कायाकल्प हो।

(लेखिका एसोसिएट प्रोफेसर, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## उद्यमो भैरवः



संकलित
दर्शन

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है? तब बताते हैं, 'उद्यमो भैरवः'।

## अर्जुन को अपनी विद्या पर था घमंड



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## समसामयिक



पंकज झा

# चर्च और कांग्रेस : यह रिश्ता क्या कहलाता है!

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार देश भर में रोज तकरीबन 18 हजार मुकदमें दर्ज किए जाते हैं। इन मुकदमों में जघन्य अपराधों से लेकर सामान्य अपराधों के विषय भी शामिल होता हैं। जमानतीय से लेकर गैर जमानतीय तक। हत्या से लेकर बलात्कार और धर्मांतरण तक के। चोरी और डकैती, तस्करी आदि से संबंधित भी। आप कल्पना कीजिए, अगर ऐसे हर अपराध दर्ज होने के बाद मुख्य विपक्षी कांग्रेस संसद तक को घेरने लगे, उसके तमाम बड़े कहे जाने वाले नेतागण ट्वीट/पोस्ट आदि करने लगे, तो कैसा होगा! कानून-व्यवस्था तक की स्थिति उसके बाद क्या होगी? ऐसा ही अटपटा मामला छत्तीसगढ़ में दो नन की गिरफ्तारी का है। सवाल यह है कि क्या हर मामले में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर ही अब कोई प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है? या कुछ विशेष संप्रदायों के मामले में यह तय किया जाएगा कि इन संप्रदायों से जुड़े विषयों पर राहुलजी की राय पहले ली जाय? क्या ऐसी कोई व्यवस्था संविधान में है? हर आरोपी को अंततः विहित व्यवस्था के तहत न्यायिक प्रक्रियाओं का सामना करना तो पड़ता ही है न? अगर आपको किसी आरोप में निरुद्ध किया गया है, तो न्यायिक व्यवस्था के तहत आपको अपना पक्ष कोर्ट में रखना ही होगा, दोषमुक्ति होने का और कोई उपाय है क्या?

छत्तीसगढ़ के बस्तर में नारायणपुर से कुछ आदिवासी लड़कियों को नौकरी का झांसा देकर आगरा ले जाने की सूचना पर दुर्ग पुलिस ने छापा मारा, और सूचना सही पाए जाने पर आरोपी महिला जो ईसाई मिशनरी से संबंधित थी, उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ऐसे न जाने देश भर में कितने मामले होते होंगे। विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में ह्यूमन ट्रैफिकिंग एक बड़ी समस्या है, जिस पर लगातार सरकारें कार्रवाई करती ही हैं। ऐसी कोई भी कारवाई कभी भी राजनीतिक मामला नहीं बनता है। हाल के दिनों में केवल जनवरी-जुलाई 2024 तक, छत्तीसगढ़ पुलिस ने 50 से अधिक तस्करी पीड़ितों को बचाया, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। पिछले वर्ष के एक मामले में तो छत्तीसगढ़ पुलिस ने रायपुर में एक अंतरराज्यीय तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया, जिसमें 15 नाबालिग लड़कियों को दिल्ली भेजा जा रहा था। तब भी 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जुलाई 2024 में रायपुर में तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर 8 नाबालिग लड़कियों को बचाया गया। मई 2024 में बस्तर से एक 12 बच्चों को तस्करी से बचाया, जो ईंट भट्टों में काम करने के लिए ले जाए जा रहे थे। इससे पहले सुरजपुर में पुलिस ने सामाजिक संगठनों की सहायता से 10 बच्चों को बचाया, फिर आदिवासी समुदायों से युवतियों को नौकरी का झांसा देकर तस्करी करने के कई मामले दर्ज किए गए।

मानव तस्करी का यह कृत्य न केवल बच्चियों को देह व्यापार में धकेलने संगठित रूप से यह किया जा रहा है, बल्कि अंग तस्करी आदि के लिए भी ऐसे घृणित अपराध होने की सूचना है। आखिर छत्तीसगढ़ के एक जिले से दो महिलाओं की गिरफ्तारी में ऐसा क्या विशेष है, जिसके कारण समूचे देश में कांग्रेस की बासी कढ़ी में इतना उबाल आ गया। अन्य विषयों से इसमें विशेषता केवल यह थी कि दोनों आरोपी महिला आईएसआई मिशनरी से जुड़ी थी और 'नन' थी। तो क्या छत्तीसगढ़ में पुलिस को अब कोई कार्रवाई करने से पहले यह देखना पड़ेगा कि आरोपी कोई ईसाई या मुस्लिम न हो? अगर ऐसे किसी के खिलाफ मुकदमें आदि दर्ज किए गए, तो कांग्रेस इस तरह अपनी समूची ताकत बस्तर की बेटियों का सौदा करने वालीं के पक्ष में झोंक देगी? जिस संविधान की बड़ी बड़ी बात राहुल गांधी जी करते हैं, क्या वह संविधान ऐसे किसी कृत्य की इजाजत देता है? क़ानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार प्रदेश की सरकार को आखिरकार क्यों केंद्रीय कांग्रेस से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र चाहिए भला? इससे पहले भी अनेक घटनाएँ हुई जिसमें केवल मत विशेष का होने के कारण कांग्रेस ने आँख मूँद कर समर्थन दिया। बस्तर में कमिश्नर और एसपी ने अलग-अलग पत्र लिख कर तब की भूपेश बघेल सरकार को ईसाई मिशनरियों में कारण पैदा हो रहे संकट से अवगत कराया था। लेकिन बजाय कोई सार्थक कदम उठाने में संदिग्धों से तब के मुख्यमंत्री दिल्ली में मुलाकात कर आए और बकायदा ट्वीट कर इसकी जानकारी भी साझा की थी। फिर कांग्रेस के ही विधायक ने तब मिशनरियों की सभा लेकर आदिवासियों के खिलाफ उनकी लड़ाई में साथ देने का वादा किया था। उस समय मिशनरियों के मंसूबे इतने आसमान पर थे कि राजधानी रायपुर में एक मिशनरी ने संविधान जलाने की धमकी तक दी थी, फिर भी तब की कांग्रेस सरकार न केवल उन तमाम हरकतों के विरुद्ध तटस्थ रही थी, बल्कि प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से उसे हवा भी देती रही थी।

बात चाहे भ्रष्टाचार की हो या तस्करी की, क़ानून व्यवस्था का विषय हो या साम्प्रदायिक मतांतरण आदि का। कांग्रेस को असुविधा पैदा करने वाले मुद्दों पर इस तरह न्याय प्रणाली के विरुद्ध झोंक देना, किसी अज्ञात दबाव में समूचे सिस्टम को बंधक बनाने की ऐसी कोशिश निंदनीय है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में क़ानून की दृष्टि में सभी एक हैं। सबको न्यायिक उपचार लेने का अधिकार है। लेकिन इस प्रणाली पर दबाव बनाना, किसी भी अज्ञात आरोपी के पक्ष में स्वयं ही कूद कर नतीजे पर पहुँच जाना। ख़ुद ही वकील, अपील और दलील बन जाना अनुचित है। नैसर्गिक न्याय का सिद्धांत है कि सौ दोषी भले बच जाये, पर किसी एक भी दोषी को सजा नहीं मिले, ऐसे उदार तंत्र पर भरोसा नहीं कर देश भर में गलत तरीके से माहौल बना कर कानून या संविधान को बंधक बनाने की साजिश सफल नहीं होने दी जायेगी। ऐसी गलत परिपाटी से किसी भी राजनीतिक समूह को बचना चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### बीमा सखी योजना से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा

केंद्र सरकार की बीमा सखी योजना न केवल महिलाओं के लिए उपयोगी होगी, बल्कि ग्रामीण भारत को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए महत्वपूर्ण है। किसानों लिए सरकार महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। केंद्र सरकार की अनेक योजनाएं महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण ही नही है, बल्कि गांवों में बीमा सखी योजना आर्थिक सुधारों के लिए मिल का पत्थर साबित हुई है। केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि किसान एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बयान दिया है कि मोदी के नेतृत्व में बीमा सखी योजना महिला शसक्तीकरण और ग्रामीण आर्थिक सुरक्षा देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। केंद्र और राज्य सरकार की अनेक योजना महिला सशक्तिकरण की तरफ विकास की बुलंदिया छूने के लिए पर्याप्त है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# किम की बहन ने द. कोरिया की सुलह पहल को ठुकराया

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन ने दक्षिण कोरिया की नयी सरकार के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है जिसमें उसने दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत की पेशकश की थी।




किम जोंग की बहन ने इस प्रस्ताव को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत करने में कोई रुचि नहीं है, चाहे उसका प्रतिद्वंद्वी कोई भी प्रस्ताव क्यों न पेश करे। किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग की इन टिप्पणियों से फिर से यह स्पष्ट होता है कि उत्तर कोरिया का निकट भविष्य में दक्षिण कोरिया तथा अमेरिका के साथ किसी भी प्रकार की कूटनीतिक बातचीत करने का कोई इरादा नहीं है। उत्तर कोरिया इस समय रूस के साथ अपने बढ़ते सहयोग पर अधिक ध्यान दे रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि उत्तर कोरिया को लगता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद भी वह रूस के साथ अपने संबंधों को पहले जैसा नहीं रख पाएगा, तो वह अपना रुख बदल सकता है। दक्षिण कोरिया के सरकारी मीडिया द्वारा जारी एक बयान में किम यो जोंग ने कहा, ''हम एक बार फिर आधिकारिक रुख स्पष्ट करते हैं कि सियोल (दक्षिण कोरिया) में चाहे कोई भी नीति अपनाई जाए और कोई भी प्रस्ताव रखा जाए, हमें उसमें कोई रुचि नहीं है।

## ऑफ बीट

# हरित ऊर्जा के लिए पृथ्वी पर पर्याप्त हाइड्रोजन मौजूद

पृथ्वी की महाद्वीपीय चट्टानों के सबसे पुराने हिस्सों ने अरबों वर्षों से बड़े पैमाने पर प्राकृतिक हाइड्रोजन उत्पन्न किया है और वैज्ञानिकों का मानना है कि यह गैस




पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद भंडारों में संचित हो सकती है, जो आने वाले वर्षों में वैश्विक हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थायी स्रोत बन सकती है। माली में एक गैस क्षेत्र से शुद्ध प्राकृतिक हाइड्रोजन का व्यावसायिक उत्पादन इसकी व्यापक संभावनाओं का प्रमाण है, जिसने अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोप के नीति-निर्माताओं का ध्यान आकर्षित किया है। तेजी से बढ़ रही रुचि साल 2023 के अंत तक दुनियाभर में 40 कंपनियां प्राकृतिक हाइड्रोजन की खोज में सक्रिय थीं और वर्ष 2024 से यह संख्या दोगुनी होने की संभावना जताई गई है। इसमें औद्योगिक निवेशकों और अंतरराष्ट्रीय खनिज कंपनियों की भागीदारी भी बढ़ी है तथा आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में नवाचार की भी संभावना है। हाइड्रोजन : एक बहुपयोगी संसाधन ईंधन परिष्करण, अमोनिया और उर्वरक उत्पादन तथा इस्पात उद्योग जैसे क्षेत्रों में पहले से ही हाइड्रोजन का उपयोग हो रहा है। ब्रिटेन सरकार के एक हालिया नीति पत्र के अनुसार, हाइड्रोजन को प्राकृतिक संसाधन के रूप में मान्यता दिए बिना इस क्षेत्र में निवेश और विकास को बढ़ावा देना मुश्किल है।

## X ट्रेंड f

### बहुत-बहुत बधाई



दिव्या देशमुख को मेरी हार्दिक बधाई, जो महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, मात्र उन्नीस वर्ष की आयु में। कोनेरू हम्पी उपविजेता रहीं और शतरंज विश्व चैंपियनशिप की दोनों फाइनलिस्ट भारत से थीं।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### महानता के दर्शन



'शैव सिद्धांत और चोल मंदिर कला' नामक एक बहुत अच्छी प्रदर्शनी देखी, जो तमिल इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिक महानता को दर्शाती है। यह देखने के बाद ऐसा लगा कि हमारी संस्कृति ने हमें कितनी अद्भुत सौगात दी है। जो दुनियाभर को मेल जोल के संस्कार दे रही है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### आपका बहुत अभिनंदन



अश्लीलता के विरुद्ध उदय माहुरकर आपके अभियान का युवा पीढ़ी, देश,धर्म व संस्कृति की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान होगा, यह लड़ाई भोगवाद व अध्यात्मवाद की है, अश्लीलता व भोगवाद के विरुद्ध महत्वपूर्ण विजय के लिए आपका बहुत अभिनंदन।

- बाबा रामदेव, योगगुरु

### खाना लाजवाब



हाल ही में, न्यूयॉर्क में मैंने घर का स्वाद चखा। उस शहर में, जो कभी सोता नहीं, मुझे सबसे अच्छा भारतीय रेस्तरां मिला जहां एक इंडियन के सपने एक प्लेट में सच हुए नज़र आए। खाना तो बहुत लाजवाब था।

- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# श्रावण मास का तीसरा सोमवार: भगवान ओंकारेश्वर-ममलेश्वर की निकली पालकी

## धार्मिक आस्था, भक्ति और उल्लास से ओतप्रोत रही तीर्थनगरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओंकारेश्वर

श्रावण मास के पावन अवसर पर तीसरे सोमवार को ज्योतिर्लिंग नगरी एक बार फिर भोलेनाथ की भक्ति में लीन हो उठी। बाबा ओंकारेश्वर की पारंपरिक पालकी यात्रा सोमवार को पूरे विधि-विधान, मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के साथ मंदिर परिसर से दोपहर 2 बजे नगर भ्रमण के लिये निकली। यह यात्रा पालकी में रखी जाने वाली ओंकारेश्वर भगवान की पंचमुखी प्रतिमा की मंदिर परिसर में मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी राव देवेन्द्र सिंह द्वारा विशेष आरती एवं पूजा-अर्चना के उपरांत प्रारंभ की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से सहभागिता भी की। पालकी यात्रा में भक्तों ने हर-हर महादेव, ॐ नमः शिवाय एवं भोलेशंभू-भोलेनाथ के गगनभेदी जयकारों के साथ नाचते-गाते बाबा ओंकारेश्वर की शोभायात्रा का स्वागत किया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा की गई और भजन-मंडलियों ने शिव भक्ति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### कोटि तीर्थ घाट पर रुद्राभिषेक



मंदिर परिसर से चलकर भगवान भोलेनाथ की पालकी ओंकारेश्वर के पौराणिक महत्व के कोटि तीर्थ घाट पावन नर्मदा तट पंहुची। यहां पर सवा दो क्विंटल दूध से भगवान ओंकारेश्वर का वैदिक पंडितों ने रुद्राभिषेक किया। यह दृश्य अत्यंत भावुक करने वाला था, जहां भक्तों ने भावविभोर होकर दर्शन किए और पुण्य लाभ अर्जित किया। दूध, गंगाजल,भांग,भस्म पंचामृत व पुष्पों से हुआ यह अभिषेक भोलेनाथ की महिमा का जीवंत प्रमाण बन गया। इस अवसर पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था, नगर परिषद एवं मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई सफाई व्यवस्था, और सेवा भी उल्लेखनीय रही। ओंकारेश्वर में सावन सोमवार की यह दिव्यता और भक्ति-भावनाओं से भरी हुई यह यात्रा, श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव बन गई। नगरवासियों एवं बाहर से आए भक्तों के अनुसार यह आयोजन उन्हें शिव के और निकट ले आया।

## महाकाल की सवारी में 4 जनजातीय नृत्यों और बैंड की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई

सोमवार को भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण मास की तृतीय सवारी निकाली गई, जिसमें भगवान श्री महाकालेश्वर श्री चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी में, हाथी पर श्री मनमहेश के रुप में और गरुड़ रथ पर श्री शिव तांडव रूप में विराजित होकर अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकले। भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी निकलने के पूर्व सभामंडप में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर का षोडशोपचार से पूजन अर्चन संपन्न कराया गया। मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत सपत्नीक, राकेश शुक्ला एवं लखन पटेल ने भी भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन अर्चन किया। पूजन पश्चात भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर पालकी में नगर भ्रमण पर निकले। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस के जवानों द्वारा पालकी में विराजित भगवान चंद्रमौलेश्वर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सवारी परंपरागत मार्ग महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्शी बाजार और कहारवाडी से होती हुई रामघाट पहुंची। क्षिप्रा नदी के जल से भगवान श्री महाकालेश्वर का अभिषेक और पूजन अर्चन किया गया।

मंत्री राजपूत ने सपत्नीक भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन-अर्चन किया। रामघाट से भगवान महाकालेश्वर की सवारी रामानुजकोट, मोड की धरमशाला, कार्तिक चौक, खाति का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड़, टंकी चौराहा, छत्री चौक होते हुए गोपाल मंदिर पहुंची। जहां परंपरा अनुसार गोपाल मंदिर के पुजारी ने पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर का पूजन किया। सवारी गोपाल मंदिर से पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होते हुए महाकालेश्वर मंदिर पहुंची जहां पुनः आरती उपरान्त सवारी का विश्राम हुआ।

### सवारी की झलकियां

सीएम की मंशानुरुप भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी को भव्य रुप देने के लिए थीम के अनुसार 4 जनजातीय लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। प्रतापसिंह डिण्डोरी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का करमा सैला जनजातीय नृत्य, पुष्पलता एवं साथियों की ओर से कर्नाटक का ढोलू कूनीथा जनजातीय नृत्य, सचिन चौधरी, जबलपुर मध्यप्रदेश ने अहिराई लोकनृत्य एवं संजय महाजन द्वारा गणगौर लोकनृत्य की प्रस्तुतियॉ दी गई। रामघाट पर पुलिस बैंड ,बीएसएफ बैंड और खाचरोद के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विघालय खाचरोद के 33 बच्चों के दल की ओर से आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

### खबर संक्षेप



#### श्रीगौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज ने रोपे पौधे

**भोपाल।** संगम वैवाहिक ग्रुप श्रीगौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज ने पितरों की स्मृति में सोमवार कोसुभाष नगर विश्राम घाट में पौधे रोपे। इस दौरान पंडित अशोक मालवीय, पं सुधीर दीक्षित, पं प्रशांत मालवीय, पं सुमित मालवीय, पं अनिल शर्मा, अजय मालवीय, घनश्याम मालवीय, ओम प्रकाश मालवीय, प्रदीप कुमार व्यास मौजूद रहे। वहीं अतिथि विशेष एम्स हॉस्पिटल मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर पंडित हेमंत मिश्रा भी उपस्थित थे। सभी ने बड़, पीपल, नीम, गूलर, जामुन, बेल पत्ती, आम, अमरूद, अशोक आदि के पौधे लगाकर हरा भरा भोपाल नागरिक का कर्तव्य पूरा किया।

#### सतर्कता के चलते नकली खाद से भरा ट्रक जब्त

**भोपाल।** रायसेन जिले के ग्राम बाग़ोद में पिछले दिनों प्रशासन और ग्रामीणों की सतर्कता से नकली खाद से भरा एक ट्रक पकड़ा गया, जिसे डीएपी के नाम से बेचा जा रहा था। बताया गया कि ट्रक से बड़ी मात्रा में नकली उर्वरक गांव में पहुंचाया जा रहा था। ग्रामीणों ने उर्वरक नकली होने का संदेह होने पर इसकी सूचना प्रशासन को दी। ट्रक में उर्वरक की 92 बोरियां पाई गई। जांच में उर्वरक मानकों पर खरा नहीं उतरने पर मौके पर पंचनामा बनाया गया। उर्वरक सहित वाहन को जप्त किया गया।

#### रिटायर्ड अधिकारी के घर से लाखों के जेवरात चोरी

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित ब्राइट कॉलोनी ईदगाह हिल्स निवासी मिर्जा इफ्तेखार बेग (69) कृषि विभाग के रिटायर्ड अधिकारी हैं। शनिवार 26 जुलाई की शाम करीब चार बजे वह अपने घर पर ताला लगाकर पत्नी रख्शां बेग के साथ परवलिया अपने दामाद के फार्म हाउस पर घूमने गए थे। रात करीब पौने 12 बजे लौटने पर घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। अलमारी चेक करने पर उसमें रखे पत्नी और बेटी के सोने-चांदी के जेवरात नहीं मिले। अज्ञात चोर सूने मकान का निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात चुरा ले गए। फरियादी का कहना है कि अलमारी में करीब 400 ग्राम से अधिक वजन के सोने के जेवरात रखे थे।

## नाराज छात्र व कर्मचारियों ने राजधानी में तीन जगह किया प्रदर्शन

# एएनएम आमरण अनशन पर, आउटसोर्स कर्मचारियों की 21000 रुपए वेतन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली से नाराज नर्सिंग छात्रों से लेकर एएनएम और आउटसोर्स कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन राजधानी के अलग-अलग स्थानों पर चल रहा है। एक तरफ जहां नर्सिंग छात्र संगठन का आंबेडकर पार्क में और मध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का शाहजहांनी पार्क में प्रदर्शन जारी है। वहीं, महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एएनएम मध्य प्रदेश की ममता हिरवे अपने साथियों के साथ 1250 परिसर में आमरण अनशन पर बैठी हैं।

### 500 एएनएम अभ्यर्थियों का आमरण अनशन

मध्य प्रदेश की लगभग 500 महिला बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) अभ्यर्थी सोमवार से भोपाल के 1250 जेपी अस्पताल परिसर में आमरण अनशन पर बैठ गई हैं। इस आंदोलन का नेतृत्व ममता हिरवे कर रही हैं। अभ्यर्थियों का आरोप है कि छह महीने पहले नौकरी मिलने के बाद बिना पूर्व सूचना उन्हें हटा दिया गया और नए नियुक्ति आदेश जारी नहीं किए जा रहे।

#### यह हैं मुख्य मांगें

- सभी योग्य अभ्यर्थियों को तुरंत नियमित नियुक्ति आदेश जारी किए जाएं।
- वेटिंग लिस्ट और मेरिट लिस्ट को पारदर्शी तरीके से लागू किया जाए।
- पिछले आदेशों को निरस्त करने की कार्रवाई बंद हो।
- संविदा कर्मचारियों को नियमों के मुताबिक आरक्षण और अनुभव अंक दिए जाएं।
- जिला आवंटन में चल रहे कथित भ्रष्टाचार की जांच हो।

### 10 मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का धरना

मध्य प्रदेश संविदा-आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर सोमवार को शाहजहांनी पार्क में शाम 4 बजे तक आउटसोर्स और रोगी कल्याण समिति के स्वास्थ्य कर्मचारी धरना प्रदर्शन करेंगे। ये कर्मचारी शोषण प्रथा के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं और आउटसोर्स-रोगी कल्याण समिति कर्मचारियों के लिए नीति बनाने और न्यूनतम वेतन 21,000 रुपए तय करने समेत 10 सूत्रीय मांग कर रहे हैं। निजी आउटसोर्स एजेंसियां मनमर्जी से वेतन तय कर रही हैं, कई जिलों में 4-5 महीने से वेतन का भुगतान भी नहीं किया गया।

#### संघ के मुख्य आरोप

आउटसोर्स कंपनियां और जिला अधिकारी वेतन में हर महीने करोड़ों रुपए का घोटाला कर रहे हैं। कुशल और अर्द्ध-कुशल श्रमिक दर तय होने के बावजूद कर्मचारियों को केवल 60-70% वेतन दिया जा रहा है। वेतन न मिलने से कर्मचारियों के परिवार आर्थिक संकट में हैं।

## ईओडब्ल्यू की टीम ने डिप्टी कमिश्नर के भोपाल स्थित फ्लैट पर फिर से की सर्चिंग

**भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने आदिम जाति कल्याण विभाग के डिप्टी कमिश्नर जगदीश प्रसाद सरवटे के जबलपुर, सागर और भोपाल स्थित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई पूरी कर ली है।

- 36 बोतल महंगी शराब जब्त
- अब तक मिल चुकी 7.5 करोड़ की संपत्ति
- छापे के बाद से से अफसर नहीं पहुंचे नौकरी पर

तीन दिनों तक चली तलाश के बाद सरवटे के ठिकानों से कुल 7.5 करोड़ से अधिक की संपत्ति मिली है। सोमवार को जबलपुर ईओडब्ल्यू की एक टीम ने सरवटे के भोपाल स्थित एक बंद फ्लैट की सर्चिंग की। सोमवार को जबलपुर से ईओडब्ल्यू के डीएसपी मंजीत सिंह के नेतृत्व में आई एक टीम ने उनके भोपाल की पॉश कॉलोनी कोरलवुड में स्थित फ्लैट की तलाशी ली। इस दौरान वहां से लगभग 4 लाख का सामान बरामद हुआ है। यह फ्लैट सरवटे ने 2021 में 50 लाख में खरीदा था और वह कभी-कभार ही यहां ठहरते थे। जांच के दौरान ईओडब्ल्यू को फ्लैट में रखी 36 बोतल महंगी शराब भी बरामद हुई है, जिसे सील कर आबकारी विभाग को सौंप दिया गया है। ईओडब्ल्यू की टीमों ने सोमवार को उनके जबलपुर और सागर के ठिकानों पर भी जांच पूरी कर ली। जांच कर रही टीमों को पता चला है कि सरवटे लग्जरी लाइफ जीने के शौकीन थे और उन्होंने रिश्वत के जरिए मिली रकम से कई संपत्तियां अलग-अलग शहरों में खरीदी थीं। फिलहाल सरवटे छापे के बाद से गायब हैं और अपनी नौकरी पर भी नहीं पहुंचे हैं।

## हाईकोर्ट को मिलेंगे 11 नए जज, कानून मंत्रालय ने की नियुक्ति

- जजों की संख्या बढ़कर होगी 45, अभी भी जजों के 9 पद खाली



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में 11 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति हुई है। इनमें से सात पूर्णकालिक और 4 अतिरिक्त न्यायाधीश बनाए गए हैं। राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद सोमवार को केंद्रीय कानून विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। अधिवक्ता कोटे से पुष्पेंद्र यादव (जबलपुर), जय कुमार पिल्लई (जबलपुर), आनंद सिंह बहरावत (इंदौर), हिमांशु जोशी (इंदौर), अजय कुमार निरंकारी (ग्वालियर) को न्यायाधीश बनाया गया है। वहीं, न्यायिक कोटे से रामकुमार चौबे, राजेश कुमार गुप्ता, आलोक अवस्थी, रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन, भगवती प्रसाद शर्मा और प्रदीप मित्तल को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। संभवतः बुधवार को नवनियुक्त न्यायाधीशों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा। वर्तमान में मप्र हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत पद 53 हैं। अभी 34 जज कार्यरत हैं। ग्यारह नए न्यायाधीशों के साथ अब कार्यरत जजों की संख्या बढ़कर 45 हो गई है। अभी भी जजों के 9 पद खाली हैं।

### रेलवे कोर्ट ने 60 दिन की जेल और जुर्माने की सजा सुनाई

## ट्रेन में पहले चुराया मोबाइल, फिर की चेन पुलिंग, आरपीएफ जवान ने भागने से पहले ही दबोचा

**भोपाल।** मंगला एक्सप्रेस में मोबाइल चोरी कर भागने की कोशिश कर रहे एक शातिर चोर को रेलवे सुरक्षा बल ने दबोच लिया। आरोपी ने पहले चोरी की, फिर अलार्म चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी और फरार होने की कोशिश की, लेकिन आउटर पर तैनात आरक्षक की सतर्कता से उसका प्लान फेल हो गया। रेलवे कोर्ट ने आरोपी को दोनों मामलों में जेल और जुर्माने की सजा सुनाई है। रेलवे प्रशासन के अनुसार घटना 27 जुलाई की रात करीब 1:06 बजे ट्रेन नंबर 17605 में भोपाल से रानी कमलापति स्टेशन के बीच हुई। आउटर पर तैनात आरपीएफ आरक्षक ध्रुव सिंह ने सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को ट्रेन से कूदकर भागते देखा और पीछा कर उसे पकड़ लिया।



### मोबाइल बरामद, पहले से पांच केस दर्ज

आरोपी ने अपना नाम मनोज नामदेव (40), निवासी भोपाल बताया। उसने स्वीकार किया कि वह ट्रेन में सो रहे यात्री का ओप्पो कंपनी का मोबाइल चुराकर भाग रहा था। मोबाइल जब्त कर पंचनामा तैयार किया और मामला जीआरपी को सौंपा। जांच में सामने आया कि आरोपी ने इससे पहले मंगला एक्सप्रेस में भी ठीक इसी तरह भोपाल और रानी कमलापति के बीच चेन पुलिंग कर भागने की कोशिश की थी।उपनिरीक्षक मनीष कुमार ने आरोपी को रेलवे कोर्ट में पेश किया। अदालत ने दोनों मामलों में 2845 रुपए, 2845 रुपए का जुर्माना और 30-30 दिन की सजा सुनाई।



# मेडिकल कॉलेजों, अस्पतालों को मिले 148 नए शव वाहन

## सीएम डॉ. यादव ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश सरकार ने आज प्रदेश की जनता के लिए एक और नई सुविधा की शुरुआत कर दी है। कुल 148 शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं ताकि निर्धन वर्ग के लोग अस्पताल से घर तक वाहनों को ले जा सकें।

सीएम मोहन यादव ने झंडी दिखाकर इनका आरंभ किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी दी और कहा कि सोमवार को भोपाल निवास पर आयोजित कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत निःशुल्क शासकीय शव वाहन सेवा का शुभारंभ कर वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अंतर्गत समस्त चिकित्सा महाविद्यालयों वाले जिलों में 4 और शेष अन्य जिला चिकित्सालयों के लिए 2 को मिलाकर कुल 148 शव वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इस सेवा के शुरू होने से विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को अपने स्वजन की अंतिम यात्रा सम्मान पूर्वक संपन्न कराने में सहायता मिलेगी।

## नशे की लत पूरी करने महिलाओं से करते थे झपटमारी, नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

**भोपाल।** बागसेवनिया पुलिस ने 5 दिन पहले खरीदारी करने बाजार गई महिला का पर्स झपटकर भागे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पर्स में सोने की चेन, मोबाइल व 13 हजार भारतीय रुपए तथा 40 हजार नेपाली रुपए रखे थे। गिरफ्तार झपटमारों में एक नाबालिग है। उन्होंने बताया कि सूखे नशे की लत व अपने शौक पूरे करने के लिए महिलाओं के साथ झपटमारी करते थे। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, 11 हजार भारतीय रुपए, 1105 नेपाली रुपए बरामद किए गए हैं।

- 5 दिन पहले खरीदारी करने पहुंची महिला से झपटा था पर्स

पुलिस के अनुसार अमराई परिसर बाग सेवनियां निवासी ज्योति लक्ष्मण दुत्रे पत्नी आकाश सोनी (27) ब्यूटी पार्लर का काम करती हैं। 24 जुलाई की शाम करीब साढ़े 7 बजे वह अपनी बड़ी बहन जोया लक्ष्मन दुत्रे के साथ बागसेवनिया बाजार से होते हुए अपने घर जा रही थीं। इस बीच वे गणेश मंदिर के पास जलेबी की दुकान पर जलेबी खाने के लिए रुक गईं। इस बीच युवक दौड़ता हुआ आया और ज्योति लक्ष्मण के हाथ से हैंड बैग झपटकर मंदिर के सामने वाली गली में भाग गया। बैग में सोने की एक चेन, 13 हजार भारतीय रुपए, 40 हजार नेपाली रुपए और मोबाइल फोन समेत जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद डर की वजह से दोनों बहनें घर चली गई थीं। शुक्रवार 25 जुलाई को थाने जाकर ज्योति लक्ष्मण ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कराया।

### चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



## स्कूली बच्चों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत सोमवार को कटारा हिल्स पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई थी। इस दौरान, कक्षा 6 से कक्षा 8 तक नशे से दूरी है जरूरी विषय पर 150 शब्दों में निबंध प्रतियोगिता एवं कक्षा 9 से कक्षा 12 तक नशा मुक्त हो मध्य प्रदेश विषय पर एक 250 शब्दों में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

सभी विद्यार्थियों में से कुल 36 विद्यार्थी इंस्पेक्टर सुनील दुबे द्वारा प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर चयनित कर प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरण किया।

इस मौके पर सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई गई। इसके अलावा राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज देहरादून के एग्जाम के बारे में जानकारी दी गई एवं घोषणा की गई कि यदि कटारा हिल्स पब्लिक स्कूल से कोई विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण होगा तो जिस तरह मध्य प्रदेश सरकार 30% स्कॉलरशिप देती है, कटारा हिल्स टीआई सुनील दुबे के द्वारा भी उसे 30% स्कॉलरशिप दी जाएगी।

## त्रिपुर सुंदरी महिला ग्रुप के हरियाली तीज कार्यक्रम में लिया संकल्प, स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अक्षर वेलफेयर सोसायटी और त्रिपुर सुंदरी ग्रुप की प्रमुख नीतू तिवारी भारतीय संस्कृति परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहीं और उनके टीम ने रविवार को 9 मसाला रेस्टोरेंट में हरियाली तीज पर रखा। वहां विशेष अतिथियों में महापौर मालती राय, स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज, सीमा सिंह जालौन, रीता मिश्रा, इला द्विवेदी कार्यक्रम में उपस्थित थी। जज पैनल में विजया शर्मा, खुशबू तिवारी थी। स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रान्त प्रमुख सीमा भारद्वाज ने उपस्थित मात्रशक्तियों को दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग किया जाए, सबको शिव पार्वती की तपस्या से जोड़कर निवेदन किया कि पार्वती जी ने शिवजी को हजारों वर्षों की कठिन तपस्या से पति के रूप में पाया तो आजकल की नारी भी अपनी तपस्या से स्वावलंबी बन सकती हैं। संगीता तिवारी और दीपा शर्मा ने स्वदेशी जागरण मंच की सभी को स्वदेशी पत्रक वितरित किए। हरियाली तीज के उपलक्ष में त्रिपुर सुंदरी वूमेंस ग्रुप द्वारा महिलाओं के लिए कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं हुई। त्रिपुर सुंदरी ग्रुप के सदस्य नीतू तिवारी, कृति शर्मा, राखी शर्मा, निहारिका दुबे, शामली शर्मा, सुजाता, संगीता तिवारी, दीप्ति गोरखे संगीता तिवारी सभी सदस्य मौजूद थे। अथितियों को पौधे भेंट किए गए।

## परिचित ने बनाई थी लूटपाट की योजना, अपने साथियों के साथ मिलकर की थी वारदात

**भोपाल।** गौतम नगर थाना पुलिस ने रेपिडो चालक को चाकू अड़ाकर मोबाइल और बाइक लूटने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात को अंजाम देने वाला मास्टर माइंड रेपिडो चालक का परिचित निकला है। उसी ने राइड बुक करने के बाद उसे बुलाया जहां उसके दोस्तों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में एक फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मौजीलाल यादव मूलतः बैतूल का रहने वाला है। फिलहाल वह शहंशाह गार्डन में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है और खर्चा निकालने के लिए पार्ट टाइम रैपिडो चलाता था। उसने दो महीने पहले ही एक होंडा शाइन बाइक खरीदी थी। बीती चौबीस जुलाई की रात करीब 11 बजे जुनैद नामक व्यक्ति ने राइड बुक की थी। वह बाइक लेकर लोकेशन पहुंचा तो दो अज्ञात बदमाशों ने चाकू अड़ाकर उसका मोबाइल और बाइक लूट ली थी।

### जनहित याचिका दायर कर जताई गई चिंता: हाईकोर्ट ने मुख्य याचिका के साथ सुनवाई की दी व्यवस्था

# यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की राख में सक्रिय हैं रेडियो एक्टिव पदार्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र के समक्ष सोमवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई हुई, जिसमें दावा किया गया कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की राख में रेडियो एक्टिव पदार्थ हैं। यह चिंता का विषय है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने जनहित याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद लंबित मुख्य जनहित याचिका के साथ सुनवाई किए जाने की व्यवस्था दे दी। जनहित याचिकाकर्ता राजधानी भोपाल निवासी अधिवक्ता बीएल नागर व समाजसेवी साधना कार्णिक की ओर से अधिवक्ता ऋत्विक दीक्षित ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का विनष्टीकरण लैंडफिल सेल प्रक्रिया से किया जाना चुनौती के योग्य है। ऐसा इसलिए क्योंकि रेडियो एक्टिव पदार्थ मिश्रित राख जमीन में दबाए जाने से मिट्टी व पानी दूषित होंगे। जिनके उपयोग से मानव व पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

### तकनीक सिर्फ जापान तथा जर्मनी के पास उपलब्ध

जनहित याचिका में कहा गया है कि भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड के 337 मीट्रिक टन जहरीले कचरे का विनष्टीकरण सफलतापूर्वक पीथमपुर स्थित सुविधा केंद्र में कर दिया गया है। जहरीले कचरे से 850 मीट्रिक टन राख व अवशेष एकत्रित हुआ है। राख में बड़ी मात्रा में मरकरी की मात्रा है। मरकरी को नष्ट करने की तकनीक सिर्फ जापान तथा जर्मनी के पास उपलब्ध है। यूनियन कार्बाइड फैक्टरी में जहरीला कचरा विगत 40 सालों से पड़ा हुआ था। कचरे में रेडियो एक्टिव पदार्थ होने के कारण उसमें नाभिकीय विखंडन की प्रक्रिया जारी थी।

### पैरामेडिकल काउंसिल को डेटा पेश करने एक सप्ताह की मोहलत

**जबलपुर।** पैरामेडिकल कॉलेज मान्यता एवं प्रवेश घोटाला से जुड़े मामले में मप्र हाईकोर्ट ने पैरामेडिकल काउंसिल को डेटा पेश करने एक सप्ताह की मोहलत दी है। काउंसिल की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता निरीक्षण भी ऑनलाइन होने के कारण पूरा डाटा एमपी ऑनलाइन के पास संधारित है। सभी संस्थाओं की निरीक्षण रिपोर्ट जिला कलेक्टरों के पास संधारित है, इस कारण डाटा पेश करने में समय लगेगा।

# नदियों और जल स्त्रोतों के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने का सांस्कृतिक प्रयास है सदानीरा प्रदर्शनी

## अमृतस्य नर्मदा, प्रदेश की बावड़ियों, प्रदेश की प्रमुख जल संरचनाओं और जलीय जीवन के प्राणतत्व-जलचर को भी किया गया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा के सेंट्रल हॉल में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी 'सदानीरा' का सोमवार को शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य सरकार ने 30 मार्च से 30 जून तक 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया। सम्पूर्ण प्रदेश में चले इस अभियान में जनभागीदारी की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। स्थानीय नागरिकों ने जल संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता सुनिश्चित की नदियों, जलस्त्रोतों व जल संरचनाओं को संरक्षित करने 2 लाख 30 हजार 740 से अधिक जलदूतों ने पंजीयन कराया। अभियान के अंतर्गत अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल कर निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करते हुए मध्यप्रदेश में 84 हजार 726 खेत तालाब, 1 लाख 4 हजार 276 कूप रिचार्ज पिट और 1283 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी भी मौजूद रहे।





**नदी संरक्षण वैज्ञानिक दायित्व के साथ सांस्कृतिक चेतना का भी है आह्वान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस अभियान ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की एक अलग पहचान स्थापित की है। यह अभियान अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। अभियान की अभूतपूर्व उपलब्धियों को प्रदर्शनी के रूप में संयोजित किया गया है। यह प्रदर्शनी नदियों और जल स्त्रोतों के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने का एक सांस्कृतिक प्रयास है। नदियां जलधाराएं ही नहीं, हमारी स्मृतियों, परंपराओं और जीवन की आधारशिला है।



### वीर भारत न्यास ने किया प्रदेश की जलीय विविधता को प्रदर्शित

प्रदर्शनी में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों, प्रदेश की बावड़ियों, जलीय जीवन के प्राणतत्व-जलचर, अमृतस्य नर्मदा, उपग्रह की नजर से प्रदेश की प्रमुख जल संरचनाओं जैसी प्रदेश की जलीय विविधता को वीर भारत न्यास द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी के अंतिम दिवस बही ज्ञान की सरिता

# गंधर्वशीला, असुरशीला, यक्षशिला एवं मनुष्यशीला को नृत्य रूप में प्रस्तुत करती नाटिका 'शीला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविंद्र भवन में पांच दिनी हरिहर नाट्य समारोह के पांचवे दिन रंगकर्मी अखिलेंद्र मिश्रा के साथ कई विद्वानों ने मंच साझा किया। वहीं डॉ.संध्या पुरेचा के निर्देशन में शीला... अंतरात्मा का स्वरूप की प्रस्तुति हुई, जिसे दर्शकों ने जमकर सराहा।

**हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह का पांचवा दिन**

रविंद्र भवन में जारी हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह के पांचवें दिन डॉ.संध्या पुरेचा के निर्देशन में शीला... अंतरात्मा का स्वरूप की प्रस्तुति हुई। जिसमें दर्शकों ने एक अत्यंत सशक्त और प्रभावशाली प्रस्तुति देखी। वहीं, चार दिवसीय भरतमुनि राष्ट्रीय संगोष्ठी का सोमवार को समापन हुआ। जिसमें सत्र के प्रथम वक्ता पियाल भट्टाचार्य, कोलकाता ने चारी, मंडल भेद और आंगिक अभिनय विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चारि, गति भेद के माध्यम से ही अभिनय प्रदर्शित होता है। चारि और गति मूल रूप से अभिनय के माध्यम होते हैं। उन्होंने अनुकर्ता और अनुकार्य शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि अनुकर्ता से अभिप्राय, अभिनेता और अनुकार्य से अभिप्राय चरित्र होता है।







### आंतरिक प्रवृत्तियों पर ध्यान केंद्रित

शीला..अंतरात्मा का स्वरूप, प्रत्येक स्त्री पात्र की आंतरिक प्रवृत्तियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, नाट्यशास्त्र के सामान्य अभिनय अध्याय से स्त्री पात्र के दार्शनिक रंगमंच का संदर्भ दिया गया है। नाट्यशास्त्र के सामान्य अभिनय अध्याय में वर्णित स्त्री पात्रों के दार्शनिक रंगमंच का संदर्भ लेते हुए, प्रत्येक स्त्री चरित्र-प्रकार की आंतरिक प्रवृत्तियों पर केंद्रित है। इस प्रस्तुति में नाट्यशास्त्र के सामान्य अभिनय नामक अध्याय मे कुल 22 नारी शीलाओं का वर्णन प्राप्त होता है। जिनमें से 4 शीलाओं गंधर्वशीला, असुरशीला, यक्षशिला एवं मनुष्यशीला को नृत्य के माध्यम से सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया।

### नाटक में समस्त कलाओं का समावेश

द्वितीय सत्र के अंतिम वक्ता अखिलेन्द्र मिश्रा, मुंबई ने अभिनय, अभिनेता और अध्यात्म विषय पर उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि नाट्यशास्त्र की एक विशद परंपरा है। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र के बारे में कहा जाता है कि यह 200 ईसा पूर्व लिखा गया, लेकिन इसकी रचना सतयुग में हुई थी। उन्होंने रचना विधान के साथ वो सारी बातें लिख दीं, जो संभवतः पूरे विश्व के ग्रंथ भी उस दर्शन को आज तक नहीं समझ पाए हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान से लेकर आधुनिक रंगकर्मी, रंग निदेशक जो खोज कर रहे हैं, अपनी उन खोजों पर गर्व करते हैं।





*हरिहर नाट्य समारोह में आए प्रसिद्ध अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा से हरिभूमि की खास बातचीत*

हरिभूमि चर्चा

# हमारा नाट्यशास्त्र कहीं खो गया था, जो शकुंतला की अंगूठी की तरह मिल गया...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में चार दिन केवल नाट्यशास्त्र पर आधारित भरतमुनि नाट्य संगोष्ठी में देश में पहला और अनोखा आयोजन है। हमारा नाट्यशास्त्र कहीं खो गया था, जो शकुंतला की अंगूठी की तरह मिल गया। कला और साहित्य ही समाज को संवर्धित करता है। नाटक तो कलाओं की एक समग्र व्यवस्था है। नाटक व्यक्तित्व का निर्माण करता है और पुरुषार्थ का जाग्रत करता है। नाटक में सभी रस समाहित हैं और भरतमुनि का नाट्य शास्त्र अपने दर्शकों को मंच तक खींचने का तरीका भी बताता है। यह कहना है सुप्रसिद्ध अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा का, जो सोमवार को हरिहर नाट्य समारोह में प्रमुख वक्ता के रूप में आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने नाट्य विद्या पर बातचीत की।



**समय के साथ फिल्मों में नाट्य शास्त्र की उपयोगिता कम होती गई**

सिनेमा में नाट्य शास्त्र की उपयोगिता पर उन्होंने कहा कि 1913 से भारत में सिनेमा की शुरुआत हुई और शुरुआती फिल्मों में नाट्य शास्त्र की झलक दिखाई देती है, लेकिन समय के साथ फिल्मों की नाट्य शास्त्र की उपयोगिता कम होती गई। भारतीय सिनेमा उद्योग ने साहित्य से भी दूरी बना ली है, जो ठीक नहीं है। इस विसंगति से भारतीय सिनेमा में भारतीय फिल्में नहीं बन रहीं हैं, जबकि हमारे साहित्य में शब्दों का भंडार है।

**कक्षा पांच से 12वीं तक छोटे-छोटे में खंडों में पढ़ाया जाए 'नाट्य शास्त्र'**

मैं तो कहता हूं कि नाट्य शास्त्र को स्कूलों में पढ़ाया जाना चाहिए। कक्षा पांच से लेकर 12वीं तक इसे छोटे-छोटे में खंडों में पढ़ाया जाए और स्नातक में पहुंचने तक में विद्यार्थी पूरा शास्त्र समझ जाएंगे, फिर चाहें तो पीजी या पीएचडी कर लें।

**नाटक देखने पैसा देकर कोई नहीं आता**

लोग फिल्म देखने तो टिकट खरीद लेते हैं पर पैसा देकर नाटक देखने कोई नहीं आता। नाट्य मंडलियों को मदद की दरकार है। सरकार कुछ न करे सिर्फ मंचन के लिए सभागार निशुल्क उपलब्ध करा दे तो इससे ही नाट्य मंडलियों को काफी प्रोत्साहन मिल जाएगा।

## निदा फाजली को समर्पित याद ए रफ्तगां आज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के प्रख्यात शायर पद्मश्री निदा फाजली को समर्पित याद ए रफ़्तगां धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, मंत्री -संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्व, मप्र शासन के मुख्यातिथ्य में 'मैं निदा' निदा फाजली पर अतुल गंगवार, सम्प्रेषण एवं अदबी कॉकटेल द्वारा निर्मित, अतुल पांडेय द्वारा निर्देशित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन एवं संगोष्ठी का आयोजन कल 29 जुलाई को शाम 5.30 बजे जनजातीय संग्रहालय में होगा। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहंदी ने बताया कि ये कार्यक्रम मप्र से सम्बंध रखने वाले अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर एवं गीतकार निदा फाजली को समर्पित है। कार्यक्रम तीन सत्रों पर आधरित होगा। प्रथम सत्र में सायं 5.30 बजे 'मैं निदा-डाक्यूमेंट्री फिल्म' का प्रदर्शन होगा, तत्पश्चात निदा फाजली पर संवाद सत्र होगा जिसमें मालती जोशी (मुम्बई) शकील आजमी (मुम्बई), अतुल पांडेय-निर्देशक, आलोक श्रीवास्तव - दिल्ली एवं डॉ. नुसरत मेहदी-निदेशक की सहभागिता होगी। अंतिम सत्र में काव्य पाठ का आयोजन होगा जिसमें शकील आजमी, मुंबई एवं आलोक श्रीवास्तव, दिल्ली अपना कलाम पेश करेंगे।

# जन परिषद के ब्यूटी पेजेंट में विद्या जोशी बनीं मिसेज यूनिवर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ पीपुल एवं जन परिषद के तत्वावधान में, ऑनलाइन ब्यूटी पेजेंट सीजन चार का फाइनल राउंड आयोजित किया। चार विभिन्न कैटेगरीज में लगभग 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी आशिता कोचर एवं मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी हर्षल बजाज, मिसेज यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी प्रगति सेठ एवं सिंधी फिल्मों की नायिका, 3000 से अधिक सम्मान प्राप्त एवं 23 मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करिश्मा मानी की जूरी ने, पूर्व में हुए दो राउंड और फाइनल के बाद परिणाम घोषित किए। संस्था के संयोजक रामजी श्रीवास्तव एवं महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू ने सभी विजेताओं को बधाईयां संप्रेषित की।



### ये रहे विजेता

- मिसेज यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी विजेता (डायनेमिक पर्सनेलिटी) विद्या जोशी पटेल (यूएई)।
- मिसेज यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी विजेता रनर अप (चार्मिंग पर्सनेलिटी) दिव्या चौधरी (आगरा)
- मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी उप विजेता (फोटोजेनिक पर्सनेलिटी) रागिनी द्विवेदी (मुंबई)
- मिसेज इंडिया टाइटैनिक ब्यूटी विजेता (हंबल पर्सनेलिटी) रुक्मणि गावड़े (भोपाल)
- लिटिल बेबी टाइटैनिक रॉकस्टार बेबी क्यारा (भोपाल)

# वुड कार्विंग से तैयार भगवान श्रीराम की प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

## गौहर महल में आयोजित सावन मेले में खरीदारी करने पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहर महल इन दिनों सावन की रौनक से सराबोर है। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित सावन मेला लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 10 अगस्त तक चलने वाले इस मेले में प्रदेशभर से आए करीब 60 से अधिक बुनकर और शिल्पकार अपने हाथों से बनाए उत्पादों के साथ शामिल हुए हैं। पारंपरिक कला, शिल्प और वस्त्रों का संगम बन चुके इस मेले में बड़ी संख्या में खरीददार पहुंच रहे हैं।



### वुड कार्विंग ने लोगों को लुभाया

सावन मेले में छिंदवाड़ा के शिल्पी विजय वाघमारे द्वारा तैयार की गई भगवान श्रीराम की वुड कार्विंग प्रतिमा विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। लगभग साढ़े तीन फीट ऊंची इस प्रतिमा को सागौन की लकड़ी पर बारीकी से उकेरा गया है।



**एक प्रतिमा को तैयार करने में लगे 15 से 20 दिन :** मेले में विजय के परिवार से आईं सदस्य ने बताया कि इस एक प्रतिमा को तैयार करने में 15 से 20 दिन का समय लगता है। पूरी तरह हस्तनिर्मित इस कृति में भगवान राम के भाव, मुद्रा और वेशभूषा को अत्यंत सूक्ष्मता से दर्शाया गया है, जो शिल्पकला की उत्कृष्टता को दर्शाता है। इसके अलावा शिल्पी विजय ने छत्रपति शिवाजी महाराज, राधा-कृष्ण की प्रतिमाएं और विभिन्न डेकोरेटिव आइटम्स भी प्रदर्शित किए गए हैं, जो वुड कार्विंग की पारंपरिक विधा में तैयार किए गए हैं।

## दुष्यन्त संग्रहालय में मध्यप्रदेश लेखक संघ की प्रादेशिक लोकभाषा पद्य, गद्य गोष्ठी

# चंदन घिस कवि बन गए तुलसी अवधी संग में बांटी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा प्रादेशिक लोकभाषा पद्य-गद्य गोष्ठी का आयोजन दुष्यन्त संग्रहालय में संपन्न हुआ। जिसमें दतिया से पधारे मुख्य अतिथि विनोद कुमार सुरमणि ने सुनाया ऐसी है बुंदेली माटी मिसरी जैसी घाटी, चंदन घिस कवि बन गए तुलसी अवधी संग में बांटी। उज्जैन से आईं सारस्वत आतिथि सीमा देवेंद्र ने सुनाया कत्रो अनमोल म्हारो मालवो हो राज, सुन्ना सरीको नाम चमके हो राज।




**धरती कौ श्रंगार बिला गव, उजर गए सब जंगल:** विशिष्ट अतिथि डॉ. राम वल्लभ आचार्य ने कहा कि लोकभाषाओं में मां के दूध की मिठास होती है। इनमें ममत्व और वात्सल्य का प्रभाव परिलक्षित होता है जिनसे मनुष्य अभिव्यक्ति की पहली सीढ़ी चढ़कर दुनिया को अनुभव प्राप्त करता है। रचना पाठ की शुरुआत करते हुए ठीकमगढ़ से आए बुंदेली कवि रामानंद पाठक 'नंद' ने पर्यावरण पर गीत सुनाया,धरती कौ श्रिन्गार बिला गव, उजर गये सब जंगल। बिला गये सब पशु पखेरु, बिला गये सब दंगल।

### बारिश की फुहार में खूब बही कविता की धार...

**भोपाल।** साहित्यिक संस्था आरम्भ चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा प्रकृति के सुरम्य वातावरण वन विहार में पावस गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध कवयित्रियों ने सरस रचनाओं का पाठ किया। काव्य गोष्ठी का आगाज करते हुए वरिष्ठ रचनाकार निरुपमा खरे ने अपनी रचना में प्रकृति के विभिन्न रंगों को समाहित करते हुए पढ़ा जिसके बोल थे, जल भरी एक नन्ही सी बदरी, गुजर रही थी, नगरी-नगरी, खुद में गुम सी ठहरी -ठहरी। वहीं, कवयित्री शालू अवस्थी ने भी अपनी कविता में पावस की छटा का सुन्दर चित्रण करते हुए पढ़ा- मेहंदी की खुशबू है फैली, चूड़ियों की खनके झंकार। लहर लहर लहराए चुनरिया, झूमते जाये सब गाकर मल्हार।



### रवीन्द्र भवन में 'द एवर ग्रीन किशोर म्यूजिकल नाइट' 3 अगस्त को

**भोपाल।** सुरों के बेताज बादशाह और सदाबहार पार्श्व गायक किशोर कुमार की याद में 3 अगस्त को 'द एवर ग्रीन किशोर म्यूजिकल नाइट' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में होगा। किशोर कुमार संगीत अकादमी की ओर से आयोजित कार्यक्रम किशोर कुमार के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर किया जा रहा है, जिससे यह अवसर और भी भावनात्मक और खास बन गया है। कार्यक्रम में अकादमी के सदस्य कलाकार मंच पर किशोर कुमार के अमर गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे, जिनमें रोमांटिक, देशभक्ति और हास्य रस से भरपूर गीत शामिल होंगे। अकादमी के प्रमुख डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किशोर कुमार अवॉर्ड से सम्मानित हो चुकीं चार गायिकाएं किशोर दा के गीतों की प्रस्तुति देंगी।



सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# बिहार मतदाता सूची के प्रकाशन पर रोक लगाने से किया इंकार

## अदालत ने कहा- आधार और मतदाता आईडी पर विचार करे आयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर चुनाव आयोग से कहा है कि वह बिहार में चल रही मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के दौरान आधार कार्ड और मतदाता आईडी कार्ड को पहचान के वैध दस्तावेज के रूप में मानने पर विचार करे। अदालत ने यह बात उस मामले की सुनवाई के दौरान कही, जिसमें यह मुद्दा उठा है कि मतदाता सूची की जांच प्रक्रिया में किन दस्तावेजों को मान्य माना जाए। एक गैर सरकारी संगठन की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि मतदाता सूची को अस्थायी तौर पर अंतिम रूप नहीं दिया जाना चाहिए और मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर अंतरिम रोक लगनी चाहिए। पीठ ने न्यायालय के पिछले आदेश पर गौर किया, जिसमें कहा गया था कि याचिकाकर्ता अंतरिम राहत के लिए अनुरोध नहीं कर रहे थे। पीठ ने कहा कि इसलिए अब ऐसा नहीं किया जा सकता तथा मामले का स्थायी निपटारा किया जाएगा।



आज अगली सुनवाई की तारीख तय करेगा सुप्रीम कोर्ट

### राशन कार्ड की जालसाजी संभव

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह प्रारंभिक रूप से हाई कोर्ट के आदेश से सहमत है और निर्वाचन आयोग ने अपने जवाबी हलफनामे में माना है कि आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को स्वीकार किये जाने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि जहां तक राशन कार्ड का सवाल है, तो हम यह कह सकते हैं कि उसकी आसानी से जालसाजी की जा सकती है, लेकिन आधार और मतदाता पहचान पत्र की कुछ विश्वसनीयता है और उनके प्रामाणिक होने की धारणा है। आप इन दस्तावेजों को स्वीकार करना जारी रखें।

### एसआईआर पर जल्द अंतिम निर्णय लेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची के एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर हमेशा के लिये अंतिम निर्णय लेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि वह मंगलवार को इस मामले की अंतिम सुनवाई की समय-सारणी तय करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों से कहा है कि वे यह तय करें कि उन्हें अपनी दलीलें पेश करने में कितना समय लगेगा।

### विपक्षी दलों ने कई याचिकाएं दायर कीं

कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार), शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, जेएमएम, सीपीआई और सीपीआई (एमएल) के विपक्षी दलों के नेताओं की ओर से बिहार में चुनाव से पहले एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। राजद सांसद मनोज झा और तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की अलग-अलग याचिकाओं के अलावा कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, शरद पवार एनसीपी गुट की सुप्रिया सुले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के डी राजा, समाजवादी पार्टी के हरिंदर सिंह मलिक, शिवसेना (उद्धव गुट) के अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद और सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।




### एसआईआर को लेकर लोकसभा में विरोध

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर सोमवार को संसद के बाहर विपक्ष का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। इसमें प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस से लोकसभा नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी, सांसद सोनिया गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित अन्य विपक्षी दलों ने भाग लिया। वहीं, लोकसभा के अंदर विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले भी दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित हुई। विपक्ष के संसद में हंगामे पर नाराजगी जाहिर करते हुए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से भाग रहा है। विपक्ष अब ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से पहले मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले पर भी चर्चा करने की गारंटी मांग रहा है।

## खबर संक्षेप

### मराठा हूं इसलिए मंत्री पद नहीं मिलाः सोलंके



**मुंबई।** महाराष्ट्र में बीड जिले के माजलगांव से एनसीपी विधायक प्रकाश सोलंके ने आरोप लगाया है कि मराठा समुदाय से होने के कारण उन्हें महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पद नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि बीड जिले में मराठाओं ने पार्टी को ताकत दी, लेकिन मराठाओं को अनदेखा कर दिया जाता है। अगर वह ओबीसी होते तो मंत्री बन जाते।

### अनुपस्थित रहने पर जेएनयू कुलपति को नोटिस



**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धुलीपुडी पंडित से एक महत्वपूर्ण सम्मेलन में अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण मांगा है। कुलपति बिना औपचारिक अनुमति लिए केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के सम्मेलन में शामिल नहीं हुईं। मंत्रालय ने इस अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया।

### 12.44 करोड़ घरों को पानी का कनेक्शन दिया



**नई दिल्ली।** जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने संसद को बताया कि जल जीवन मिशन हर घर जल के तहत अब तक लगभग 12.44 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण घरों को नल के पानी के कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। शुरुआत में, केवल 3.23 करोड़ (16.7 प्रतिशत) ग्रामीण घरों में ही नल के पानी के कनेक्शन होने की सूचना थी।

### हिसार में सड़क हादसा 4 दोस्तों की मौत



**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को टक्कर मार दी, जिससे चार दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चारों रविवार रात बरवाला से अग्रोहा जा रहे थे, तभी अग्रोहा थानाक्षेत्र में नंगथला गांव के पास खाद से भरे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी।

## राहुल-गोगोई का नाम लेकर बिफरे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

सदन में योजना बनाकर व्यवधान पैदा कर रहे

# आपको पर्चे फेंकने और तख्तियां लहराने के लिए नहीं भेजा गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में छठे दिन की कार्यवाही शुरू होने के बाद भी सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच का गतिरोध समाप्त नहीं हुआ। लोकसभा की कार्यवाही बाधित होने पर अध्यक्ष ओम बिरला नाराज हो गए और उन्होंने कांग्रेस सांसदों का नाम लेकर सदन में योजना बनाकर व्यवधान पैदा करने का आरोप लगाया।

बिरला ने राहुल गांधी और असम से निर्वाचित सांसद गौरव गोगोई का नाम लेकर उन्हें टोका। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के हंगामे पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि मिस्टर गोगोई और आप सब राजनीतिक दलों के लोग आए थे, आपने कहा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी चाहिए, फिर आप सदन बाधित कर रहे हैं। आखिर सदन आप क्यों नहीं चलने दे रहे? प्रश्नकाल सदस्यों का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। आखिर देश जानना चाहता है कि आप प्रश्नकाल क्यों स्थगित करना चाहते हैं? क्यों आप प्रश्नकाल के अंदर नियोजित बाधा करना चाहते हैं?



**ये भी बोले**

सदन क्यों नहीं चलने दे रहे? | प्रश्नकाल क्यों स्थगित करना चाहते हैं?






### राहुल गांधी से पूछे कड़े सवाल

ओम बिरला ने सांसद राहुल गांधी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिपक्ष के नेता, आपके दल के नेताओं को समझाओ, इनको सदन में पर्चे फेंकने के लिए, तख्तियां लाने के लिए नहीं भेजा है। आप प्रश्नकाल नहीं चलाना चाहते। जवाब दो, देश जानना चाहता है कि आप प्रश्नकाल क्यों नहीं चलाना चाहते। 10 महत्वपूर्ण मंत्रालयों पर चर्चा होने वाली है। शिक्षा, पर्यावरण, विधि, श्रम जैसे महत्वपूर्ण विभागों पर चर्चा। सदस्यों का समय होता है। आखिर क्यों प्रश्नकाल स्थगित करा रहे हो आप?

### देश देख रहा सदन की मर्यादा बनाकर रखें

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रश्नकाल में सदस्यों को बोलने नहीं देते आप। ये तरीका आपका उचित नहीं है। आग्रह कर रहा हूं सदन की मर्यादा बनाकर रखो। सदन सबका है। देश की 140 करोड़ जनता की अभिव्यक्ति की सर्वोच्च संस्था है। आप इसी तरीके का आचरण व्यवहार करना चाहते हैं, ये देश देखेगा कि आपने प्रश्नकाल को नियोजित तरीके से बाधा पहुंचाई, तख्तियां लहराईं, पर्चे फेंके, नारेबाजी की।

### जिनने कुछ नहीं किया, वे सवाल उठा रहे



ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने कुछ नहीं किया, वे बहावलपुर और मुरीदके में आतंकी स्थलों को ध्वस्त करने वाली सरकार पर सवाल उठाने की हिम्मत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी कूटनीति का ही परिणाम था कि 'टीआरएफ' को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के समय अमेरिका के साथ बातचीत में व्यापार का कोई जिक्र नहीं हुआ था। 22 अप्रैल से 17 जून के बीच पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कोई सीधा संवाद नहीं हुआ।

### राहुल पाक दुष्प्रचार के 'पोस्टर ब्वॉय' बने



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब वह 'एलओपी' (विपक्ष के नेता) से 'एलओबी' (लीडर ऑपोजिंग भारत) बन गए हैं और उनके एजेंडे में केवल भारतीय सेना तथा पीएम का विरोध करना लिखा है। पता नहीं वह (राहुल) "कांग्रेस के पोस्टर ब्वॉय" बन पाए न बन पाए लेकिन पाकिस्तान के "दुष्प्रचार के पोस्टर ब्वॉय" बन गए हैं। राहुल ऑपरेशन सिंदूर के सबूत मांग रहे थे।

### देश को ऑपरेशन तंदूर चाहिए था, सिंदूर नहीं



समाजवादी पार्टी के सांसद रमाशंकर राजभर ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश 'ऑपरेशन तंदूर' चाहता था, ताकि इसके जिम्मेदार आतंकवादियों को भून दिया जाए। देश ऑपरेशन सिंदूर नहीं, ऑपरेशन तंदूर चाहता था। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर निचले सदन में बहस के दौरान बोलते हुए उन्होंने सरकार पर निर्णायक कार्रवाई करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

## ममता ने 'भाषा आंदोलन' शुरू किया

# बंगाल में एनआरसी लागू कभी भी 'नहीं' होने दूंगी

ये भी बोलीं- भाषा छीनने की इजाजत नहीं दूंगी



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने देशभर में बांग्ला भाषी प्रवासियों पर कथित हमलों के विरोध में सोमवार को बीरभूम जिले के बोलपुर से 'भाषा आंदोलन' की शुरुआत की और कहा कि मैं जान दे दूंगी, लेकिन किसी को अपनी भाषा छीनने की इजाजत नहीं दूंगी।

उन्होंने कहा कि वह भाषा के आधार पर विभाजन नहीं चाहतीं। मैं किसी भाषा के खिलाफ नहीं हूं, मेरा मानना है कि विविधता में एकता हमारे राष्ट्र की नींव है। ममता ने कहा कि आप सब कुछ भूल सकते हैं, लेकिन आपको अपनी 'अस्मिता', मातृभाषा और मातृभूमि को नहीं भूलना चाहिए। ममता ने दावा किया कि बांग्ला दुनिया में पांचवीं और एशिया में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, फिर भी बंगालियों पर अत्याचार हो रहा है।

### कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले पर 'सुप्रीम' रोक

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राहत देते हुए सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के 17 जून के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की संशोधित सूची के कार्यान्वयन को स्थगित कर दिया गया था। सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय का आदेश त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है। इससे पहले पीठ ने राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह आश्चर्यजनक है। उच्च न्यायालय ऐसा आदेश कैसे दे सकता है? आरक्षण कार्यपालिका के कार्य का हिस्सा है।

### एसआईआर का किया विरोध

ममता ने पड़ोसी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का परोक्ष संदर्भ देते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग पिछले दरवाजे से राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि वह पश्चिम बंगाल में न तो एनआरसी लागू होने देंगी और न ही कोई निरुद्ध केंद्र स्थापित करने देंगी।

## संसद में सरकार ने स्वीकारा

# इस साल 183 बार फ्लाइट्स में आई तकनीकी खराबियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने संसद में बताया कि 2025 में 23 जुलाई तक कुल 183 तकनीकी खराबियों की रिपोर्ट मिली है। 2024 में यह संख्या 421 रही जो 2023 की 448 रिपोर्ट की तुलना में थोड़ी कम है। 2022 में 528 और 2021 में 514 तकनीकी खराबियां दर्ज की गई थीं। पिछले पांच वर्षों में गंभीर खराबियों और गड़बड़ियों पर 2094 जांचे की गई हैं।

### नियम मजबूत किए गए

केंद्रीय मंत्री के अनुसार, विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के पास सुरक्षा के लिए एक मजबूत और नियमित रूप से अपडेट किया जाने वाला नियमों का ढांचा है। ये नियम अंतरराष्ट्रीय स्तर के आईसीएओ (अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन) और ईएएसए (यूरोपीय विमानन सुरक्षा एजेंसी) के मानकों से मेल खाते हैं। डीजीसीए ने सुरक्षा से जुड़े अहम हिस्सों की जांच को और सख्त कर दिया है।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर बोले नड्डा

# खतरनाक बीमारी के खिलाफ मजबूती से आगे बढ़ रहा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के मौके पर कहा कि भारत इस खतरनाक बीमारी के खिलाफ मजबूती से आगे बढ़ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के जरिए देशभर में लोगों की जान बचाने और बीमारी को खत्म करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें, हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है।

### भारत दूसरे स्थान पर

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत हेपेटाइटिस बी और सी मामलों में चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। साल 2022 के आंकड़ों के मुताबिक भारत में 2.98 करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी और 55 लाख लोग हेपेटाइटिस सी से पीड़ित थे। यह संख्या वैश्विक हेपेटाइटिस मामलों का लगभग 11.6% है।

## बैद्यनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**देवघर।** बिहार के देवघर में श्रावणी मेला और तीसरे सोमवार के दिन बाबा बैद्यनाथ मंदिर में सोमवार को लाखों की संख्या में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है और इस दौरान देवघर में श्रावणी मेला लगता है, जिसमें कांवरिया बाबा बैद्यनाथ को जल चढ़ाने आते हैं। यह बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है और 51 शक्तिपीठों में से एक है। श्रावणी मेले में, कांवरिया गंगा नदी से जल भरकर लाते हैं और बाबा बैद्यनाथ को अर्पित करते हैं।

हैदराबाद में अवैध सरोगेसी घोटाला का भंडाफोड़

# आईवीएफ केंद्र की डॉक्टर समेत 10 गिरफ्तार, कई दस्तावेज बरामद

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

हैदराबाद पुलिस ने एक अवैध सरोगेसी और नवजात बच्चों की तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने आईवीएफ केंद्र की डॉक्टर सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने क्लिनिक में इस्तेमाल किए जा रहे चिकित्सा उपकरण और दवाइयां, अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए हैं। पुलिस ने आईवीएफ सेंटर से केस रिकॉर्ड और सरोगेसी मामलों से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए हैं। मुख्य आरोपी की पहचान तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में यूनिवर्सल सृष्टि फर्टिलिटी सेंटर्स की मालिक अथलुरी नम्रता के रूप में हुई है।

### डीएनए मिलान नहीं होने पर दंपती ने की शिकायत



पुलिस ने बताया कि इस मामले का भंडाफोड़ तब हुआ जब एक दंपती ने शिकायत की। दंपती ने सरोगेसी के जरिए बच्चा पैदा करने के लिए आईवीएफ सेंटर को 35 लाख रुपए का भुगतान किया। हालांकि, नौ महीनों के दौरान क्लिनिक को कई भुगतान करने के बाद, दंपती को पता चला कि सरोगेसी के जरिए पैदा हुए नवजात शिशु का डीएनए उनके डीएनए से बिल्कुल भी मेल नहीं खाता। इस पर दंपती को शक हुआ और उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की।

### आरोपी डॉक्टर का बेटा भी इस घोटाले में शामिल

आरोपी डॉक्टर द्वारा संचालित यूनिवर्सल सृष्टि फर्टिलिटी सेंटर्स नामक आईवीएफ सेंटर के विजयवाड़ा, सिकंदराबाद, विशाखापत्तनम और कोंडापुर में भी केंद्र हैं। पुलिस ने बताया कि उसने 1995 में प्रैक्टिस शुरू की और साल 1998 से प्रजनन और आईवीएफ सेवाओं में कदम रखा। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के आईवीएफ सेंटर्स को जब्त कर लिया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने देश के दो कॉलेज से मांगा जवाब

# छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे? हमारे आदेश का पालन क्यों नहीं?

सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी खड़गपुर से पूछा कि छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? संस्थान क्या कर रहा है? सुप्रीम कोर्ट ने शारदा यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट को कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन न करने के लिए फटकार लगाई


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी और आईआईटी खड़गपुर में छात्रों की आत्महत्या से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गूंजा।

सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी खड़गपुर से पूछा कि छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? संस्थान क्या कर रहा है? सुप्रीम कोर्ट ने शारदा यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट को कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन न करने के लिए फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय में छात्रों की आत्महत्याओं के स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा था।

सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर कर रहा है सुनवाई

**मैनेजमेंट ने अभिभावकों को क्यों सूचना नहीं दी?**



### कोर्ट ने कॉलेज प्रबंधन पर उठाए कई गंभीर सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि कॉलेज के छात्रों ने पिता को बताया कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है? मैनेजमेंट ने क्यों नहीं बताया? मैनेजमेंट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन क्यों नहीं किया? क्या पुलिस और अभिभावकों को सूचित करना मैनेजमेंट का कर्तव्य नहीं है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस बारे में और कुछ नहीं कहेंगे क्योंकि जाँच चल रही है। आईआईटी खड़गपुर मामले मे अमाइकस अपर्णा भट्ट ने कहा कि पुलिस ने उन्हें कोई जानकारी नहीं दी।

### चार हफ्तों में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करें

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों की पुलिस को चार हफ़्तों में स्टेटस रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। शारदा यूनिवर्सिटी के मामले में अमाइकस अपर्णा भट्ट ने अदालत को बताया कि लड़की के पिता ने एफआईआर दर्ज कराई थी। एक सुसाइड नोट मिला है। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जम्मू में छह पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज




**श्रीनगर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने कश्मीर में एक पुलिसकर्मी को कथित रूप से हिरासत में प्रताड़ित करने मामले में उपाधीक्षक रैंक के एक अधिकारी सहित छह पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कुपवाड़ा के पुलिस उपाधीक्षक ऐजाज अहमद नाइकू और जेआईसी में तैनात पांच अधिकारियों को नामजद किया है। इनमें सब इंस्पेक्टर रियाज अहमद, जहांगीर अहमद, इम्तियाज अहमद, मोहम्मद यूनिस और शाकिर अहमद शामिल हैं।

### भारी बारिश से चीन में भूस्खलन, चार की मौत



**बीजिंग।** चीन के हेबेई प्रांत में भारी बारिश के चलते भूस्खलन की घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 8 अब भी लापता हैं। बीजिंग में जल स्तर बढ़ने से बाढ़ की आशंका जताई गई है। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। चीन के हेबेई प्रांत में सोमवार को भारी बारिश के बाद भूस्खलन की बड़ी घटना हुई है, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई है और आठ अन्य अब भी लापता हैं।

### जर्मनी में ट्रेन पटरी से उतरी, तीन की मौत



**बर्लिन।** दक्षिणी जर्मनी में रविवार को एक क्षेत्रीय यात्री ट्रेन के पटरी से उतर जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य घायल हो गए। जांचकर्ताओं का मानना है कि भारी वर्षा के कारण भूस्खलन हुआ और उसके चलते ट्रेन पटरी से उतर गई। म्यूनिख से लगभग 158 किलोमीटर दूर पश्चिम में रीडलिंगन के निकट एक वन क्षेत्र में रविवार शाम 'डॉयचे बान' ट्रेन के कम से कम दो डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन में 100 से अधिक लोग सवार थे।

इसरो अध्यक्ष डॉ. वी नारायणन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा

# इसरो-नासा का संयुक्त उपग्रह 30 जुलाई को होगा लॉन्च आपदा प्रबंधन में मददगार, पूरी दुनिया को होगा फायदा

*यह उपग्रह 740 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित होगा। यह एक अत्याधुनिक रडार उपग्रह है, जो बादलों और बारिश के बावजूद 24 घंटे पृथ्वी की तस्वीरें ले सकता है। यह उपग्रह भूस्खलन, आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन की निगरानी में मदद करेगा।*

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मिलकर एक अत्याधुनिक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह विकसित किया है, जिसे 30 जुलाई को लॉन्च किया जाएगा। इस उपग्रह को भारत में निर्मित जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के जरिए 740 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा।

यह उपग्रह खराब मौसम, बादलों और बारिश के बावजूद दिन-रात पृथ्वी की स्पष्ट तस्वीरें लेने में सक्षम होगा। इसका उपयोग भूस्खलन, प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन की निगरानी के लिए किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष डॉ. वी नारायणन ने चेन्नई हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यह उपग्रह केवल भारत और अमेरिका ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए उपयोगी होगा। उन्होंने बताया कि इसरो फिलहाल 55 उपग्रहों का संचालन कर रहा है और आने वाले चार वर्षों में इन्हें तीन अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करने की योजना है। नारायणन ने सूर्य के अध्ययन के लिए भेजे गए आदित्य एल1 मिशन की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह उपग्रह 26 जनवरी को 1.5 किलोग्राम वजन के साथ लॉन्च किया गया था और इसने सूर्य से जुड़े अहम डेटा इसरो को भेजे हैं, जिनका वैज्ञानिक विश्लेषण जारी है।

1. चंद्रयान-5 मिशन भारत और जापान का संयुक्त प्रोजेक्ट होगा
2. प्रोजेक्ट चंद्रमा की सतह पर 100 दिनों तक काम करेगा
3. पूर्व में यह उपग्रह 26 जनवरी को 1.5 किलोग्राम वजन के साथ लॉन्च किया गया था





**इसरो इसे पूरी तरह सफल बनाने को प्रतिबद्ध**

*मानव मिशन की तैयारियों पर बात करते हुए नारायणन ने बताया कि इस साल दिसंबर में एक मानवरहित मिशन लॉन्च किया जाएगा। अगर यह सफल होता है, तो अगले साल दो और मानवरहित मिशन भेजे जाएंगे। प्रधानमंत्री की ओर से घोषित योजना के अनुसार, मार्च 2027 में भारत का पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन लॉन्च किया जाएगा, जिसके लिए श्रीहरिकोटा में पहला प्रक्षेपण वाहन तैयार किया जा रहा है। इसरो प्रमुख ने चंद्रयान-4 मिशन के प्रति भी उत्साह जताया। यह मिशन चंद्रमा की सतह से नमूने लाने के लिए होगा और इसरो इसे पूरी तरह सफल बनाने को प्रतिबद्ध है। इसके बाद चंद्रयान-5 मिशन भारत और जापान का संयुक्त प्रोजेक्ट होगा, जो चंद्रमा की सतह पर 100 दिनों तक काम करेगा।*

## यूएन में भारत ने पेश की तीसरी स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा रिपोर्ट

# गरीबी उन्मूलन के तहत करीब 24.8 करोड़ लोग 'बहुआयामी गरीबी' से बाहर निकले

भारत की सतत विकास लक्ष्यों एसडीजीएस की दिशा में की गई प्रगति का व्यापक लेखा-जोखा है। यह रिपोर्ट देश की यूएन 2030 एजेंडा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने 23 जुलाई 2025 को संयुक्त राष्ट्र के इकोनॉमिक एंड सोशल काउंसिल द्वारा आयोजित उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच पर भारत की तीसरी स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा (वीएनआप) रिपोर्ट प्रस्तुत की। यह रिपोर्ट भारत की सतत विकास लक्ष्यों एसडीजीएस (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल रिपोर्ट) की दिशा में की गई प्रगति का व्यापक लेखा-जोखा है। यह रिपोर्ट देश की यूएन 2030 एजेंडा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस रिपोर्ट में सरकार और समाज दोनों के समन्वय से किए गए प्रयासों को प्रमुख रूप से दर्शाया गया है। नीति आयोग के नेतृत्व में तैयार की गई इस रिपोर्ट में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, नागरिक समाज, विकास भागीदारों और निजी क्षेत्र की भागीदारी से एक समावेशी प्रक्रिया अपनाई गई। यूएनडीपी ने राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों में एसडीजी समन्वय और त्वरित कार्यान्वयन केंद्र स्थापित करने में सहयोग किया है।

*उद्देश्य समावेशी, नवाचारी और सशक्त भारत का निर्माण करना*

*भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम बना*




**भारत ने सतत विकास के कई क्षेत्रों में उपलब्धियों को प्रस्तुत किया**

*स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा की रिपोर्ट में पिछले एक दशक में भारत द्वारा सतत विकास के कई क्षेत्रों में किए गए निर्णायक कदमों और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक गरीबी उन्मूलन के तहत लगभग 24.8 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी (एमपीआई) से बाहर निकले हैं। खाद्य सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने करोड़ों लोगों को पोषण सहायता दी। अभियान और आयुष्मान भारत ने पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सुविधाएं पहुंचाई हैं।*

### योजनाएं भारत की ऊर्जा संक्रमण को गति देगी


स्वच्छ ऊर्जा के लिए नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, पीएम-कुसुम और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली स्कीम जैसी योजनाएं भारत की ऊर्जा संक्रमण को गति दे रही हैं। आर्थिक नवाचार में भारत अब विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। वहीं, पीएम गतिशक्ति 'मेक इन इंडिया' और राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम जैसी योजनाएं अगली पीढ़ी की आधारभूत संरचना तैयार कर रही हैं। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना डीपीआई के निर्माण में भारत ने जनधन-आधार-मोबाइल जेएएम ट्रिनिटी के जरिए वैश्विक मॉडल स्थापित किया है, जिससे पारदर्शी और समावेशी सेवा वितरण हुआ है। इसके अलावा, एसडीजी इंडिया इंडेक्स, पूर्वोत्तर क्षेत्र जिला इंडेक्स और राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक जैसे टूल्स के जरिए डेटा आधारित प्रशासन को और मजबूत किया गया है। आकांक्षी जिलों और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रमों के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सेवाएं पहुंचाने पर जोर दिया गया है।

### उद्देश्य नवाचारी और सशक्त भारत का निर्माण करना

व्हीएनआर रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत अब ग्लोबल साउथ सहयोग में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिससे विकासशील देशों के लिए संस्थागत और क्षमता निर्माण सहयोग को बढ़ावा मिल रहा है। भारत का यह दृष्टिकोण उसके दीर्घकालिक विजन "विकसित भारत@2047" के साथ जुड़ा हुआ है, जिसका उद्देश्य देश की आजादी के 100 साल पूरे होने तक समावेशी, नवाचारी और सशक्त भारत का निर्माण करना है।

## ऑपरेशन महादेव: सेना को मिली बड़ी कामयाबी

# पूरा हुआ पहलगाम हमले का बदला मास्टरमाइंड मूसा समेत 3 आतंकी ढेर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के लिडवास इलाके में सोमवार को सुरक्षाबलों को आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जिसमें तीन आतंकियों (संभवतः दो पाकिस्तानी और एक अफगानी) को मार गिराया है। पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड आतंकी हाशिम मूसा भी मारा गया तीन आतंकियों में शामिल है।

सेना ने यह कार्रवाई ऑपरेशन महादेव के तहत की है। जिसकी शुरुआत 28 जुलाई की सुबह करीब 11 बजकर 30 मिनट पर तब की हुई। जब सेना के नियमित गश्ती दल इलाके में संदिग्ध आतंकी दिखाई दिए। जिस जगह पर ये मुठभेड़ हुई वो जवरवन रिज और महादेव रिज के बीच का क्षेत्र है। हाशिम मूसा के अलावा मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकियों की पहचान जिबरान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है।

इलाके में फिलहाल अब किसी और आतंकवादी के छिपे हुए होने की संभावना नहीं है। लेकिन भारतीय सेना ने इलाके को घेरकर युद्धस्तर पर अपना सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

**एलजी सिन्हा ने दी सुरक्षाबलों को बधाई**

जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए ऑपरेशन महादेव में शामिल सुरक्षाबलों को उनकी इस सफलता के लिए बधाई दी है। इन सबके बीच सूत्रों ने कहा कि सुरक्षाबलों को लगभग सात दिन पहले इस बारे में खुफिया जानकारी मिली थी कि आतंकी श्रीनगर के दाचीगाम के जंगलों में छिपे हुए हैं। उधर, आतंकियों के पास से राइफल, कार्बाइन की बरामदगी के बारे में जानकारी मिली है।

**सैनिकों का सर्च ऑपरेशन जारी**

*सेना की चिनार कोर ने बताया कि तीन आतंकियों को एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया है, ऑपरेशन अब भी जारी है। मारे गए आतंकियों की पहचान और उनका किस संगठन से संबंध था, इसका पता लगाया जा रहा है। यह ऑपरेशन उन आतंकियों की तलाश में शुरू किया गया था, जो अप्रैल में पहलगाम हमले में शामिल हो सकते हैं, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। हाल के खुफिया इनपुट में यह संकेत मिला था कि संदिग्ध आतंकी दाछिगाम की ओर बढ़ सकते हैं।*

### वीर नारियों और शहीदों की पत्नियों के समूह ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में एक बैठक के दौरान वीर नारियों और शहीद सैनिकों की विधवाओं के एक समूह के साथ मुलाकात की।

## दोनों देशों ने युद्धविराम पर सहमति व्यक्त की

# मलेशियाई पीएम का ऐलान, थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 'सीजफायर'

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक



थाईलैंड और कंबोडिया के बीच पिछले कई दिनों से चल रहे सीमा संघर्ष पर अब विराम लग गया। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने घोषणा की कि दोनों देशों ने बिना किसी शर्त के तत्काल प्रभाव से युद्धविराम (सीजफायर) पर सहमति व्यक्त की है। यह फैसला मलेशिया की मध्यस्थता की पेशकश के बाद हुआ, जिसका उद्देश्य सीमा क्षेत्र में बिगड़ती स्थिति को नियंत्रित करना था। अनवर इब्राहिम ने इसे दोनों देशों द्वारा शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।

पिछले सप्ताह शुरू हुए इस संघर्ष में थाईलैंड और कंबोडिया ने एक-दूसरे पर हमले शुरू करने के आरोप लगाए थे। हालात इतने बिगड़े कि दोनों देशों ने भारी तोपखाना और हवाई हमलों का इस्तेमाल किया। इस झड़प में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इंफ्रास्ट्रक्चर को भी नुकसान पहुंचा है। इस बीच, कई देशों ने अपने नागरिकों को प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने और दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी थी। वही पिछले पांच दिनों से जंग जारी थी।

# नेतन्याहू के लिए गले की हड्डी बने हूती, कहा- गाजा पर हमला नहीं रोका तो हर इजराइली जहाज को उड़ाएंगे

## गाजा में राहत की घोषणा

एजेंसी ▶▶ सना

यमन के हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अब वे इजराइल को निशाना बनाएंगे। यह धमकी रेड सी और अन्य समुद्री मार्गों परतनाव के बीच आई है। हूतियों ने कहा कि जब तक गाजा पर इजराइली हमले नहीं रुकते, उनका सैन्य अभियान जारी रहेगा। इससे वैश्विक समुद्री व्यापार और सुरक्षा पर गहरा असर पड़ सकता है।

यमन के हूती विद्रोहियों ने एर्क बार फिर इजराइल और उसके समर्थन वाले जहाजों को लेकर गंभीर चेतावनी दी है। हूतियों ने साफ कहा है कि अब वे इजराइल से जुड़े हर जहाज को अपना निशाना बनाएंगे, यह बयान ऐसे समय आया है जब रेड सी और अरब सागर में पहले ही हूतियों के हमलों से समुद्री परिवहन में रुकावटें आ रही हैं।

**अमेरिकी और ब्रिटिश जहाजों को चेतावनी दी थी**



हूती प्रवक्ता याह्या सारी ने रविवार को एक वीडियो बयान में कहा कि इजराइल से जुड़े सभी कमर्शियल, तेल या हथियार ले जाने वाले जहाज अब उनके रडार पर हैं। उन्होंने कहा कि जब तक गाजा पर इजराइल हमले बंद नहीं होते, तब तक वे अपने 'सैन्य प्रतिरोध' को जारी रखेंगे। इससे पहले भी उन्होंने अमेरिकी और ब्रिटिश जहाजों को चेतावनी दी थी, लेकिन अब उन्होंने अपने दायरे को और बढ़ा दिया है।

### समुद्री परिवहन पर मंडराया संकट

हूतियों की धमकी से अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनियों में चिंता बढ़ गई है। पिछले कुछ महीनों में कई जहाज हूतियों के ड्रोन और मिसाइल हमलों का शिकार हुए हैं, जिनमें भारतीय और फिलीपीन मूल के नाविक भी घायल हुए हैं। इसके चलते कई बड़ी कंपनियों ने रेड सी और बाब अल-मंडब जलडमरूमध्य से गुजरना बंद कर दिया है।

## खतराः वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, एलियन का यान पृथ्वी की ओर बढ़ रहा

# तूफानी रफ्तार से बढ़ रहा विशालकाय 'एलियन शिप', नवंबर में टक्कर की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

मौजूदा साल, 2025 को लेकर वैज्ञानिकों ने बड़ा दावा किया है। यह दावा एलियंस के धरती पर आने से जुड़ा है। साल 1996 में अपने निधन से पहले बाबा वेंगा ने भविष्यवाणी की थी कि 2025 में पृथ्वी का एक अलौकिक जीवन से संपर्क होगा। ये भविष्यवाणी सच साबित हो सकती है क्योंकि वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि एलियन का यान पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है।

*खगोलविदों ने पुष्टि की, 15 मील व्यास का धूमकेतू हो सकता है*

*तीन एक्सपर्ट ने अपने शोधपत्र में यह प्रस्तावित किया*



**क्या है ये विशाल वस्तु**

रिपोर्ट के मुताबिक, एक जुलाई को 3 आई एटलस नाम की इस वस्तु का पता चला है। यह 1,30,000 मील प्रति घंटे से भी ज्यादा की रफ्तार से सूर्य की ओर बढ़ रही है। खगोलविदों ने पुष्टि की है कि इसकी उत्पत्ति हमारे सौर मंडल के बाहर से हुई है। शुरुआती जांच से पता चला है कि यह 15 मील व्यास का एक धूमकेतु हो सकता है, जो अमेरिकी शहर मैनहट्टन से भी बड़ा है। इनिशिएटिव फॉर इंटरस्टेलर स्टडीज के शोधकर्ता एवी लोएब, एडम हिबर्ड और एडम क्राउल का कहना है कि यह कोई धूमकेतु नहीं है। इन तीनों एक्सपर्ट ने अपने शोधपत्र में यह प्रस्तावित किया है।

**वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी**

वैज्ञानिकों की टीम ने चेतावनी दी है कि एलियंस का एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। यह यान इसी साल नवंबर में धरती पर हमला कर सकता है। यह यान आकार में किसी शहर जितना बड़ा है और तेजी से पृथ्वी की तरफ बढ़ रहा है।

### खगोलभौतिकीविद लोएब ने दिया तर्क

हार्वर्ड के खगोलभौतिकीविद् लोएब का तर्क है कि 3 आई एटलस में कई असामान्य विशेषताएं हैं। इसमें एक अनोखा प्रक्षेप पथ और असाधारण रूप से तेज गति शामिल है। लोएब ने कहा कि सौर मंडल में इस वस्तु का मार्ग इसे बृहस्पति, मंगल और शुक्र के करीब से गुजरने की अनुमति देता है। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि नवंबर में जब 3 आई एटलस सूर्य के सबसे नजदीकी बिंदु पर पहुंचेगा तो यह अस्थायी रूप से पृथ्वी की नजरों से ओझल हो जाएगा। लोएब का सुझाव है कि यह दूरबीनों से बचने के लिए एक जानबूझकर उठाया गया कदम हो सकता है। यह वह वह क्षण होगा, जब एलियन तकनीक हमारे ग्रह की ओर भेजी जा सकती है। अगर 3 आई एटलस वाकई एक तकनीकी कलाकृति है तो यह डार्क फॉरेस्ट परिकल्पना का समर्थन कर सकती है। ऐसा एलियन संभावित खतरों से बचने के लिए करते हैं। लोएब चेतावनी देते हैं कि यह स्थिति निगरानी के साथ संभावित एलियन हमले का पूर्वाभास भी हो सकती है।

## हमलावर ने खुद को मारी गोली

# बैंकॉक के मार्केट में अंधाधुंध गोलीबारी में 6 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक



थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के पास एक मार्केट में सोमवार को एक व्यक्ति ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में हमलावर भी शामिल है, जिसने खुद को गोली मार ली। रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना शहर के चाटुचक जिले में स्थित ओर टोर कोर मार्केट में हुई। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हमलावर ने गोलीबारी के बाद अपनी जान ले ली। पुलिस उसकी पहचान करने के साथ-साथ थाईलैंड और कंबोडिया के बीच चल रहे सीमा संघर्षों से किसी भी संभावित संबंध की जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में कथित तौर पर शूटर को मौके पर देखा गया है, जिसमें एक व्यक्ति हाथ में बंदूक लिए घूमता दिख रहा है।

एक अन्य कथित वीडियो में बैंकॉक में गोलीबारी की घटना के बाद मार्केट में अफरा-तफरी का माहौल दिखाया गया है।

# परफेक्ट प्लेइंग इलेवन की खोज में भारत, शार्दुल और कंबोज पर सवाल

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है लेकिन ओल्ड ट्रैफर्ड में यादगार ड्रॉ हासिल करने के बावजूद भारत तीन दिन बाद ओवल में होने वाले पांचवें और अंतिम मैच से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश, खासकर सही गेंदबाजी संयोजन की तलाश में है।

भारत ने श्रृंखला के दौरान किसी विशेषज्ञ गेंदबाज की बजाय आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करने को प्राथमिकता दी, जिस पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं, खासकर तब जब चोटिल नीतीश रेड्डी की जगह खेल रहे शार्दुल ठाकुर से ओल्ड ट्रैफर्ड में केवल 11 ओवर करवाए गए। लेकिन भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 2014 के बाद पहली बार 600 से अधिक रन दिए, इसलिए पिछले 40 दिन से बेंच पर बैठे हुए कुलदीप यादव जैसे विकेट लेने वाले गेंदबाज को टीम में शामिल करने का मामला पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गया है।

## भारत ने किसी विशेषज्ञ गेंदबाज के बजाय आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करने को प्राथमिकता दी

### तेज गेंदबाजों पर हो रही थकान हावी

अंशुल कंबोज का टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण अच्छा नहीं रहा और उनकी जगह पूरी तरह से फिट आकाशदीप या प्रसिद्ध कृष्णा को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का सपना देख रहे होंगे। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हालांकि रविवार को ड्रॉ के बाद अपने चिरपरिचित आक्रामक लहजे में सभी तेज गेंदबाजों को फिट घोषित कर दिया, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि तेज गेंदबाज, विशेषकर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पर अब थकान हावी हो रही है।




*कुलदीप को टीम में शामिल करने के लिए प्रयास : चौथे टेस्ट के दौरान भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने कहा, ' हम कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करने के लिए रास्ता तलाश रहे हैं लेकिन इसके लिए हमारे चोटी के छह बल्लेबाजों को लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, 'कुलदीप विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और इस समय वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, इसलिए हम उन्हें टीम में शामिल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। 'पहले की योजना के अनुसार बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत इस श्रृंखला के तीन टेस्ट मैच में ही खेलना है।*

### भारत चार विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ खेल सकता है

ऋषभ पंत के चोटिल होने के कारण चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा भारत के शीर्ष छह बल्लेबाजों में शामिल थे और इन दोनों ने अपने धैर्य का शानदार नमूना पेश करते हुए शतक लगाए और मैच को ड्रा करने में अहम भूमिका निभाई। यदि ओवल में भी यही तरीका अपनाया जाता है तो ध्रुव जुरेल सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आएंगे और भारत शार्दुल ठाकुर को बाहर करके चार विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ खेल सकता है। शार्दुल का वैसे भी एक गेंदबाज के रूप में पर्याप्त उपयोग नहीं किया जा रहा है। चौथे गेंदबाज के रूप में कुलदीप यादव को शामिल किया जा सकता है क्योंकि पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है या फिर एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को भी शामिल किया जा सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन ने स्वयं स्वीकार किया है कि वह कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन आठवें नंबर तक बल्लेबाज रखने की रणनीति के कारण वह ऐसा नहीं कर पा रहा है।

### हम यह दिखाने में सफल रहे कि हम महान टीम क्यों हैः गिल

**मैनचेस्टर।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन ऐतिहासिक प्रदर्शन से हार टालने का विश्वास लोकेश राहुल के साथ उनकी साझेदारी से उपजा है और टीम ने ऐसा करके यह जता दिया वे 'महान टीम' क्यों है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 311 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में बिना कोई रन बनाए दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन गिल, रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने शानदार शतक जड़कर अपनी टीम को हार से बचाया। इस परिणाम से भारत के पास अब पांच मैचों की श्रृंखला में बराबरी करने का मौका होगा। गिल ने कहा, '140 ओवर तक एक ही मानसिकता बनाए रखना बहुत चुनौतीपूर्ण है। एक अच्छी टीम और एक महान टीम में यही अंतर होता है। मुझे लगता है कि हमने आज यह दिखाया कि हम एक महान टीम हैं।' उन्होंने कहा, ' शून्य रन पर दो विकेट गंवाने के बाद मुझे लगता है कि मेरे और केएल (राहुल) भाई के बीच की साझेदारी ने उम्मीद जगा दी थी कि हम इस काम को कर सकते हैं। मैं बेहद, बेहद खुश हूं। जिस स्थिति में हम कल थे, वहां से ड्रॉ हासिल कर पाना बेहद संतोषजनक है।'

## खबर संक्षेप



### विश्व तैराकी चैंपियनशिप में फ्रीस्टाइल में 43वें स्थान पर रहे प्रकाश

**सिंगापुर।** भारत के अनुभवी तैराक साजन प्रकाश सोमवार को यहां विश्व तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। इस 31 वर्षीय बटरफ्लाई विशेषज्ञ ने 1:51.57 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में चौथा और कुल मिलाकर 43वां स्थान हासिल किया। शीर्ष 16 तैराक सेमीफाइनल में पहुंचे। रोमानिया के डेविड पोपोविसी ने 1:45.43 सेकंड के साथ हीट में सबसे तेज समय निकाला जबकि इटली के कार्लोस डी'अम्ब्रोसियो (1:46.67 सेकंड) सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले अंतिम तैराक रहे।

### सीनियर ओपन में 24वें स्थान पर रहे अटवाल

**लंदन।** अर्जुन अटवाल छह बर्डी लगाने के बावजूद आईएसपीएस एचएएनडीए सीनियर ओपन गोल्फ के आखिरी दौर में एक अंडर 69 का कार्ड खेल कर संयुक्त 24वें स्थान पर रहे।



वह चार दौर में 67-72-69-71 के कार्ड के साथ प्रतियोगिता में खेल रहे तीन भारतीयों में शीर्ष स्थान पर रहे। जीव मिल्खा सिंह (69) संयुक्त 56वें और ज्योति रंधावा (73) संयुक्त 61वें स्थान पर रहे।

### ओपन गोल्फ टूर्नामेंटः संयुक्त 39वें स्थान पर रही दीक्षा

**आयरशर (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद नौ स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 39वें पायदान पर रही।



दीक्षा दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बाद तीसरे और चौथे दौर में अच्छी वापसी करते हुए 'मेजर' स्तर के टूर्नामेंट एआईजी महिला ओपन के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में सफल रही।

### इंग्लैंड टीम ने अंतिम टेस्ट के लिए ऑलराउंडर ओवरटन को किया शामिल

**लंदन।** तीन साल पहले अपने करियर का एकमात्र टेस्ट मैच खेलने वाले ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को भारत के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू हो रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।



31 वर्षीय ऑलराउंडर ने 2022 में लीड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेला था, जिसमें उन्होंने दो विकेट लिए थे और 97 रन बनाए थे। उन्होंने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से तीन मैच खेले थे।

## दिव्या देशमुख ग्रैंडमास्टर बनने वाली चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी

# तीन दिन चला क्लासिकल चेस, दिव्या ने पहले रैपिड टाई-ब्रेकर में खेला ड्रॉ, दूसरे में जीती

एजेंसी ▶▶| मैबातुमी (जॉर्जिया)

जॉर्जिया के बातुमी में सोमवार को खेले गए फाइनल के टाईब्रेकर मुकाबले में दिव्या ने काले मोहरों से खेलते हुए हम्पी को हराया और फिडे महिला शतरंज विश्व कप का ताज अपने नाम किया। तीन दिन तक चले क्लासिकल चेस के रोमांच ने फैंस को दांतों तले अंगुली चबाने पर मजबूर कर दिया। हम्पी और दिव्या देशमुख ने पहले रैपिड टाई-ब्रेकर में ड्रॉ खेला और फिर दिव्या ने दूसरे में जीत हासिल की। जीत हासिल कर दिव्या फूट फूटकर रो पड़ीं। उनकी मां भी वहीं मौजूद रहीं और दिव्या ने उन्हें गले लगा लिया।

भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता हासिल करते हुए हमवतन और अपने से कहीं अधिक अनुभवी कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब जीता। इस जीत से 19 साल की दिव्या ने ना सिर्फ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता बल्कि साथ ही ग्रैंडमास्टर भी बन गईं, जो टूर्नामेंट की शुरुआत में असंभव लग रहा था। वह ग्रैंडमास्टर बनने वाली सिर्फ चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी हैं।

### टाईब्रेकर की पहली बाजीमें दिव्या ने हम्प को फिर से ड्रॉ पर रोका

सोमवार को समय नियंत्रित टाईब्रेकर की पहली बाजी में सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने हम्पी को फिर से ड्रॉ पर रोका लेकिन दूसरी बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन को हराकर जीत दर्ज की। दिव्या अब हम्पी, डी. हरिका और आर. वैशाली के साथ देश की ग्रैंडमास्टर बनने वाली महिलाओं की सूची में शामिल हो गई हैं। हम्पी 38 साल की हैं और 2002 में ग्रैंडमास्टर बनीं जबकि दिव्या का जन्म 2005 में हुआ। दिव्या ऊर्जा से भरी थीं और उन्होंने शुरुआती टाईब्रेकर में हम्पी पर दबाव बनाए रखा और अपनी दिग्गज प्रतिद्वंद्वी को थका दिया और फिर दूसरे टाईब्रेकर में जीत दर्ज की।



## दो क्लासिकल बाजी ड्रॉ होने के बाद पहला समूह साबित हुआ निर्णायक

### हम्पी ने खो दिया था अपना संयम

नागपुर की इस खिलाड़ी ने शनिवार और रविवार को खेले गए दो क्लासिकल मुकाबलों के ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर में जीत दर्ज की। दो क्लासिकल बाजी ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर का पहला समूह निर्णायक साबित हुआ, जिसमें हम्पी ने अपना संयम खो दिया। विश्व कप और महिला विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर हम्पी ने अंतरराष्ट्रीय शतरंजमें सब कुछ जीता है लेकिन किस्मत या फिर अपने धैर्य के कारण विश्व कप खिताब जीतने में नाकाम रही हैं।दिव्या ने दृढ़ निश्चय दिखाया और इस जज्बे का बोनस ग्रैंडमास्टर खिताब था, जो इस प्रतियोगिता के चैंपियन के लिए आरक्षित था।




### दूसरी बाजी रही आक्रमक

दूसरी बाजी में हम्पी ने कैटलन ओपनिंग का इस्तेमाल किया और दिव्या फिर से अच्छी तरह तैयार थीं। हम्पी ने 40वीं चाल में अपना आपा खो दिया और प्यादों को गंवाकर विरोधी खिलाड़ी पर आक्रमण करने की कोशिश की। दिव्या को हालांकि इससे अधिक मुश्किल नहीं हुई। यह दिव्या का दिन था क्योंकि हम्पी के पास फिर से समय की कमी थी और उन्होंने फिर से गलती की, जिससे सैद्धांतिक रूप से दिव्या की जीत की स्थिति बन गई। इस बाजी में दिव्या की किस्मत लंबे समय तक बराबरी और जीत के बीच झूलती रही, जिसके बाद नागपुर की इस लड़की ने बाजी मार ली।

### दिव्या ने किया पेट्रॉफ डिफेंस का इस्तेमाल

*पेट्रॉफ डिफेंस का इस्तेमाल करते हुए दिव्या ने हम्पी को पहली टाईब्रेक बाजी में बेहतर स्थिति में होने का मौका दे दिया था। हम्पी ने हालांकि समय के दबाव में गलती की और जल्द ही वह ऐसी स्थिति में पहुंच गईं, जहां उनके पास दिव्या की रानी के खिलाफ एक रूक (हाथी), बिशप (ऊंट) और एक पॉन (प्यादा) था। हालांकि स्थिति लगभग बराबरी की रही और अंत में हम्पी ने आसानी से ड्रॉ कर लिया।*

### जीत के बाद कहा, अब मैं ग्रैंडमास्टर हूं

*यह जीत ऐसे समय में मिली है जब भारत ने पुरुष शतरंज में काफी सफलता हासिल की है, जिसमें विश्व चैम्पियन डी. गुकेश, आर. प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगेसी जैसे खिलाड़ी लगातार अच्छे परिणाम दे रहे हैं। अपने से दोगुनी उम्र की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत के बाद भावुक दिव्या अपने आंसू नहीं रोक पाईं। हम्पी ने दिव्या के खिलाफ हारने से पहले आखिर तक संघर्ष किया। दिव्या ने कहा, 'मुझे इसे (जीत को) समझने के लिए समय चाहिए। मुझे लगता है कि यह नियति की बात थी कि मुझे इस तरह ग्रैंडमास्टर का खिताब मिला क्योंकि इस (टूर्नामेंट) से पहले मेरे पास एक भी (ग्रैंडमास्टर) नॉर्म नहीं था और अब मैं ग्रैंडमास्टर हूं।*

### इनामी राशि 43 लाख रुपए

*इस शानदार जीत के साथ ही दिव्या देशमुख भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गई हैं। ग्रैंडमास्टर की उपाधि शतरंज की दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित मानी जाती है और इसे हासिल करना किसी भी खिलाड़ी के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होता है। इस जीत के बाद दिव्या को इनामी राशि के रूप में लगभग 43 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं हम्पी को करीब 30 लाख रुपए मिलेंगे।*

### पांच साल की उम्र से खेल रहीं शतरंज

*9 दिसंबर 2005 को नागपुर में जन्मीं दिव्या ने पांच साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उनके माता-पिता डॉक्टर हैं। उनके पिता का नाम जितेंद्र और माता का नाम नम्रता है। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 नेशनल चैंपियनशिप जीती। इसके बाद उन्होंने अंडर-10 (डरबन, 2014) और अंडर-12 (ब्राजील, 2017) कैटेगरी में विश्व युवा खिताब भी जीते। इसके बाद 2014 में डरबन में आयोजित अंडर-10 वर्ल्ड यूथ टाइटल और 2017 में ब्राजील में अंडर-12 कैटेगरी में भी खिताब अपने नाम किए।*

*दिव्या ने 2023 में इंटरनेशनल मास्टर का खिताब भी प्राप्त कर लिया। 2024 में उन्होंने विश्व जूनियर गर्ल्स अंडर-20 चैंपियनशिप में भी परचम लहराया, जहां उन्होंने 11 में से 10 अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा, 45वें चेस ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उनकी अहम भूमिका रही।*

## मकाऊ ओपन

# सात्विक-चिराग की निगाहें खिताब तथा लक्ष्य और प्रणय की फॉर्म में वापसी पर



एजेंसी ▶▶| मकाऊ

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखते हुए सत्र का पहला खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेगी।

एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने पिछले सप्ताह चाइना ओपन सुपर 1000 में एक बार फिर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उन्हें मलेशिया के दूसरे वरीय आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने इंडिया ओपन, सिंगापुर ओपन और मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के अलावा इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई। मकाऊ ओपन के शुरुआती दौर में उनका सामना लो हैंग यी और एनजी इंग चियोंग की मलेशियाई जोड़ी से होगा।

### लक्ष्य सेन का पहला मुकाबला जियोन ह्योक जिन से



पुरुष एकल में लक्ष्य सेन विश्व चैंपियनशिप से पहले अपनी लय फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे। सेन का पहला मुकाबला कोरिया के जियोन ह्योक जिन से होगा। इस बीच 2023 के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय चाइना ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद वापसी की कोशिश करेंगे। वह अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी आयुष शेट्टी भी सभी की नज़रों में होंगे, जिन्होंने पिछले महीने अमेरिकी ओपन सुपर 300 में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था। पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपे के हुआंग यू काई से होगा।विश्व विश्वविद्यालय खेलों की मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले सतीश कुमार करुणाकरण बीडब्ल्यूएफ टूर में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। उनका पहला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा।


# डीसी ओपन : लेयला फर्नांडीज और मिनौर ने जीता खिताब

**वाशिंगटन।** लेयला फर्नांडीज और एलेक्स डी मिनौर ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग का खिताब जीता। कनाडा की 22 वर्षीय खिलाड़ी फर्नांडीज ने अगले महीने होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में अन्ना कालिन्स्काया को 6-1, 6-2 से हराया। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता फर्नांडीज ने अपनी चौथी एकल ट्रॉफी जीती। उन्होंने अपनी सभी ट्रॉफी हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंटों में जीती हैं। यह पहला अवसर है जबकि उन्होंने किसी डब्ल्यूटीए 500 प्रतियोगिता में खिताब जीता। पुरुष वर्ग में सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर ने फाइनल में तीन चैंपियनशिप अंक बचाकर 12वें नंबर के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना पर 5-7, 6-1, 7-6 (3) की जीत के साथ अपना 10वां एटीपी और हार्ड कोर्ट पर आठवां खिताब जीता। ऑस्ट्रेलिया का यह 26 वर्षीय खिलाड़ी 2018 में डीसी ओपन में उपविजेता रहा था।



■ लेयला ने अन्ना कालिन्स्काया को 6-1, 6-2 से हराया

## नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट



*मॉन्ट्रियल। नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कनाडा की बियांका आंद्रेस्कू, मॉन्ट्रियल में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा के खिलाफ अपने पहले दौर के मैच के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुई।*

## यूरो महिला 2025ः टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई स्पेन की ऐताना बोनमाटी

# इंग्लैंड की बादशाहत कायम, स्पेन एक कदम पीछे

एजेंसी ▶▶| बासेल

गत विजेता इंग्लैंड ने विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से पराजित करके लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) का खिताब जीता।

इंग्लैंड ने इस तरह से स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। स्पेन खिताबी हैट्रिक पूरी करने में नाकाम रहा। उसने विश्व कप के अलावा 2024 में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब भी जीता था। स्पेन ने मैरियोना काल्डेन्ते के 25वें मिनट में हेडर से किए गए गोल से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की तरफ से एलेसिया रुस्सो ने 57वें मिनट में हेडर से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इससे अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा।




■ इंग्लैंड ने रोमांचक मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट के जरिए 3-1 से स्पेन को दी शिकस्त

### स्पेन का खिताबी हैट्रिक पूरा करने का सपना टूटा

स्पेन की टीम इस मुकाबले को जीतकर फीफा वर्ल्ड कप 2023 और यूईएफए नेशंस लीग 2024 के बाद अपनी खिताबी हैट्रिक पूरी करने के इरादे से उतरी थी। हालांकि, इंग्लैंड की दमदार रणनीति और गोलकीपर हन्ना हैम्पटन के बेहतरीन प्रदर्शन ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### शूटआउट में इंग्लैंड ने दिखाया दम

पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन ने मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने स्पेन की दो अहम पेनल्टी को बचाकर अपनी टीम को खिताब दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। इनमें एक किक स्पेन की स्टार खिलाड़ी ऐताना बोनमाटी की थी, जिन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा मैरियोना काल्डेन्ते की पेनल्टी भी हैम्पटन ने शानदार तरीके से रोकी।

### बेहतर खेल ही काफी नहीं

टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी स्पेन की ऐताना बोनमाटी चुनी गईं। हार के बाद ऐताना बोनमाटी ने कहा कि हम टूर्नामेंट की सबसे अच्छी टीम थे, लेकिन कभी-कभी सिर्फ बेहतर खेल ही काफी नहीं होता। अब हमारी नजरें 2027 में ब्राजील में होने वाले अगले वर्ल्ड कप पर हैं।

लाइफ Style



# अमिताभ ने शेयर की फिल्म शोले की पुरानी टिकट

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन अपने ब्लॉग और सोशल मीडिया पर अक्सर दिलचस्प बातें शेयर करते हैं। हाल ही में उन्होंने एक फिल्म की टिकट का फोटो शेयर किया है। यह टिकट उन्ही की फिल्म शोले का है। इसकी कीमत 20 रुपए है। अमिताभ ने सोमवार सुबह अपने निजी ब्लॉग पर अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें से एक में टिकट भी था। अभिनेता ने बताया कि आज एक पेय की कीमत उतनी ही है, जितनी पहले टिकटों की होती थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा शोले का टिकट संभाल कर रखा गया है। इसकी कीमत 20 रुपए है। मुझे बताया गया है कि आजकल सिनेमाघरों में एक ड्रिंक की कीमत यही है।

# मेधा

## बॉर्डर 2 में बनेंगी वरुण धवन की प्रेमिका



फ्राइडे नाइट प्लान, इश्क इन द एयर, डांसिंग ऑन द ग्रेव और लंदन फाइल्स में अपने दमदार अभिनय से सबको चौंकाने वाली अभिनेत्री मेधा राणा बॉर्डर 2 में बॉलीवुड स्टार वरुण धवन की प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


मेधा के चुनाव को लेकर निर्माता भूषण कुमार ने कहा, 'हमारे लिए किसी ऐसी अभिनेत्री को ढूंढना बेहद जरूरी था जो स्वाभाविक रूप से उस क्षेत्र की भाषा, भाव और असली माहौल को फिल्म में सही तरीके से दिखा सके। मेधा ने अपनी काबिलियत से सबको प्रभावित किया, खासकर क्षेत्र की बोली, बोलने के तरीके, और अभिनय में भावों की गहराई ने सभी को चौंका दिया। हमें पूरा विश्वास है कि मेधा इस रोल में बिल्कुल परफेक्ट है।' बता दें कि मेधा सैन्य परिवार से आती है। प्रोड्यूसर निधि दत्त ने कहा कि बॉर्डर 2 सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक भावना है। इसमें गहरा एहसास और अटूट जज्बा है। मेधा को कास्ट करने के बारे में उन्होंने कहा, 'फिल्म में डायरेक्टर से लेकर सभी कलाकारों का चुनाव इस वजह से किया गया है ताकि एक ऐसी कहानी दिखाई जा सके जो सच्ची और प्रेरणादायक लगे। मेधा राणा और वरुण धवन साथ मिलकर फिल्म में एक नई ताजगी लाएंगे, यह जोड़ी कहानी को खूबसूरत बना देगी। मेधा राणा की उम्र 24 साल बताई जा रही है। उनका जन्म 25 दिसंबर 1999 को गुरुग्राम में हुआ है। हालांकि, उनकी पढ़ाई-लिखाई चंडीगढ़ और बेंलगुरु में हुई है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्टेज शो में अचानक उतर गई स्कर्ट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज ने 25 जुलाई को पोलैंड के वारसॉ में अपना कॉन्सर्ट कर रही थीं। इसी दौरान ये हादसा हुआ। जेनिफर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जेनिफर स्टेज पर अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस दे रही थीं। इस दौरान सिंगर ने एक गोल्डन कलर की शॉर्ट स्कर्ट पहली थी, जो अचानक ही स्टेज पर सबके सामने ढीली होकर नीचे गिर गई। इससे वो काफी घबरा जाती हैं, लेकिन जेनिफर ने वार्डरोब मालफंक्शन को बहुत ही अच्छे से हैंडल किया।





# देवदास देख लिया अभिनेत्री बनने का फैसला

**नई दिल्ली।** एली अवराम उन चुनिंदा एक्ट्रेसेज में से हैं जो बाहर से भारत आईं और यहां अपने दम पर पहचान बनाई। उनकी खूबसूरती, डांस और मासूमियत ने लोगों को खूब पसंद आया। फिल्म किस किसको प्यार करूं और रियलिटी शो बिग बॉस से उन्होंने बॉलीवुड में अच्छी पहचान बनाई। एली का जन्म 29 जुलाई 1990 को स्वीडन के स्टॉकहोम में हुआ था। वो स्वीडिश-ग्रीक मूल की हैं। बचपन से ही उन्हें डांस और एक्टिंग का शौक था। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि जब वो सिर्फ 14 साल की थीं, तब उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म देवदास देखी थी। उसी दिन उन्होंने सोच लिया था कि उन्हें बॉलीवुड में काम करना है। एली अवराम टूरिस्ट वीजा लेकर बॉलीवुड में यानी मुंबई में आई थीं। यहां उन्होंने हिंदी बोलना सीखा, ऑडिशन दिए और धीरे-धीरे इंडस्ट्री में जगह बना ली।




# वॉर-2 की रिलीज से पहले हो गई बंपर कमाई

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की मोस्ट अवेटेड फिल्म वॉर 2 को लेकर बॉलीवुड में काफी क्रेज है। कहा जा रहा है कि 400 करोड़ में बनने वाली ये फिल्म 15 अगस्त के मौके पर रिलीज होने जा रही है। एक तरफ जहां वॉर 2 ने रिलीज से पहले ही लोगों में इसे देखने का क्रेज बढ़ता जा रहा है वहीं, फिल्म ने रिलीज होने से पहले ही मेकर्स की लॉटरी निकाल दी है। दरअसल, वॉर 2 के तेलुगु वर्जन को मेकर्स ने 90 करोड़ रुपए में बेचने में कामयाबी हासिल की है। कहा जा रहा है कि टॉलीवुड के मशहूर फिल्म मेकर नागा वामसी ने वॉर 2 के तेलुगु वर्जन के राइट्स 90 करोड़ में खरीद लिए हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा फायदा जूनियर एनटीआर को होता दिख रहा है, क्योंकि अगर फिल्म हिट होती है तो जूनियर एनटीआर नागा वामसी के साथ हैट्रिक लगाते दिखेंगे।

# सैयारा के टाइटल ट्रैक ने जस्टिन बीबर को पछाड़ा

**मुंबई।** आईएमडीबी की टॉप 10 सिलेब्रिटीज में मोहित सूरी के साथ-साथ 'सैयारा' के कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा ने भी टॉप पर जगह बना ली है। हॉलीवुड गानों की और यहां भी सैयारा ने ही बाजी मार ली है। अहान और अनीत की ये फिल्म दुनिया भर में तहलका मचाए हैं। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि सैयारा ने जस्टिन बीबर, बिली इलिश, ब्लैकपिंक और ब्रूनो मार्स जैसे सितारों को भी पछाड़ दिया है। सैयारा की सफलता का सिलसिला अभी थमता नहीं दिख रहा। फहीम अब्दुल्ला द्वारा गाए और हिटमेकर तनिष्क बागची के लिखे इस फिल्म के टाइटल ट्रैक ने न केवल भारतीय रेडियो पर धूम मचाई है, बल्कि दुनिया भर के ऑडियंस का दिल भी जीत लिया है। सैयारा का टाइटल ट्रैक ऑफिशियली स्पॉटिफाई के ग्लोबल वायरल 50 चार्ट में टॉप पर पहुंचने वाला पहला भारतीय सॉन्ग बन गया है।

# पौराणिक एक्शन फिल्म महावतार नरसिम्हा ने मचाई धूम ...

नई दिल्ली। बॉक्स ऑफिस पर सैयारा के तूफानी प्रदर्शन के बीच 25 जुलाई को सिनेमाघरों में एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई, जिसने दर्शकों के दिलों में सीधे जगह बना ली और उस फिल्म का नाम है 'महावतार नरसिंह'। यह फिल्म पिछले तीन दिनों से लगातार हाउसफुल चल रही है। सैयारा को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। महज 35-40 करोड़ में बनकर तैयार हुई इस फिल्म ने अब तक वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कुल 372.71 करोड़ की कमाई कर तहलका मचा दिया है। वहीं, सैयारा के बाद 25 जुलाई को रिलीज हुई एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिंह' ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की। पहले दिन से लेकर अब तक यह फिल्म सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। इस फिल्म को देखने



लोग अपने पूरे परिवार के साथ सिनेमाघर पहुंच रहे हैं। पहले दिन जहां इस फिल्म की कुल कमाई 1.35 करोड़ हुई थी, वहीं दूसरे दिन 3.25 करोड़ और फिर दिन यानी रविवार को इसकी कमाई लगभग 6.50 करोड़ रही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हिंदी में 'महावतार नरसिम्हा' का तीन दिनों का कुल कलेक्शन अब 11.35 करोड़ रुपए हो गया है। 'महावतार नरसिम्हा' एक महाकाव्य पौराणिक एक्शन फिल्म है, जिसका निर्देशन अश्विन कुमार ने अपने निर्देशन में किया है। यह फिल्म जयपूर्ण दास द्वारा लिखित और क्लेम प्रोडक्शंस व होम्बले फ़िल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म राक्षस हिरण्यकश्यप पर केंद्रित है, जो भगवान विष्णु से बदला लेना चाहता है और स्वयं को भगवान घोषित करता है। उसका पुत्र, प्रह्लाद, विष्णु का भक्त है। राक्षस को हराने और संतुलन बहाल करने के लिए विष्णु नरसिंह के रूप में प्रकट होते हैं।

## कपिल शर्मा के शो पर परिणीति के साथ बिना जूतों के पहुंचे राघव

**नई दिल्ली।** परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा इस बार कपिल शर्मा के मेहमान बने हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के अपकमिंग एपिसोड के प्रोमो वायरल हैं। इसमें राघव और कपिल की टीम के बीच मजेदार बातचीत दिख रही है। शो में राघव नंगे पैर पहुंचते हैं इस पर कपिल उनके मजे लेने की कोशिश करते हैं। इस पर राघव ने बताया कि वह शो पर आ रहे थे।




# आशीर्वाद ने मेरे हृदय को शांति से भर दिया : सनी देओल



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच सनी ने सोमवार सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इस खास तस्वीर के साथ सनी ने एक भावुक नोट भी लिखा है। सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और दलाई लामा की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस शानदार तस्वीर के साथ सनी ने कैप्शन में बेहद ही भावुक नोट लिखा, 'बहुत सम्मान और कृतज्ञता का पल। लद्दाख की शांत वादियों में परम पावन दलाई लामा से मुलाकात हुई। उनकी मौजूदगी, ज्ञान और आशीर्वाद ने मेरे मन को शांति दी। यह पल सचमुच अविस्मरणीय है।' सनी की इस खास पोस्ट के बाद फैंस ने भी जमकर कमेंट कर अपना प्यार बरसाया है। एक फैन ने लिखा, मेरा असली हीरो, एक फैन ने लिखा, सनी पाजी जय श्री राम, एक फैन ने लिखा, वाह...शानदार...आपसे बहुत प्यार करता हूं, एक फैन ने लिखा, ये वो हाथ हैं, जिन्होंने पाकिस्तान का हैंडपंप उठाया था, इन हाथों को सलाम पालजी, लव यू, एक फैन ने लिखा, गुरु से बड़ा ना कोई होए, एक फैन ने सनी की फिल्म गदर का डायलॉग लिखा, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगासनी देओल आखिरी बार फिल्म 'जाट' में नजर आए थे। अब सनी जल्द ही 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में सनी देओल के अलावा दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, और वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। यह भारतीय सशस्त्र बलों की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है।

## *1000 एपिसोड पार करने वाला पहला शो था 'एक महल हो सपनों का'*

*नई दिल्ली। एक वक्त ऐसा था, जब लोग टीवी से चिपके रहते थे। उस पर आने वाले सभी धारावाहिकों को चाव से देखते थे। वह उन सीरियल में इतना घुल जाते थे कि उस कहानी को सच मान बैठते थे। उसके साथ ही हंसते थे और उसके साथ ही रो पड़ते थे। एक धारावाहिक कई सालों तक चलते थे, जिनसे ऊब भी नहीं होती थी। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे डेली सोप ने टीवी की दुनिया में लंबे समय अपनी धाक जमाए रखी। लेकिन इसके पहले भी एक शो आया था, जिसने इसे टक्कर दी थी। और 1000 एपिसोड पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया था। उसने इतिहास रचा था।*

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!

रहें चुस्त और एक्टिव हमेशा



बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
मेरी सखी
(पूर्व की सुन्दरी सखी)




AU.4121/09/25/282

बैद्यनाथ मेरी सखी बहुमूल्य जड़ी – बूटियों से युक्त, महिलाओ के लिए एक संतुलित व पोषक तत्वों से भरा टॉनिक है जो उन्हें पूरे माह एक्टिव, फिट और स्वस्थ रखनें में सहायक है।

पूरे माह सक्रिय रखने में सहायक।

**श्रीमती ईशा शर्मा, राजनांदगांव**
**प्र.** बरसात के दिनों में सर्दी, खाँसी की तकलीफ बनी रहती है। कृपया आयुर्वेदिक उपचार बतायें।
**उ. बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस (नारदीय)** 1–1 टॅब पीसकर शहद + अदरक रस के साथ लेवें। **बैद्यनाथ कासविन** 2–2 चम्मच सुबह शाम लेवें। रात को सोने के पूर्व **बैद्यनाथ सितोपलादी चूर्ण** आधा चम्मच शहद के साथ लेवें।

**श्री संजय नाईक धमतरी**
**प्र.** मुझे शारीरिक कमजोरी लगती है। चैक किया गया तो डॉ. ने कैल्शियम की कमी बतलाई। कृपया उपाय बतायें।
**उ.** उम्र के 50 वर्ष बाद कैल्शियम की कमी होना सामान्य है। **सिद्धायु कैल्सिएक्टीव टॅबलेट** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम पानी के साथ लगातार 3 माह तक सेवन करें।

**श्रीमती मंजूषा शाहू, रायपुर**
**प्र.** मेरी 4 माह पूर्व डिलिवरी हुई है। शरीर में कमजोरी बहुत है। दूध भी कम आता है व थोडी सफेद पानी की शिकायत भी है। कृपया आयुर्वेदिक दवां बताये।
**उ.** महोदया, आप **बैद्यनाथ सुपारी पाक** 1–1 चम्मच सुबह–सायं सेवन करें। साथ ही **बैद्यनाथ शतावरी ग्रेन्युल्स्** 1–1 चम्मच सुबह शाम दूध के साथ सेवन करें। 3 माह तक इसका नियमित सेवन करें।

**श्रीमती निशिगंधा वर्मा, दूर्ग**
**प्र.** मेरी बेटी की उम्र 24 साल है, सफेद पानी कि शिकायत है, मासिक धर्म नियमित रूप से नही आता।
**उ. बैद्यनाथ मेरी सखी** 2–2 चम्मच समभाग जल में सुबह–शाम भोजन के बाद देवें। **बैद्यनाथ प्रदरान्तक रस** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम भोजन के बाद देवें।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.)
प्रधान वैद्य

बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतू सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 844 844 4935 I www.baidyanath.co

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930